राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 13 अंक - 85
लखनऊ, मंगलवार 25 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



एक सप्ताह के भीतर हो जाए सभी गोशालाओं का निरीक्षण : धर्मपाल 03
डीएम ने उज्जवला कमेटी व एलपीजी वितरकों की ली बैठक 10


# राममंदिर में ध्वजारोहण आज, कोना-कोना राममय

**घर-घर लगे भगवा ध्वज आकर्षक लाइट से जगमगाने लगा रामलला का भव्य महल**

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। विवाह पंचमी के पावन अवसर पर 25 नवंबर को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर भव्य ध्वजारोहण समारोह आयोजित होगा। इसके लिए मंदिर परिसर को फूलों सजाया गया है। अयोध्या के अधिकांश घरों की छत पर भगवा लहरा रहा है। रोड शो के चलते पूरे मार्ग का सजाया गया है।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे, जो वैदिक मंत्रों की ध्वनि के बीच केसरिया रंग का विशेष ध्वज फहराया जाएगा धर्म ध्वजारोहण न केवल मंदिर निर्माण के पूर्ण होने का प्रतीक होगा, बल्कि सदियों पुरानी आस्था और समर्पण की विजय का भी संदेश देगा। पूरे शहर में उत्साह का संचार है, हर कोना राममय हो चुका है। सड़कों पर फूलों की वर्षा, मंदिर परिसर में 100 टन से अधिक फूलों की सजावट और जय श्री राम के जयकारे गूंज रहे हैं। घर घर भगवा ध्वज फहर रहा है। योगी मोदी की जय जयकार हो रही है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार यह आयोजन जमीन से मंदिर के मुख्य शिखर पर 191 फीट ऊंचाई 22 फीट लंबाई, चौड़ाई 11 फीट त्रिकोणीय केसरिया ध्वज फहराने के साथ संपन्न होगा। ध्वज पर सूर्यवंश के प्रतीक के रूप में सूर्य चिन्ह और ओंकार अंकित है, जो त्याग, तप और सनातन परंपरा का प्रतीक है। अहमदाबाद में तैयार यह ध्वज ऑटोमैटिक सिस्टम से फहराया जाएगा, जिससे पुजारियों को शिखर पर चढ़ने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। प्रधानमंत्री मोदी का अयोध्या दौरा सामाजिक समावेशन और आध्यात्मिकता से ओतप्रोत होगा।



### मुख्यमंत्री ने परखी तैयारियां

इस समारोह से एक दिन पहले अयोध्या पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। योगी ने कहा कि 25 नवंबर को अयोध्या धाम का नाम फिर से इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। भगवान राम के जीवन मूल्यों से प्रेरित यह ध्वजारोहण नई युग की शुरुआत करेगा। यह समारोह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक है।

### 21 नवंबर से चल रहा है अनुष्ठान

ध्वजारोहण का मुहूर्त 11.58 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित है, जो भगवान राम के जन्म नक्षत्र अभिजीत मुहूर्त से मेल खाता है। इससे पूर्व 21 से 25 नवंबर तक पांच दिवसीय वैदिक अनुष्ठान चल रहे हैं, जिसमें अयोध्या और काशी के प्रमुख संत-महात्मा विष्णु सहस्रनाम, अथर्वशीर्ष मंत्रों और यज्ञ कुंड पूजन कर रहे हैं।

### पीएम मोदी क्रॉसिंग 11 से परिसर में करेंगे प्रवेश

प्रधानमंत्री मोदी क्रॉसिंग 11 आद्यगुरु शंकराचार्य द्वार से प्रवेश करेंगे दर्शन के बाद मंदिर परिसर में सप्त मंडप एवं रामायण की 3डी म्यूरल्स का अवलोकन करेंगे, एलएनटी के अधिकारियों व कर्मचारी से बात भी करेंगे।

### अतिथियों को करेंगे संबोधित

मंदिर परिसर में पहुंचने पर मोदी राम दरबार गर्भगृह में रामलला के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद माता अन्नपूर्णा मंदिर में प्रार्थना के बाद वे मुख्य समारोह में भाग लेंगे। पांच मिनट के संक्षिप्त ध्वजारोहण अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वे बटन दबाकर ध्वज फहराएंगे। संबोधित भी करेंगे। समारोह के साक्षी बनने के लिए 6 से 7 हजार अतिथि पहुंचेंगे, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजपाल आनंदीबेन पटेल , धर्मगुरु, व्यापार जगत के प्रमुख नाम, दलित, वंचित, ट्रांसजेंडर और अघोरी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसके बाद वे सप्तऋषि मंदिर में दर्शन कर सकेंगे।

सुबह लगभग दस बजे महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद वे हेलीकॉप्टर से भारी सुरक्षा के बीच साकेत महाविद्यालय पहुंचेंगे।

यहां वैदिक परंपरा के अनुरूप 501 ब्राह्मण बटुकों द्वारा स्वस्ति वाचन, संतों के शंखनाद और घंटा-घड़ियाल की पवित्र ध्वनि के बीच उनका शाही स्वागत होगा। साकेत से राम मंदिर परिसर तक रामपथ पर रोड शो होगा, जिसमें स्कूली बच्चे, महिलाएं और स्थानीय निवासी जगह-जगह पुष्प वर्षा करेंगे। रास्ते में सात स्थानों पर सांस्कृतिक मंच स्थापित हैं, जहां रामायण पर आधारित नृत्य, संगीत और लोक कलाओं की प्रस्तुतियां होंगी। सांस्कृतिक उत्सव में भारतीय परंपराओं, अध्यात्म और पारंपरिक वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन होगा।

## न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में ली शपथ



**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति बीआर गवई का स्थान लिया, जिनका कार्यकाल 23 नवंबर को समाप्त हुआ। न्यायमूर्ति सूर्यकांत 9 फरवरी, 2027 तक लगभग 14 माह से अधिक समय तक मुख्य न्यायाधीश रहेंगे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## लखनऊ में कई इमारतों व स्कूल भवनों को बम से उड़ाने की धमकी

**पुलिस कमिश्नरेट ने सभी इमारतों व प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाई**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को कई प्रतिष्ठित इमारतों और स्कूल भवनों को उड़ाने की धमकीभरा एक पत्र मिली है। इसके बाद पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने सभी इमारतों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

अपर पुलिस उपायुक्त मध्य (एडीसीपी) जितेंद्र दुबे ने बताया कि शहर के कई प्रतिष्ठान और इमारतों को 24 घंटे के भीतर बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र लूलू माल में मिला है। हालांकि इसमें किसी भी संगठन और व्यक्ति का नाम नहीं लिखा है। फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से सभी इमारत और प्रतिष्ठान समेत रेलवे स्टेशन, बस अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। साथ ही धमकी देने वालों की तलाश में सर्विलांस साइबर सेल को लगाया गया है। पुलिस ने जनता से भी यह अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें, यदि कहीं कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। धमकी मिलने के बाद एडीसीपी सेंट्रल जितेंद्र दुबे एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल और इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने पुलिस फोर्स और डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता के साथ चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने विधानसभा सहित कई जगहों पर डॉग स्क्वॉड, बीडीएस के साथ चेकिंग की, लेकिन कही भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

## पहलगाम में धर्म पूछकर मारा गया, घटना आज भी करती है विचलित : राजनाथ सिंह

**कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार में शामिल हुए रक्षा मंत्री**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कुरुक्षेत्र दौरे के दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार में कहा कि पहलगाम की घटना आज भी विचलित करती है, जब पहलगाम में पर्यटन के लिए गए हमारे निर्दोष यात्रियों को धर्म पूछ कर मारा गया।

उन्होंने कहा कि आतंकियों ने केवल भारत की शांतिप्रियता को ही चुनौती नहीं दी थी, बल्कि वो ये मान बैठे थे कि



भारत की शालीनता उसकी कमजोरी है। इसके बाद हमने ऑपरेशन सिंदूर से इसका माकूल जवाब दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकी भूल गए भारत गीता का देश है, जहां करूणा भी है और युद्ध में धर्म की रक्षा की प्रेरणा भी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि शांति के ताप को जीवित रखना है तो उसके भीतर शक्ति का ताप अनिवार्य है। निर्दोषों की रक्षा करनी है तो बलिदान देने का साहस भी उतना ही आवश्यक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी पांडवों को यही समझाया था कि युद्ध बदले की भावना या महत्वाकांक्षा नहीं बल्कि धर्म की स्थापना के लिए लड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने भगवान श्रीकृष्ण के संदेश का ही पालन किया। भारत ने जबाव दिया कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध लड़ेगा और किसी भी सूरत में भारत कमजोर नहीं पड़ेगा। श्री कृष्ण अर्जुन को कुरुक्षेत्र में समझाया था धर्म की रक्षा केवल प्रवचन से नहीं होती उसकी रक्षा कर्म से होती है और ऑपरेशन सिंदूर वही धर्म युक्त कर्म था जिसको कि हम लोगों ने अपना और साथियों आज हम सब याद रखना चाहिए।


# दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र का 89 साल की उम्र में निधन

**विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान भूमि में बड़े बेटे सनी देओल ने दी मुखाग्नि, धर्मेन्द्र को अंतिम विदाई देने पहुंचे बॉलीवुड के कई अभिनेता व अभिनेत्री**

एजेंसी

वरिष्ठ अभिनेता और पूर्व सांसद धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी क्षति है। भारतीय सिनेमा की दुनिया में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।
द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति





धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के एक युग के अंत का प्रतीक है। दु:ख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**मुंबई।** भारतीय सिने जगत के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र का सोमवार सुबह यहां निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। धर्मेन्द्र ने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका आज अपराह्न विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

उनके बड़े बेटे और अभिनेता सनी देओल ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनकी पत्नी और जानी मानी अभिनेत्री हेमा मालिनी, पुत्री इशा देओल और परिवार के अन्य सदस्य अंतिम विदाई देने के लिए श्मशान स्थल पर पहुंचे थे। धर्मेन्द्र को अंतिम विदाई देने उनके दोस्त महानायक अमिताभ बच्चन तथा फिल्म जगत की कई हस्तियां पहुंची। इनमें शबाना आजमी, गोविंदा, आमिर खान, अभिषेक बच्चन, सलमान खान, अक्षय कुमार, संजय दत्त, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण तथा जायद खान शामिल थे। मशहूर स्क्रिट राइटर सलीम खान भी उनके अंतिम संस्कार में पहुंचे। धर्मेन्द्र को सांस लेने में दिक्कत के कारण 10 नवंबर को ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था और 12 नवंबर को परिवार के कहने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी थी। घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। धर्मेन्द्र का जन्म पंजाब के फगवाड़ा में 08 दिसंबर 1935 को हुआ था।



### धर्मेंद्र की 10 ब्लॉकबस्टर फिल्में

**हकीकत** (1964) : हकीकत भारत-चीन युद्ध के दौरान एक भारतीय सैनिक की कहानी पर बनी फिल्म है, जिसमें धर्मेंद्र पहली बार पर्दे पर फौजी के रोल में नजर आए थे।
**फूल और पत्थर** (1966) : फिल्म फूल और पत्थर धर्मेंद्र की पहली हिट फिल्म है, जिसमें उन्हें पहली बार पर्दे पर एक्शन हीरो के रूप में देखा गया था।
**सत्यकाम** (1969) : धर्मेंद्र, शर्मिला टैगोर और संजीव कुमार स्टारर फिल्म सत्यकाम एक फैमिली ड्रामा फिल्म है।
**मेरा गांव मेरा देश** (1971) : धर्मेंद्र, विनोद खन्ना और आशा पारेख स्टारर फिल्म मेरा गांव मेरा देश एक ब्लॉकबस्टर फिल्म है।
**सीता और गीता** (1972) : शोले के डायरेक्टर रमेश सिप्पी की फैमिली कॉमेडी ड्रामा फिल्म सीता और गीता में हेमा मालिनी का डबल रोल है
**चुपके चुपके** (1975) : धर्मेंद्र एक्शन और रोमांस करने के साथ-साथ कॉमेडी में भी माहिर है। रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म चुपके-चुपके एक सुपरहिट फिल्म है।
**शोले** (1975) : धर्मेंद्र ने शोले से पहले और इसके बाद कई सुपरहिट फिल्में दीं, लेकिन शोले का अपना अलग फैन बेस है।
**प्रतिज्ञा** (1975) : धर्मेंद्र की लाइफ का सबसे पॉपुलर गाना मैं जट यमला पगला दीवाना फिल्म प्रतिज्ञा में ही है।
**चरस** (1976) : एक्शन, रोमांस और कॉमेडी के अलावा धर्मेंद्र ने कई स्पाई थ्रिलर फिल्में भी की हैं, जिसमें एक जासूसी थ्रिलर फिल्म चरस भी शामिल है।
**धरम वीर** (1977) : मनमोहन देसाई की फिल्म धरम वीर में धर्मेंद्र के साथ एक्टर जितेंद्र भी अहम रोल में थे। एक्शन-ड्रामा धरम वीर एक ब्लॉकबस्टर फिल्म है।
**अपने** (2007) : आखिर में धर्मेंद्र, सनी और बॉबी देओल स्टारर स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म अपने जरूर देखें। देओल फैमिली की यह फिल्म स्पोर्ट्स के साथ-साथ फैमिली बॉन्डिंग पर भी बात करती है।



# व्यापारी के घर सरहज ने की थी 50 लाख की चोरी

## दवा व्यापारी के घर चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, महिला गिरफ्तार, अलमारी से जेवर लेकर हुई थी फरार

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** दवा व्यापारी के घर पर उसकी सरहज ने ही 50 लाख की चोरी कर ली। अलमारी में जेवर देखकर उसके मन में लालच आ गया था। उसे जेवर पहनने का बहुत शौक था। उसने अपनी ननद के चाय में नशीली दवा मिलाकर बेहोश कर दिया और अलमारी से जेवर निकाल लिए। तबीयत खराब होने पर व्यापारी अपनी पत्नी को लेकर दवा दिलाने चले गए। इसी दौरान सरहज गहने लेकर फरार हो गई। लौटने पर चोरी का दवा व्यापारी को पता चला। पुलिस में सरहज के खिलाफ केस दर्ज कराया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। बताया- उसे गहने पहनने का बहुत शौक था। अलमारी में जेवर देखकर उसकी नियत खराब हो गई थी। पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर लिया है। मामला दरगाह थाना क्षेत्र का है। दवा व्यापारी मनोज बंसल (50) परिवार के साथ नगर की ग्रीन सिटी में रहते हैं। मनोज के अनुसार, 18 नवंबर को उनकी सरहज शिवानी (45), ससुर रविन्द्र खेतान और साले का 3 साल का बेटा घर आए थे। 20 नवंबर को मैं अपने बेटे सार्थक (20) के साथ दुकान पर गया था। घर में सरहज शिवानी, पत्नी सोनी, ससुर और साले का बेटा मौजूद था।शिवानी ने ननद सोनी को चाय में नशीली दिवा मिलाकर पिला दी। कुछ देर बाद सोनी बेहोश हो गई। इसके बाद शिवानी ने अलमारी खोलकर 50 लाख के जेवर निकालकर अपने पास रख लिए। इस बात का पता किसी को नहीं चल पाया, क्योंकि मनोज के ससुर रविंद्र अपने नाती के साथ दूसरे कमरे में मौजूद थे।कुछ देर बाद सोनी को भी होश आया, लेकिन वह समझ नहीं पाईं कि उन्हें क्या हुआ है। 20 नवंबर शाम को दुकान से व्यापारी मनोज, बेटे के साथ लौटे तो सोनी ने अपने तबीयत खराब होने की बात बताई। अगले दिन 21 नवंबर को मनोज अपनी पत्नी शिवानी को दवा दिलाने लखनऊ चले गए। वहीं शिवानी भी, अपने ससुर के साथ अंबेडकरनगर घर लौट गई थी।



### शिवानी को जेवरों का बहुत शौक था

आरोपी शिवानी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसके पास से चोरी का सारा सामान भी बरामद कर लिया। एएसपी नगर अशोक सिंह ने बताया- शिवानी ने गहनों को देखा तो उसकी नीयत खराब हो गई थी। उसके गहने का बहुत शौक था। इसी कारण उसने जेवर चोरी किए। आरोपी शिवानी को गिरफ्तार कर जेवर बरामद कर लिए गए हैं।



### अलमारी खोली तो जेवर गायब मिले

21 नवंबर शाम को मनोज अपनी पत्नी के साथ लखनऊ से बहराइच घर लौटे। इस बीच पत्नी ने किसी काम से अलमारी खोली तो उन्हें जेवर गायब मिले। व्यापारी को शिवानी पर शक हुआ। इसी दौरान पत्नी ने भी बताया कि शिवानी की चाय पीने के बाद ही वह बेहोश हुई थी। 22 नवंबर को व्यापारी मनोज ने दरगाह थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की।

# सीएचसी पयागपुर में डिजिटल क्रांति के अग्रदूत बने अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी





समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** सीएचसी पयागपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए ऑनलाइन ओपीडी पर्चा काउंटर और एबीडीएम पोर्टल के तहत ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली की शुरुआत कराई है। यह कदम क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव लाने वाला माना जा रहा है।

डॉ. तिवारी के निर्देशन में अस्पताल में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत मरीजों के रिकॉर्ड को पूरी तरह सुरक्षित डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा रहा है। उनके प्रयासों से अब मरीजों को बार-बार पर्चा बनवाने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी और जरूरत पड़ने पर पुराना पर्चा तुरंत ऑनलाइन निकाला जा सकेगा।डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था से अस्पताल में भीड़ कम होगी, प्रक्रिया तेज होगी और मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने स्वयं पूरे सिस्टम की मॉनिटरिंग कर इसे सफलतापूर्वक लागू कराया। स्थानीय लोगों और मरीजों ने भी डॉ. तिवारी के इस प्रयास की सराहना की है। उनका कहना है कि डिजिटल व्यवस्था शुरू होने से स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, सरलता और समय की बचत सभी को लाभ पहुंचाएगी।

## खबरें एक नजर में

### निकाली जाएगी साइ चाडू राम साहब की अस्थि कलश यात्रा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मालवीय नगर स्थित सखी बाबा आसुदाराम आश्रम में सिंधी समाज द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निम्न कार्यक्रम सर्व सहमति से करने का निर्णय लिया गया। सिंधी समाज के प्रवक्ता किशन राजपाल ने बताया कि विगत 15 अक्टूबर को सिंधी समाज के धर्म गुरु साईं चाडू साहब जी का नश्वर शरीर शांत हो गया था। उसके उपरांत पूरे भारतवर्ष में जहां-जहां उनके आश्रम बने हुए हैं। उन्हीं शहरों में साईं जी की अस्थि कलश यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में गोंडा में भी यह यात्रा 26 नवंबर दिन बुधवार को शाम 5-00 बजे निकाली जाएगी। यह यात्रा बहराइच रोड स्थित आनंदपुर आश्रम से गुरु नानक चौक होते हुए गुड्डू मल चौराहा से झूलेलाल सिंधी धर्मशाला तक निकाली जाएगी। यात्रा के समापन के उपरांत सखी बाबा आसुदा राम आश्रम में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सखी बाबा मंडली द्वारा किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में सबसे पहले साईं जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। भजन कीर्तन के बाद धुनि साहब लगाई जाएगी। इसके पश्चात आरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से सिंधी समाज के मुखिया राजकुमार ठक्कूर, आसुदा राम सेवा समिति के अध्यक्ष मथुरादास लधानी, जगदीश रायतानी, सुशील रायतनी, दिनेश ठक्कूर, प्रेम प्रेम कुमार लधवानी, गोपीचंद रायतानी, कैलाश लधवानी, गिरधर गोपाल रायतानी, जगदीश चंद्र लधवानी, सुशील रायतानी, पूरन खत्री, सनी लालवानी, पंकज लधवानी, नीरज तलरेजा, हरीश आहूजा आदि उपस्थित रहे।

### खेत में गेहूं की बुवाई करते समय युवक को पीटा

**झंझरी/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के शुकुलन पुरवा सरैया चौबे ग्राम के निवासी 18 वर्षीय युवक हरि ओम पुत्र सिया राम अपने खेत में गेहूं की बुवाई सोमवार के दिन कर रहा था। दो युवक पहुंचे और सरिया लाठी से हमला कर के घायल कर दिया गया।इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। घायल युवक के पिता सिया राम ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व गांव में ही क्रिकेट मैच अमित पुत्र बैंज नाथ के साथ खेल रहे थे।उसी में दोनों के बीच विवाद हो गया था। विवाद में अमित कुमार को मारा पीटा गया था। जिस की रंजिश को लेकर सोमवार को अमित अपने दो साथियों को लेकर खेत में गेहूं की बुवाई कर रहे हरि ओम पर हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मार पीट की तहरीर मिली है।मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

मधुमक्खियों के हमले से बाइक सवार पिकअप से टकराए

### तीन घायल, एक की हालत गंभीर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** दरगाह थाना क्षेत्र में मधुमक्खियों के हमले के बाद एक बाइक बेकाबू होकर पिकअप से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना बरई बिलासा गांव के पास हुई। रिसिया थाना क्षेत्र के लालपुर भीराम गांव निवासी रमेश (25), जगजीवन (32) और ननकऊ (31) मजदूरी करने शहर आ रहे थे। रास्ते में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों से बचने के प्रयास में बाइक बेकाबू हो गई और सामने से आ रही पिकअप से जा टकराई। आसपास के लोगों ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। बाद में उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, रमेश की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि जगजीवन और ननकऊ को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

### बीएलओ व सुपरवाइजर के कार्यों की निगरानी करेंगे जि. स्तरीय अधिकारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार 04 दिसम्बर 2025 बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किये जाने तथा भरे हुए प्रपत्रों को प्राप्त कर समय से डिजिटाइजेशन का कार्य सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अधिकारियों को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत बूथ लेबिल अधिकारी के स्तर पर की जा रही कार्यवाही की सत्त निगरानी हेतु एक जिला स्तरीय अधिकारी को 20-20 बूथ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एस.आई.आर. की निगरानी हेतु नामित किये गये अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक सुपरवाईजर के अधीन लगभग 10 बी.एल.ओ. कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक जिला स्तरीय अधिकारियों को 02 सुपरवाईजर्स जिसके अधीन लगभग 20 बीएलओ आते हैं की निगरानी का टास्क सौंपा जा रहा है। डीएम ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी अर्ह युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो।

# सी.एण्ड.डी.एस. के निर्माण कार्य की कच्छप गति पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी



समृद्धि न्यूज

**मुख्यमंत्री पोर्टल सी.एम.आई.एस. की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित मुख्यमंत्री पोर्टल (सी.एम.आई.एस.) की समीक्षा के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासीराम ने बताया कि जनपद में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं जल निगम ग्रामीण द्वारा 817 तथा शेष अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा 269 इस प्रकार कुल 1086 कार्य कराये जा रहे।

उन्होंने बताया कि शेष कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे 269 कार्यों में से अब तक 197 कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं तथा 72 कार्य निर्माणाधीन हैं। डीईएसटीओ ने बताया कि 14 कार्य की प्रगति समयसीमा से पीछे है जिसमें सर्वाधिक 08 कार्यों की कार्यदायी संस्था सी.एण्ड डी.एस. है। कार्यदायी संस्था सी.एण्ड डी.एस. के निर्माण कार्य की कच्छप गति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दो टूक शब्दों में निर्देश दिया कि समस्त कार्य समय सीमा के अन्दर लाने के लिए त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जाय। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जायेगी। डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि कराये जा रहे कार्य शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता व मानक के अनुसार समय से पूर्ण कराये जायें। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी प्रोजेक्ट में धनाभाव, भूमि, बिजली कनेक्शन, वृक्ष पातन इत्यादि समस्याओं के कारण कार्य की प्रगति प्रभावित हो रही है तो ऐसे प्रकरणों को तत्काल उनके संज्ञान में लाया जाय जिससे कि समस्या का समाधान कराया जा सके। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को यह भी निर्देश दिया कि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं में हस्तांतरण की कार्यवाही भी समय से पूर्ण कर उन्हें जनोपयोग में लाया जाय। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, सीएमएस डॉ एम.एम. पाण्डेय, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, अर्थ एवं संख्याधिकारी घासीराम, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, बीएसए आशीष कुमार व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर घर-घर जनसंपर्क अभियान शुरु



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान संघ के शताब्दी वर्ष समारोह का हिस्सा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक संघ के विचार और शताब्दी वर्ष का संदेश पहुंचाना है। स्वयंसेवक घर-घर जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं। अभियान के तहत संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न ग्राम सभाओं में व्यापक जनसंपर्क किया। ग्राम सभा पटना, बरानिजाम, मुंडेरवा सरहदी, पुरैना और कुरसहा में स्वयंसेवकों ने लोगों से संपर्क कर उन्हें संघ के शताब्दी वर्ष से संबंधित पत्रक वितरित किए। इस जनसंपर्क अभियान में संघ और विचार परिवार के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें चेतन पाठक (खंड संघचालक एवं प्रभारी कुरसहा), अरविंद कुमार (खंड संपर्क प्रमुख एवं प्रभारी पटना), राजकुमार शुक्ला (जिला प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी), धनलाल पांडेय, संजीव कुमार और मोहन चंद्र पाण्डेय प्रमुख थे। इन पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से संघ के कार्यों और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर चर्चा की।

### कन्हैयालाल वर्मा इंटर कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 982 मरीजों की जांच

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** नया नगर स्थित कन्हैयालाल वर्मा इंटर कॉलेज में सोमवार को एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें कुल 982 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा, जांच और चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सेवाएँ दीं। आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डा. डी.के. गुप्ता, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा. निधि गुप्ता, जनरल सर्जन डा. अभिषेक शर्मा, जनरल फिजीशियन डा. नीतेश, तथा दंतरोग विशेषज्ञ डा. डी.के. पांडे ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक उपचार दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन आयोजक एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश वर्मा तथा डा. रजत वर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं, जहाँ उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों से निःशुल्क उपचार प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

# नेत्र शिविर का आयोजन 55 मोतियाबिंद मरीज रेफर



समृद्धि न्यूज

**आरएचएन फाउंडेशन व आरएसएस ने 190 लोगों की आंखों की जांच**

**बहराइच।** रुपईडीहा स्थित शिवपुरा पंचायत भवन में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघऔर राधेलाल हरिनारायण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 190 लोगों की आँखों की जाँच की गई, जिनमें से 55 मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। इन मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए सीतापुर नेत्र चिकित्सालय रेफर किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और आरती के साथ हुआ।

आरएचएन फाउंडेशन के सहयोग से सीतापुर नेत्र अस्पताल से आई विशेषज्ञों की टीम ने शिविर संचालक अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में मरीजों की आँखों की जाँच की। मोतियाबिंद के मरीजों को विशेष बस द्वारा सीतापुर नेत्र चिकित्सालय भेजा गया। शिविर में आए रोगियों को फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क दवाएं और चश्मे भी प्रदान किए गए। इसी शिविर के दौरान युवराज सिंह फाउंडेशन की एक स्वास्थ्य टीम ने लगभग 90 महिलाओं का निःशुल्क ब्रेस्ट कैंसर परीक्षण किया। डॉ. ज्योति दत्त, अंजली, प्रिंसी और प्रियंका सहित टीम के सदस्यों ने महिलाओं को प्रारंभिक लक्षणों और रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक किया।स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य कार्यक्रम दूरदराज के क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर इंस्पेक्टर रमेश राव, एसएसबी शिवपुरा पोस्ट के सबइंस्पेक्टर डिंबेश्वर दास, आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख विवेक कुमार शुक्ला, जिला घुमंतू प्रमुख चंद्रप्रकाश, सह खंड कार्यवाह दीपक शर्मा, गुड्डू गुप्ता, अमेरिका प्रसाद, मोहित पाठक सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गणना प्रपत्र कलेक्शन सुनिश्चित करने के आदेश

**बीएलओ-सुपरवाइजर को दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने के निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गणना प्रपत्रों के कलेक्शन और डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में मण्डलीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवीपाटन मण्डल के आयुक्त श्री शशि भूषण लाल सुशील ने की।

प्रशिक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण कार्य में विशेष अभियान चलाकर तेजी लाना अत्यंत आवश्यक है। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि गणना प्रपत्रों का वितरण और कलेक्शन डोर-टू-डोर प्रक्रिया के तहत सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता से सही एवं समय पर गणना प्रपत्र प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि सुपरवाइजर से लेकर बीएलओ (क्क्ह) तक सभी को प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया जाए और उसकी नियामित समीक्षा हो। इससे न केवल प्रगति की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी, बल्कि समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जहां किसी बीएलओ की कार्यक्षमता अपेक्षित स्तर पर नहीं है, वहां सक्षम सहायक कर्मचारी को तैनात किया जाए, ताकि कलेक्शन प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। प्रशिक्षण में यह भी जोर दिया गया कि गणना प्रपत्रों के अभाव में डिजिटाइजेशन का कार्य प्रभावित न होने पाए, इसलिए प्रपत्रों के कलेक्शन को निरंतर गति दी जाए। जिन बूथों पर अब तक डिजिटाइजेशन का प्रतिशत शून्य है या जहां बीएलओ सक्रिय नहीं हैं, उन्हें तत्काल चिन्हित कर समस्याओं का समाधान कराया जाए। इन स्थानों पर प्रशासन विशेष निगरानी रखेगा। आयुक्त ने अंत में कहा कि गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है, इसलिए किसी भी स्तर पर शिथिलता बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा में इस कार्य का लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए। आयुक्त ने अपेक्षा जताई कि सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करके मण्डल को राज्य स्तर पर बेहतर स्थान दिलाएँगे। इस दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा मौजूद रही।

# मूक-बधिर व्यक्तियों के वाहनों को प्राथमिकता दिलाए जाने के लिए यातायात जागरूकता अभियान संचालित



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में यातायात माह (नवंबर) के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी यातायात ाजेश सिंह व टीएसआई जगदम्बा गुप्ता द्वारा अम्बेडकर चैराहा, गोण्डा पर विशेष यातायात जागरूकता अभियान संचालित किया गया, जिसके तहत मूक-बधिर व्यक्तियों के वाहनों को प्राथमिकता से रास्ता देने के संबंध में आमजन, वाहन चालकों एवं राहगीरों को जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान मूक-बधिर व्यक्तियों के वाहनों पर उनकी पहचान व सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष लोगो लगाए गए तथा पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम और पम्पलेट वितरण के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों, वाहन संचालन में सावधानी, विशेष श्रेणी के व्यक्तियों को वरीयता देने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम द्वारा नागरिकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीड एवं गलत दिशा में वाहन चलाने से बचने की सलाह देते हुए सड़क सुरक्षा को सामूहिक दायित्व बताते हुए सहयोग की अपील की गई।

**महत्वपूर्ण संदेश**

01. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन अथवा इयरफोन का प्रयोग न करें।
02. नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाना पूर्णतः वर्जित है।
03. दोपहिया वाहन चालक एवं पीछे बैठी सवारी दोनों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है।
04. चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है।
05. निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियाँ बैठाना व निर्धारित गति सीमा से अधिक वाहन चलाना दण्डनीय अपराध है।
06. दायें-बायें मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग करें।
06. दोपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी न बैठाएं।
07. वाहन निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें।
08. वाहनों के आगे एवं पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाना आवश्यक है।
09. एम्बुलेंस एवं फायर ब्रिगेड वाहनों को जाने हेतु पहले रास्ता प्रदान करें।
10. नशे अथवा मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाएं।
11. सड़क पर वाहन चलाते समय स्टंट न करें।
12. सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्तियों की मदद करें एवं 112 डायल कर सूचना दें।

**आयोजन** — सीमा चिन्ह उखाड़ने और धमकियों से डरी महिला ने मांगी सुरक्षा, प्रशासन से कठोर कार्रवाई की अपील

# विशेष महिला जनसुनवाई में 14 महिलाओं ने रखी समस्याएं

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** देवीपाटन मंडल में महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संचालित मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के तहत सोमवार को मंडल मुख्यालय पर विशेष महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने की। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को प्रशासन के उच्च स्तर तक सीधे अपनी समस्याएं रखने का अवसर देना और उनकी शिकायतों का प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

इस विशेष जनसुनवाई में 14 महिलाएं शामिल हुईं, उन्होंने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक व राजस्व से संबंधित समस्याएं विस्तार से आयुक्त के समक्ष रखीं। आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले का निस्तारण अधिकतम दो सप्ताह के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद महिलाओं को सशक्त बनाने का एक प्रभावी मंच है। यह पहल महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान अपर आयुक्त न्यायिक देवीपाटन, मीनू राणा भी उपस्थित रहीं।



### सीमा चिन्ह उखाड़े, धमकियां दीं, सुरक्षा की मांग

कटरा बाजार क्षेत्र की शांति देवी ने भूमि विवाद में अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की। उनका आरोप है कि 14 जुलाई को राजस्व टीम द्वारा की गई पैमाइश के बाद लगे सीमा चिन्ह पत्थरों को विपक्षियों ने उखाड़कर हटा दिया। विरोध करने पर उन्हें गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि रास्ते में गाड़ाबंदी कर उनकी आवाजाही भी बाधित की गई है। शांति देवी ने अपने और पुत्र की सुरक्षा तथा अभियोग दर्ज कराने की मांग की। आयुक्त ने सभी मामलों पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

### सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जा, दो वर्ष से प्रभावित आवागमन

चांदपुर गांव की निवासी लक्ष्मी तिवारी ने शिकायत की कि उनके घर के आने-जाने वाले सार्वजनिक रास्ते पर पिछले दो वर्षों से विपक्षियों ने कब्जा कर लिया है। ग्राम प्रधान की भी मिलीभगत है। उन्होंने बताया कि पूर्व जिलाधिकारी ने मुख्य राजस्व अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी से जांच कराई थी, जिसमें कब्जा सही पाया गया और रास्ता खाली कराने की संस्तुति भी की गई, लेकिन स्थानीय लेखपाल और ग्राम प्रधान द्वारा गलत रिपोर्ट भेजने के कारण आदेश का पालन नहीं हो सका। लक्ष्मी तिवारी ने फिर से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि सार्वजनिक मार्ग मुक्त कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आवागमन सुचारू हो सके।

### दस वर्षों से चकमार्ग कब्जे में, कार्रवाई न होने पर महिला परेशान

मनकापुर के ग्राम सैदापुर निवासी ऊषा देवी ने मंडलायुक्त से चकमार्ग गाटा संख्या-404 को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की। उनका आरोप है कि विपक्षी ने एकमात्र रास्ते पर कब्जा कर पेड़ लगा दिए हैं, जिससे उनका आवागमन पूरी तरह बाधित है। ऊषा देवी ने कहा कि वह दस वर्षों से तहसील दिवस, थाना दिवस, जनसुनवाई और 1076 पर कई बार शिकायत कर चुकी हैं, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने हल्का लेखपाल सुनील प्रजापति और कानूनगो पर पक्षपात और अभद्रता का आरोप भी लगाया। पीड़िता ने रास्ता तत्काल खाली कराए जाने की मांग की।

### महिला अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, नवजात की हालत बिगड़ी

जनसुनवाई में कई गंभीर मामलों को भी महिलाओं ने रखा। पूरे मछरहिया निवासी कोमल ने महिला अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। एक अक्टूबर को जन्मे बीमार नवजात को भर्ती करने के बाद दवा व सुई देने के नाम पर पैसों की मांग की गई। पैसे न देने पर बच्चे को समय से इलाज नहीं मिला, जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई। प्रार्थी ने दोषी कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई और क्षतिपूर्ति की मांग की।

# तिब्बत संकट में, दुनिया ने नहीं की मदद तो चीन खत्म कर देगा अस्तित्व : पेम्पा त्सेरिंग

## तिब्बती निर्वासित सरकार (केंद्रीय तिब्बती प्रशासन-सीटीए) के राष्ट्रपति पेम्पा त्सेरिंग ने अपने देश के अस्तित्व को बचाने के लिए दुनिया से लगाईं गुहार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** तिब्बती निर्वासित सरकार (केंद्रीय तिब्बती प्रशासन-सीटीए) के राष्ट्रपति पेम्पा त्सेरिंग ने अपने देश के अस्तित्व को बचाने के लिए दुनिया से गुहार लगाई है। पेम्पा तिब्बत और तिब्बत के लोगों के अधिकारों, संस्कृति को चीनी पंजे से बचाने के लिए दुनियाभर में घूम-घूम कर समर्थन जुटा रहे हैं।

इसी सिलसिले में वे इस समय उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रवास पर हैं। यहां उन्होंने विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से भेंट कर तिब्बत और वहां के लोगों की पीड़ा बताई हैं। उनका कहना है कि अगर दुनिया के लोगों ने आवाज नहीं उठाई तो चीन खूबसूरत देश तिब्बत का मूल अस्तित्व खत्म कर देगा।

सोमवार को तिब्बती निर्वासित सरकार के राष्ट्रपति पेम्पा त्सेरिंग लखनऊ पहुंचे। यहां राष्ट्रपति पेम्पा ने हिन्दुस्थान समाचार सेवा से तिब्बत की वर्तमान स्थिति और समस्याओं–चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। इससे पहले वे यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यालय भी गए।

**चीन किस प्रकार तिब्बत के अस्तित्व को खत्म कर रहा**

इस सवाल पर केंद्रीय तिब्बती प्रशासन–सीटीए के राष्ट्रपति पेम्पा त्सेरिंग ने कहा कि कम से कम आठ दशक से चीनी प्रशासन तिब्बत को अपने शिकंजे में लेकर उसका मूल अस्तित्व को खत्म करने के लिए सभी प्रकार के हथकंडे अपना रहा है। सबसे दुखद बात यह है कि चीन प्रशासन ने तिब्बत के लोगों के मानवाधिकार पूरी तरह से खत्म कर दिए हैं। उनकी धार्मिक स्वतंत्रता प्रतिबंधित कर दी है। धार्मिक स्थलों की गतिविधियां खत्म सी कर दी हैं। ऐसे में तिब्बत के लोग स्वतंत्र होकर अपने धार्मिक कार्यक्रम नहीं कर सकते हैं। चीनी ने वहां तिब्बत की भाषा, धर्म, संस्कति और परंपराओं को पूरी तरह से लगभग खत्म कर दिया है।

वार्ता के दौरान अपने प्रवास के उद्देश्य के सवाल पर केंद्रीय तिब्बती प्रशासन-सीटीए के राष्ट्रपति पेम्पा त्सेरिंग ने कहा कि वे केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम देशों में जा रहे हैं।

**चीनी प्रशासन तिब्बत के युवा–छात्रों के प्रति कैसा व्यवहार कर रहा है?**

इस सवाल पर भावुक होते हुए केंद्रीय तिब्बती प्रशासन–सीटीए के राष्ट्रपति त्सेरिंग ने कहा कि तिब्बत की भावी पीढ़ी को पूरी तरह से तिब्बत से अलग किया जा रहा है ताकि वे भविष्य में अपने देश तिब्बत के लिए आवाज न उठा पाएं। तिब्बत के नौनिहालों, छात्रों और युवाओं को चीनी संस्कृति में ढाल रहा है। उनके लिए अलग से स्कूल और हास्टल बनाए जा रहे हैं, जहां उनका तिब्बत की संस्कृति से कोई लेना देना नहीं है। युवाओं को चीनी सरकार के प्रति वफादार बनाया जा रहा है और उनके जीवन में चीनी कल्चर भरा जा रहा है।

उनका सिर्फ एक ही मकसद है चीनी शिकंजे से तिब्बत को स्वतंत्र कराकर उसकी मूल संस्कृति और वहां के लोगों को मानवाधिकारों को बहाल करना है। उन्होंने कहा कि अब दुनिया तिब्बत के दर्द को समझने लगी है। त्सेरिंग ने बताया कि दरअसल चीन ने पूरी दुनिया में अपने हिसाब से प्रोपेगंडा चला रखा है कि तिब्बत उसका है और इसलिए विकास कर रहा है, लेकिन सच यह नहीं है। सच ये है कि तिब्बत हमारा देश है और हमें मिलना चाहिए।

# एक सप्ताह के भीतर हो जाए सभी गोशालाओं का निरीक्षण : धर्मपाल

समृद्धि न्यूज

**योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध**

**लखनऊ।** पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि निराश्रित गोवंश के बेहतर देखभाल, रखरखाव व अन्य व्यवस्थाओं के लिए एक सप्ताह में सभी गोशालाओं का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। गो आश्रय स्थलों पर गोवंश के ठंड से बचाव के लिए तिरपाल, अलाव, भूसा आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। ठंड से किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो।

पशुचिकित्साधिकारी गौ आश्रयस्थल पर जाकर गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था करें। जनपद के नोडल अधिकारी गौ आश्रय स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण कर चारा, भूसा, पानी व प्रकाश व्यवस्थाएं करें।

पशुधन मंत्री ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गोआश्रय स्थलों की व्यवस्था गोवंश के रखरखाव एवं सुविधाओं की समीक्षा कर रहे थे। पशु चिकित्सक, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं मंडल पर तैनात अपर निदेशक नियमित रूप से कम से कम एक गौशाला का निरीक्षण करेंगे।

## खबरें एक नजर में

**संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव, जांच जारी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव सड़क किनारे संदिग्ध हालत में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कानपुर रोड से दादूपुर गांव जाने वाली सड़क के किनारे एक होटल के पास यह शव पड़ा मिला। सुबह सड़क किनारे संदिग्ध हालत में शव देखकर राहगीरों ने बंथरा पुलिस को सूचना दी था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से युवक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। उसने काले रंग की जींस पैंट और काले रंग का स्वेटर पहन रखा था। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और पिछले 5-6 दिनों से इलाके में घूम रहा था। युवक की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि मौत की सही वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। फिलहाल, मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उसकी तस्वीरें आसपास के सभी थानों में भेजी गई हैं।

**मकान में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने डेढ़ घंटे में काबू पाया**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर में एक मकान में सोमवार दोपहर अचानक आग लग गई। घटना की सूचना फायर स्टेशन इंदिरानगर को मिली। जिसके बाद एफएसओ की नेतृत्व में फायर यूनिट मौके पर पहुंची। डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। सीएफओ अंशु मित्तल ने बताया सोमवार दोपहर करीब 12.30 बजे इंदिरानगर क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिली। फायर टीम ने पहुंचकर देखा कि शकुंतला शर्मा के मकान के ग्राउंड फ्लोर पर बने कमरे में आग धधक रही थी। घर में वेंटिलेशन न होने की वजह से पूरे मकान में धुआं भर गया। अग्निशमन कर्मियों ने होज पाइप फैलाकर आग बुझाने का काम शुरू किया। खिड़कियां और दरवाजे खोलकर धुआं बाहर निकाला गया। करीब डेढ़ घंटे की मेहनत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। हादसे में किसी को हताहत नहीं हुआ है। आग से घर में रखा सामान अलमारी, कूलर, एसी, मोबाइल फोन, टीवी, रजाई, गद्दे और जरूरी दस्तावेज जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

**सरकारी खरीदारी में व्यापारियों को प्राथमिकता देने की मांग**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आदर्श व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक हुई। अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने की। बैठक में संगठन को अधिक प्रभावी और सक्रिय बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि लखनऊ सहित प्रदेश की सभी क्षेत्रीय इकाइयों का चरणबद्ध तरीके से पुनर्गठन और विस्तार किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के व्यापारियों के व्यापार को सुरक्षित रखना और उसे बढ़ाना संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आदर्श व्यापार मंडल प्रत्येक व्यापारी को संगठन से जोड़ेगा और उनकी हर समस्या के समाधान के लिए पूरी क्षमता से संघर्ष करेगा। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि प्रदेश में होने वाली सभी सरकारी खरीद में स्थानीय व्यापारियों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे उनका व्यापार सशक्त हो सके। बैठक में व्यापारियों ने 'ओडीओपी' की तर्ज पर 'एलडीएलटी योजना' (लोकल डिस्ट्रिक्ट लोकल ट्रेडर) लागू करने की मांग सरकार से किया है।

**खादी महोत्सव में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आज**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 21 से 30 नवम्बर तक आयोजित खादी महोत्सव 2025 के अंतर्गत कल 25 नवम्बर को पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 1.30 बजे तक क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश की खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयों द्वारा निर्मित उत्पादों को बड़ा विपणन मंच उपलब्ध कराना तथा उद्यमियों को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार विस्तार के अवसर प्रदान करना है। ग्रामोद्योग सरकार द्वारा पारंपरिक उद्योगों को वैश्विक पहचान दिलाने तथा खादी-स्वदेशी उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यह सम्मेलन खादी ग्रामोद्योग उत्पादों के क्रेताओं और विक्रेताओं को एक ही मंच पर जोड़ते हुए व्यापारिक संभावनाओं को मजबूती प्रदान करेगा। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादक, विभिन्न खादी संस्थाएँ एवं इकाइयाँ, नवाचार आधारित उत्पादों के विशेषज्ञ वैज्ञानिक एनबीआरआई एवं सी-मैप तथा फैशन संस्थानों के फैकल्टी सदस्य सहभागिता करेंगे। ई-कामर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट के प्रतिनिधि भी भाग लेकर डिजिटल मार्केट से जुड़ने के अवसर उपलब्ध कराएंगे। यह सम्मेलन उन इच्छुक व्यापारियों और खरीदारों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है जो स्वदेशी उत्पादों को व्यवसाय के रूप में विकसित करना चाहते हैं।

**मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव कर्मियों का धरना**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपीएमएसआरए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव की एकमात्र ट्रेड यूनियन है। यूपीएमएसआरए फेडरेशन ऑफमेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव असोसिएशन ऑफ इंडिया एफएमआरएआई से सम्बद्ध है। एफएमआरएआई सम्पूर्ण देश में कार्यरत मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव की ट्रेड यूनियन है। कामगारों और मेहनतकश जनता के भारी विरोध के बावजूद केंद्र सरकार ने 21 नवंबर को चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया है। ये चार श्रम संहिताएं श्रम सुधार के नाम पर पेश की गयी हैं। पर ये बड़े व्यवसाय और कॉरपोरेट हितों के मुनाफे के लिए आधुनिक गुलामी और शोषण को संहिताबद्ध करते हैं। ये श्रम संहिताएं मोदी सरकार के उस प्रतिगामी और मजदूर विरोधी चरित्र का प्रतिबिंब हैं, जो इस देश के मजदूरों और मेहनतकश आवाम को गुलामी जैसी स्थितियों में धकेलने की कोशिश कर रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में 52 से अधिक फरियादियों से की मुलाकात, दिया आश्वासन

# पीड़ित की शिकायत सुन, समाधान करें डीएम-एसएसपी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' किया। 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से 52 से अधिक फरियादी पहुंचे। सीएम योगी हर फरियादी के पास स्वयं पहुंचे, उनकी समस्याएं सुनीं और निराकरण के निर्देश दिए।

सीएम ने सभी जिलाधिकारियों और एसएसपी को निर्देशित किया कि वह पीड़ितों की शिकायतें सुनकर जनपद में ही उनका निस्तारण कराएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों को दुलारा, उन्हें चॉकलेट दी और कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। मुख्यमंत्री योगी ने



सोमवार को 'जनता दर्शन' किया।

इस दौरान आर्थिक सहायता, अवैध कब्जे, बिजली, शिक्षा, पुलिस आदि से जुड़ी शिकायतों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वह जनपद स्तर पर सभी फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनका निराकरण कराएं। जिलाधिकारी देखें कि जनपदों में सभी विभागों के द्वारा पीड़ितों की शिकायतें सुनकर निर्धारित समयावधि में समाधान कराया जाए।

**एसआईआर पर शोर मचाने वाले दलों के मन में चोरः केशव मौर्य**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि ''एसआईआर को लेकर शोर मचाने वाले दलों के मन में चोर है। बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सह प्रभारी रहे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट किया,''मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर शोर मचाने वाले दलों के 'मन में चोर है। बिहार ने साबित कर दिया है कि उनका पक्ष कमजोर है। बिहार के हाल के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने प्रचंड जीत हासिल की और 'इंडिया गठबंधन के दलों को बहुत पीछे छोड़ दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्षी दलों के नेताओं ने एसआईआर को लेकर लगातार सरकार और निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाया है।

## उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों से ऊर्जा निगमों में बिगड़ रहा वातावरण

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि निजीकरण के एकतरफा निर्णय के विरोध में विगत एक वर्ष से शान्ति पूर्वक आंदोलन रत बिजली कर्मियों का बिना कारण उत्पीड़न कर पॉवर कॉरपोरेशन प्रबन्धन ने ऊर्जा निगमों में कार्य का वातावरण पूरी तरह बिगाड़ दिया है।संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से अनुरोध किया है कि वह प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण का फैसला निरस्त कराने की कृपा करें और पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन को निर्देश दें कि बिजली कर्मियों पर अनावश्यक तौर पर की गई समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां समाप्त की जाय।

# 30 हजार स्काउट-गाइड ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को दी सलामी

समृद्धि न्यूज

**डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में सार्क देशों के स्काउट-गाइड का जंबूरी**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में नेशनल जंबूरी मनाया जा रहा है। यहां 30 हजार स्काउट-गाइड का जमावड़ा है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को सभी स्काउट ने सलामी दी। इसमें सऊदी अरब, नेपाल, श्री लंका, मालदीव के स्काउट-गाइड शामिल हैं। जंबूरी के दौरान डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में एडवेंचर, ड्रोन शो से दिन गुलजार हैं तो सांस्कृतिक कार्यक्रमों से शाम सजी हुई है।

आज (24 नवंबर को) राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने तिरंगा फहराकर इसका औपचारिक उद्घाटन कर दिया। विश्वभर के स्काउट-गाइड इकट्ठा होकर सेलिब्रेशन करते हैं। इसी सेलिब्रेशन को जंबूरी कहा जाता है। 1920 से जंबूरी की शुरुआत हुई। यह चार साल में एक बार एक हफ्ते के लिए आयोजित किया जाता है। जंबूरी के दौरान सभी स्काउट-गाइड अपने देश, क्षेत्र की परंपराओं के अनुसार प्रदर्शन करते हैं। साथ ही स्काउट-गाइड के नियमों के अनुसार जो उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है, उसके एडवेंचर भी दिखाते हैं। पहला जंबूरी यूनाइटेड किंगडम में हुआ था। उसके बाद चौथा जंबूरी भारत में इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हुआ था।

## अधिनियम में उपभोक्ता पोस्टपेड व प्रीपेड का विकल्प : आयोग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं पर बिना अनुमति स्मार्ट प्रीपेड मीटर थोपे जाने के मामले में उपभोक्ता परिषद की लगातार लड़ाई आखिरकार रंग लाई है। दो दिन पहले जारी हुए बिजली दर (टैरिफ) आदेश में उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने स्पष्ट किया है कि स्मार्टध्प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता विद्युत अधिनियम 2003 में कहीं भी नहीं है, और उपभोक्ता के अधिकार सर्वोच्च हैं। आयोग ने अपने टैरिफ आदेश में कहा है कि विद्युत (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 तथा त्वै योजना के तहत केवल नए कनेक्शन स्मार्ट, प्रीपेड मीटर के माध्यम से देने की आवश्यकता है।

# चार करोड़ 64 लाख रुपए की विकास योजना से निखरेगा लखनऊ का प्राचीन रविदास मंदिर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अलीगंज स्थित प्राचीन रविदास मंदिर को निखारने का 4.64 करोड़ रुपए की स्वीकृत योजना के तहत आरंभ हो चुका है। सौंदर्यीकरण, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से पूरे परिसर को नया स्वरूप दिया जा रहा है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया प्रदेश का पर्यटन विभाग राजधानी लखनऊ में धार्मिक पर्यटन को गति देने के उद्देश्य से धार्मिक स्थलों के समग्र विकास पर तेजी से कार्य कर रहा है। श्रद्धालुओं




की बढ़ती संख्या और मंदिर के स्थानीय महत्व को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत सड़क मरम्मत, पेयजल सुविधा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बेंच तथा परिसर के जर्जर हिस्सों के पुनरुद्धार जैसी प्रमुख गतिविधियाँ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि भक्तों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर अनुभव उपलब्ध कराया जा सके। अलीगंज स्थित रविदास मंदिर राजधानी के प्राचीन धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। मंदिर के मुख्य द्वार पर अंकित स्थापना वर्ष 1924 इस बात का प्रमाण है कि यह धरोहर 101 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। यह स्थान लंबे समय से स्थानीय समुदाय के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन का केंद्र रहा है। परिसर में स्थित तीन प्राचीन समाधियों में से एक मंदिर निर्माण से भी पूर्व की बताई जाती है, जबकि अन्य दो समाधियां बाबा लीलादास और बाबा टिकाईदास से संबंधित हैं, जिन्होंने वर्षों तक यहां सेवाएँ दीं।

# नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर सवाल

**दो अपर नगर आयुक्तों के पिछले तीन दिनों के दौरान किए गए निरीक्षण में शहर के कई इलाकों में गंभीर लापरवाही आई सामने**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लगातार समीक्षा प्रभारी मंत्री, महापौर और नगर आयुक्त के दौरे के बाद भी नगर निगम की सफाई व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। दो अपर नगर आयुक्त द्वारा पिछले तीन दिनों के दौरान किए गए औचक निरीक्षण में शहर के कई इलाकों में गंभीर लापरवाही सामने आई। न तो सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति सही पाई गई और न ही कई जगहों पर कर्मचारी वर्दी में मौजूद मिले। ऐसी स्थिति में यह पहचानना भी मुश्किल हो गया कि कौन कर्मचारी नगर निगम की ओर से काम




कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार सफाई कर्मचारियों की अनियमित तैनाती और निगरानी की कमी के ष्कारण शहर की सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। उक्त अपर आयुक्तों को सबसे खराब स्थिति जोन-3 में मिली, जहां न तो एजेंसी के कर्मचारी नियमानुसार तैनात थे और न ही वर्दी में थे। इससे उनकी पहचान संभव नहीं हो पाई।

रविवार को भी इसी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बेहद खराब पाई गई। स्थिति देखकर अपर नगर आयुक्त ने संबंधित एजेंसी को कड़े निर्देश जारी किए हैं और कर्मचारियों की उपस्थिति व वर्दी अनिवार्य करने को कहा है। जनेश्वर मिश्र पार्क के पास कूड़े का पहाड़ जनेश्वर मिश्र पार्क के निकट सफर मार्ग पर भारी मात्रा में कूड़े का ढेर जमा हो गया है। हालात इतने बदतर हैं कि यहां से गुजरना भी मुश्किल हो गया। आसपास लगा पीसीटीएस भी लंबे समय से खराब पड़ा है, जिसकी वजह से कूड़ा निस्तारण नहीं हो पा रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि यहां लगातार कई दिनों से सफाई नहीं हुई, जिससे कूड़ा पहाड़ बनता जा रहा है। आशियाना में भी व्यवस्था ध्वस्त, फीनिक्स मॉल क्षेत्र सबसे प्रभावित आशियाना क्षेत्र की सफ्ई व्यवस्था भी दिनों-दिन बिगड़ती जा रही है। कई स्थानों पर कूड़े के ढेर खुले में पड़े मिले। सबसे अधिक खराब हालत फीनिक्स मॉल के पास सब्जी मंडी क्षेत्र में देखी गई. जहां कूड़े का बड़ा ढेर जमा था।

## पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति की संशोधित समय-सारणी जारी

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग ने सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति जनजाति, सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं की संशोधित समय-सारणी सोमवार को जारी कर दी है। यह समय-सारणी कक्षा 9-10 पूर्वदशम और कक्षा 11-12 दशमोत्तर दोनों पर लागू होगी। समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक और योजनाधिकारी आनन्द सिंह ने बताया कि प्रदेश के मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डेटा लॉक करने की प्रक्रिया 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक चलेगी। 25 नवंबर से 8 दिसंबर तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन किया जाएगा। कक्षा 9-12 तक के छात्रों के ऑनलाइन आवेदन 25 नवंबर से 6 दिसंबर तक मांगे जाएंगे। आवेदन का अंतिम प्रिंट छात्र 7 दिसंबर तक निकाल सकेंगे।

# रोजगारपरक योजनाओं को नई गति दे रही है योगी सरकार : राकेश सचान

समृद्धि न्यूज

**विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के प्रशिक्षण प्राप्त हर लाभार्थी को मिलें टूलकिट**

**लखनऊ।** योगी सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड मुख्यालय में योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित रोजगारपरक योजनाओं से लाभार्थियों की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है तथा उद्यमिता को गति देने के लिए व्यापक रणनीति पर कार्य हो रहा है।

सचान ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त प्रत्येक लाभार्थी तक टूलकिट समय पर पहुँचाई जाए तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता का नियमित मूल्यांकन किया जाए। जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से योजना को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि अधिकाधिक पारंपरिक शिल्पियों को लाभ मिल सके।खादी कंबल वितरण की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कंबलों की गुणवत्ता, खरीद प्रक्रिया और वितरण प्रणाली और बेहतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी को निर्देश जारी किए जाएं कि सरकारी वितरण में दिए जाने वाले कंबल निर्धारित हैंडलूम मानकों के अनुरूप हों और वितरण के समय सघन मॉनिटरिंग की जाए।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का यूपी में सबसे तेज गति से हो रहा क्रियान्वयन

समृद्धि न्यूज

**आवेदन की स्वीकृति एवरेज टाइम मात्र 100 दिन, स्वीकृत प्रस्तावो के स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत साथ उत्तर प्रदेश देश मे शीर्ष स्थान पर**

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन व उनके कुशल नेतृत्व मे खाद्य प्रसंस्करण विभाग प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन पीएम एफएमई योजना का क्रियान्वयन बेहतरीन तरीके से कर रहा है। उत्तर प्रदेश मे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का क्रियान्वयन देश मे सबसे तेज गति से हो रहा। आवेदनों प्रस्तावों की स्वीकृति एवरेज टाइम मात्र 100 दिन है।

स्वीकृत प्रस्तावो के स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत साथ उत्तर प्रदेश देश मे शीर्ष स्थान पर है।खाद्य प्रसंस्करण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवंटित धनराशि 311.71 करोड़ के सापेक्ष 252.89 करोड़ धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा तृतीय किश्त हेतु खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार को बजट की मांग हेतु पत्र प्रषित किया जा चुका है। प्रदेश में विभिन्न बैंकों के द्वारा पीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत 2000 करोड़ से अधिक टर्म लोन स्वीकृत किया गया है।

अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बी एल मीणा ने बताया कि पीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत इस वर्ष स्वीकृत प्रस्ताव सर्वाधिक हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत है जो कि प्रथम स्थान पर है। एवरेज टाइम 100 दिन, एवरेज टर्म लोन 10 लाख एवं एवरेज अनुदान धनराशि 4 लाख प्रति इकाई स्वीकृत है, जो देश में सर्वोत्तम है। उद्योग लगवाने के लिए प्रत्येक जनपद में 1000 जनपदीय रिसोर्स पर्सनकी तैनाती जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा की गयी है। एक इकाई की स्थापना कराने में इन्हें धनराशि 20000 की धनराशि उपलब्ध करायी जाती है।

**उपलब्धि** | शहर यातायात सुगमता के साथ सोनौली और महराजगंज मार्ग की कनेक्टिविटी भी होगी सुदृढ़

# रोड कनेक्टिविटी की नजीर पेश कर रही योगी सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** चारों तरफ से फोरलेन सड़क कनेक्टिविटी वाले गोरखपुर शहर में आंतरिक हिस्से की यातायात सुगमता और शानदार होने जा रही है। शहर के अंदर रोड कनेक्टिविटी को सुविधानजक बनाने के लिए कई मार्ग फोरलेन किए जा चुके हैं। इस सिलसिले को विस्तार देते हुए योगी सरकार गोरखपुर सिटी के दो मार्गों को फोरलेन बना रही है। इससे अंतः शहर यातायात सुगमता तो बढ़ेगी ही, सोनौली रोड से महराजगंज रोड के बीच की कनेक्टिविटी भी मजबूत हो जाएगी।



यह जानकारी जिला प्रशासन की ओर से सोमवार को दी गई। प्रशासन के मुताबिक, गोरखपुर से महराजगंज मार्ग सरकार पहले ही फोरलेन कर चुकी है। इस फोरलेन से शहर के एक चौथाई हिस्से को भी काफी सहूलियत मिलती है। इस मार्ग पर मेडिकल कॉलेज से तनिक आगे झुंगिया चुंगी है जहां से मुड़कर फर्टिलाइजर की तरफ जाया जाता है।

योगी सरकार अब झुंगिया चुंगी से फर्टिलाइजर गेट तक की सड़क का 2.20 किमी. लंबाई में फोरलेन में चौड़ीकरण करा रही है। इस पर 140.37 करोड़ रुपये की लागत आएगी। स्वीकृत लागत के सापेक्ष सरकार, कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड तीन को 99.13 करोड़ रुपये की राशि अवमुक्त कर चुकी है।

इसी तरह सरकार स्पोर्ट्स कॉलेज चौराहा से करीमनगर चौराहा होते हुए झुंगिया चुंगी-फर्टिलाइजर मार्ग को भी फोरलेन में तब्दील करा रही है। 3.05 किमी की लंबाई में इस मार्ग का फोरलेन में चौड़ीकरण करने में 138.83 करोड़ रुपये की लागत आएगी। स्वीकृत लागत के सापेक्ष लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड तीन को 68.59 करोड़ रुपये की राशि अवमुक्त कर दी गई है। दोनों मार्गों पर निर्माण कार्य जुलाई माह से जारी है और अक्टूबर 2026 तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य है। अब तक की भौतिक प्रगति 20 प्रतिशत है। इन दोनों मार्गों के फोरलेन होने से शहर के अंदर की यातायात सुगमता बढ़ जाएगी। साथ ही गोरखपुर-सोनौली मार्ग और गोरखपुर-महाराजगंज मार्ग के बीच भी फोरलेन कनेक्टिविटी मिल जाएगी। कारण, स्पोर्ट्स कॉलेज चौराहा से नकहा ओवरब्रिज हुए गोरखनाथ मंदिर के पास तक का मार्ग पहले से फोरलेन है।

## खबरें एक नजर में

### बीडीसी सदस्य की उपचार के दौरान मौत

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव बझेड़ा निवासी बीडीसी मेंबर कृष्ण पाल कुशवाहा आर्य समाज के प्रचारक की मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गांव बझेड़ा निवासी कृष्ण पाल कुशवाहा शनिवार को अपने पुत्र से तिलहर के गुरुकुल में मिलने गए थे, जहां उनका पुत्र व्यायाम शिक्षक है। पुत्र निर्भय प्रताप से मिलने के घर लौट रहे थे जैसे ही वहां जलालाबाद के निकट गंगा मंदिर के पास पहुंचे वैसे ही अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी वहां से डायल 112 पुलिस निकल रही थी उन्होंने घायल को तत्काल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर भर्ती कराया गया। जहां रविवार की शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक आर्य समाज के भजन उपदेशक प्रचारक थे जिले में उनकी पहचान थी उनके अचानक निधन से आर्य समाज के अनुयायियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी मौत से पत्नी राजकुमारी एवं पुत्र निर्भय प्रताप व प्रतिज्ञा का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कार से टकराकर बुलेट सवार दंपती गंभीर रूप से घायल

**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर।** लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शारदा नहर के निकट बुलेट सवार पुलिसकर्मी दम्पति कार से टकराकर गम्भीर रूप से घायल। सूचना पर पहुँची थाना पुलिस ने घायल दम्पति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जनपद बागपत निवासी पुलिस कांस्टेबल अंकित कुमार जनपद लखीमपुर खीरी की मोहम्मदी कोतवाली में तैनात हैं। अंकित कुमार की पत्नी रोमा लखीमपुर खीरी की सदर कोतवाली में तैनात हैं। पुलिसकर्मी दंपति छुट्टी पर बागपत घर गए हुए थे जो आज प्रातः छुट्टी से वापस ड्यूटी पर लौट रहे थे। लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शारदा नहर के निकट बुलेट सवार पुलिसकर्मी दंपति कार से टकरा गए कार से टकराकर बुलेट सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। दंपति की बुलेट भी क्षतिग्रस्त हो गई है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। जहां दंपति की हालत गंभीर होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रैफर कर दिया गया है। तो वहीं कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया है कि घायल दंपति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### नाबालिग लड़की को ले जाने वाला मुस्लिम युवक गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर।** सहेलियों द्वारा युवकों से बात कराने के चलते गायब हुई नाबालिग लड़की की बरामदगी के बाद उसके बयानों के आधार पर नामजद आरोपियों से हटकर ले जाने वाले एक अन्य मुस्लिम युवक पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बीती 17 नवंबर को नगर क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के गायब हो जाने पर पीड़ित पिता ने बेटी की चार सहेलियों द्वारा अपने फोन से दो युवकों से बात करवाने का आरोप लगाते हुए लड़की को साजिशन गायब किए जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रविवार को लड़की को मुखबिर की सूचना पर हाइवे स्थित सरजू पुलिया के पास से बरामद कर लिया था। लड़की के बयानों के आधार पर पुलिस ने सोमवार को पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे रेलवे स्टेशन के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक नामजद आरोपी फैसल व कैफ उर्फ ऐके से हटकर मोहल्ला हिन्दू पट्टी निवासी हसनैन पुत्र मुन्ने खां को गिरफ्तार कर लिया। जिसे पॉस्को एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया। विवेचक एसआई देवेंद्र कुमार ने बताया कि बरामद लड़की के मामले में नामजद चार आरोपियों सहेलियों व दो युवकों के बारे में विवेचना जारी है।

### बनारस में नर्सिंग ऑफिसर के चयन पर पुवायां में छात्रा का सम्मान



**पुवायां-शाहजहांपुर।** नगर के इंटर कॉलेज की छात्रा की सफलता पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पुवायां की पूर्व छात्रा साक्षी मिश्रा ने अपनी सफलता से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्तमान में वह प्रतिष्ठित बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। घ्पूर्व छात्रा के उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र ने पूर्व छात्रा साक्षी मिश्रा को शील्ड भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि साक्षी मिश्रा अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जिन्होंने यह साबित किया है कि लगन और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### पत्थर से टकराकर बाइक गिरी, चाचा-भतीजे की मौत



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** तिलक चढ़ाने जाते समय कोलाघाट पुल के पास रखे पत्थर से अनियंत्रित बाइक टकराने से तिलहर के गांव ढकिया रघा निवासी 30 वर्षीय रवींद्र व उनका 28 वर्षीय भतीजा मोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में दोनों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे। तेज रफ्तार होने के चलते बाइक के परखचे उड़ गए। खेतीबाड़ी करने वाले रवींद्र की बहन अरुणा देवी का विवाह कलान के जखिया गांव में तय हुआ था। रविवार को तिलक समारोह था। इसमें शामिल होने वाले परिवार के लोग व रिश्तेदार गाड़ियों से गए थे। जबकि रवींद्र व उनका भतीजा मोनू तिलक में उपहार स्वरूप दी जाने वाली बाइक से निकले थे। रात साढ़े नौ बजे चाचा-भतीजा कोलाघाट पुल पर पहुंचे। पुल पर बड़े वाहनों को रोकने के लिए रखे पत्थरों से बाइक के परखचे उड़ गए। आशंका है कि सामने से आए किसी वाहन की रोशनी पड़ने से बाइक सवार नियंत्रण खो बैठे। पहुंचे और घायलों को तुरंत ही सीएचसी पर भिजवाया। यहां डॉक्टर ने चाचा-भतीजे को मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की सूचना पर समारोह से परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए। रविंद्र के पिता छेदालाल ने बताया कि तिलक के बाद 30 नवंबर को विवाह होना था। रवींद्र छह भाई-बहनों में चौथे नंबर का था। जबकि मोनू के परिवार में पत्नी व बेटा-बेटी है। हादसे के बाद तिलक समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं।

# एआर कॉपरेटिव-सुपरवाइजर की प्रगति कम, डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

- प्रत्येक बीएलओ प्रतिदिन 10 प्रतिशत वृद्धि करते हुए गणना प्रपत्रों को डिजिटाइजेशन करना सुनिश्चित करें
- दो दिनों में शतप्रतिशत कलेक्शन तथा 30 नवंबर तक गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य हो पूर्ण




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सुपरवाइजरों के साथ विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण- संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने गणना प्रपत्र के वितरण, कलेक्शन, एवं डिजिटाइजेशन की स्थिति की जानकारी लेते हुए सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक बीएलओ प्रतिदिन वितरण किए गए गणना प्रपत्रों को प्राप्त कर डिजिटाइजेशन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि 10 प्रतिशत की दर से प्रतिदिन कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन की गति बढ़ाई जाए। सुपरवाइजर बीएलओ के साथ मीटिंग करें। डीएम ने निर्देश दिए कि वितरित किए गए गणना प्रपत्र को 2 दिनों में शतप्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चित करें। 30 नवम्बर तक सभी फर्मों को प्राप्त कर उनका डिजिटाइजेशन करना भी सुनिश्चित किया जाए। विधानसभा शाहजहांपुर की प्रगति सबसे कम होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। एआर कॉपरेटिव तथा सुपरवाइजर सार्थक की प्रगति कम होने पर स्पष्टीकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में ई रिक्शे एवं सार्वजनिक स्थान से अनाउंसमेंट के माध्यम से फॉर्म कॉलेशन के लिए सूचना दी जाए। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है कि जिन्हें फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए है वह फॉर्म भरके जमा करें जिससे उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। डीएम ने बताया कि अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को 26 नवंबर को लॉटरी के माध्यम से सम्मानित भी किया जाएगा। मतदाता सूची को सही, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही को क्षम्य नहीं किया जाएगा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीएम ने निर्देश दिए कि डिजिटाइजेशन कार्य की गति बढ़ाकर प्रत्येक दशा में 30 नवंबर तक शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## भगवान बिरसा मुंडा रथ यात्रा का शाहजहांपुर में हुआ स्वागत




**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा एबीवीपी के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून, उत्तराखंड के उपलक्ष्य में निकाली जा रही भगवान बिरसा मुंडा रथ यात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। यह रथ यात्रा जब महानगर में पहुंची, जहां जगह-जगह पुष्प वर्षा, नारों और स्वागत मंचों के माध्यम से छात्र-छात्राओं, कार्यकर्ताओं और समाज के प्रबुद्धजनों ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को नमन किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने राष्ट्र निर्माण और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। एबीवीपी ने बताया कि यह यात्रा युवाओं को जननायकों के बलिदान और प्रेरणादायी जीवन से जोड़ने का कार्य कर रही है। विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार ने कहा कि यह रथ यात्रा केवल सम्मान नहीं, युवाओं के लिए एक प्रेरणा है जो हमें हमारे जननायकों की स्मृति से जोड़ती है। जिला संगठन मंत्री संदीप ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जैसे महान योद्धाओं के विचार आज के युवा को अपने अधिकारों के लिए जागरूक करते हैं। एबीवीपी सदैव ऐसे प्रयासों में अग्रणी रही है। महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव ने कहा कि यह यात्रा हमें इतिहास और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करती है। एबीवीपी छात्रों में राष्ट्र चेतना जागृत करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, विभाग प्रमुख मचकेन्द्र सिंह , जिला संगठन मंत्री संदीप, महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव, जिला एसएफडी सयोजक वैभव सक्सैना, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आयुष्मान चौहान, जिला सयोजक योगेंद्र मिश्रा, कॉलेज अध्यक्ष अभिनेंद्र त्रिपाठी आशुतोष मिश्रा, जितेंद्र पाल, संजय गुप्ता, सुजल गुप्ता, अनुज दिक्षित, अनु सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षणाधीन सीओ शुभम वर्मा को एसपी ने स्टार लगाए



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नवागंतुक प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक शुभम वर्मा का व्यवहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर पुलिस ऑफिस में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे द्वारा उन्हें रैंक प्रतीक, स्टार लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई। एसपी ने हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि निष्ठा, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता ही पुलिस सेवा की पहचान है। हम आशा करते हैं कि क्षेत्राधिकारी शुभम वर्मा भविष्य में भी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और पूर्ण समर्पण के साथ करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें आगामी दायित्वों, नेतृत्व क्षमता, जनसेवा भावना तथा पुलिसिंग की मूल भावना, संवेदनशीलता, त्वरितता एवं पारदर्शिता को हमेशा सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी।

## रामायण पाठ में पहुंचे वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना

- भाजपा के वरिष्ठ नेता राम मोहन वर्मा के आवास पर रामायण पाठ का हो रहा आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ भाजपा नेता राम मोहन वर्मा के आवास पर चल रहे अखंड रामायण पाठ में रविवार को वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगा दिखा। भयौं प्रसन्न त्रिभुवनपति, मिले सकल सुख धाम। राम नाम कल्याणकर, करै संकट का काम की पावन स्वर लहरियों के बीच परिसर भक्ति रस में सराबोर रहा। इस दौरान वर्मा परिवार के संरक्षक एवं प्रेरणास्रोत सुरेश कुमार खन्ना, कैबिनेट मंत्री वित्त व संसदीय कार्य उ.प्र. सरकार तथा मिथलेश कुमार कठेरिया, सांसद राज्यसभा का सान्निध्य आयोजन को और भी गरिमामय बना गया। मंत्री सुरेश खन्ना के आगमन से आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन का पथप्रदर्शक बताते हुए परिवार के इस धार्मिक आयोजन की सराहना की। सांसद मिथलेश कठेरिया ने भी रामायण पाठ को समाज को दिशा देने वाला बताया। वर्मा परिवार ने दोनों अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। धार्मिक माहौल और मंत्रोच्चार के बीच पूरा कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

## शीघ्र ही एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता पुनरीक्षण एसआई आर प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के लिए लगातार अधिकारी कर्मचारी प्रयास रत हैं। सोमवार को खंड विकास अधिकारी ने औचक निरीक्षण के दौरान करकौर गांव के प्राथमिक विद्यालय में बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शीघ्र ही एस आई आर प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए कहा। वहीं उन्होंने ग्रामीणों को समझाया एसआईआर से डरने की जरूरत नहीं है। किसी भी पात्र मतदाता का वोट नहीं कटेगा। सभी लोग अपने फार्म जमा करें। इस दौरान सचिव विश्वास शुक्ला, बीएलओ नरेंद्र सिंह तोमर, प्रधान शिवशरन वर्मा, रोजगार सेवक जगपाल सिंह, कोटेदार छोटे खान, सत्यवीर सिंह, अर्जुन कश्यप, आदि लोग मौजूद रहे।

## गंदगी और अनियमितताओं पर नाराज हुईं बीएसए

- जमुही के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे प्राथमिक विद्यालय जमुही और उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुही का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। कक्षा-कक्षों से लेकर परिसर और मैदान तक जगह-जगह गंदगी व्याप्त मिली। विद्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था अव्यवस्थित देख अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। स्थानीय प्र.अ. मुन्नी देवी ने बताया कि नियमित सफाई कर्मचारी के उपस्थित न होने के कारण सफाई कार्य पूरा नहीं हो सका। इस पर अधिकारी ने स्वयं छात्रों के साथ मिलकर परिसर में फैली गंदगी को उठवाया और कूड़ेदान में डालकर स्वच्छता का संदेश दिया। छात्रों को कचरा प्रबंधन के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। निरीक्षण के दौरान प्र.अ. से विद्यालय में आई कम्पोजिट धनराशि के व्यय विवरण की जानकारी मांगी गई, लेकिन न तो संतोषजनक उत्तर मिला और न ही आय-व्यय पंजिका उपलब्ध कराई गई।

इस पर अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर आय-व्यय पंजिका पूर्ण कर प्रस्तुत की जाए, अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद करीब 1:30 बजे प्राथमिक विद्यालय जमुही का निरीक्षण किया गया। यहां भवन की रंगाई-पुताई और साफ-सफाई सन्तोषजनक मिली।

छात्रों ने पठन-पाठन व अन्य गतिविधियों के संबंध में सही उत्तर देकर विद्यालय की स्थिति को बेहतर दर्शाया। हालांकि निरीक्षण समय तक ग्राम प्रधान द्वारा फल वितरण नहीं कराया गया था। इस पर जिला समन्वयक (मध्यान्ह भोजन) को निर्देशित किया गया कि फल वितरण न कराने की स्थिति में विद्यालय को भेजी जाने वाली धनराशि में संबंधित मद से कटौती की जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में साफ-सफाई, पारदर्शिता और विद्यार्थियों के हित से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मतदाताओं को जागरूक किया




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में 4 नवंबर से लागू हुई विशेष गहन पुनरीक्षण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया को लेकर महानगर के मोहल्ला महमन्द जलालनगर, महमन्द हदफ़, चौकाला खां, तारीन टिकली, झंडा कला, में सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने पहुंचकर सभी बूथों के बीएलओ से संपर्क किया और कैंप में शामिल होकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस मौके पर सपा अल्पसंख्या सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, पूर्व सभासद हाजी कमर अख्तर शब्बू खान, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नाजिम फारुकी, सुमित कश्यप, फराज खान, सलीम कुरैशी, तौकीर खान, अमन खान, उजैर खान, मुन्ना, आरिफ खान, यश मौर्य, श्लोक मौर्य, सिद्दीक खान, साबिर खान आदि मौजूद रहे।

## पहल संस्था गरीबों की मसीहा: जयेश प्रसाद



**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पहल फूड बैंक के संस्थापक अभिषेक डेनियल एक समाजसेवी और 'लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' धारक हैं। वे एक ऐसे संगठन के माध्यम से जरूरतमंदों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराते हैं, जिसे 'पहल फूड बैंक' के नाम से जाना जाता है। पहल फूड बैंक एक सामाजिक संगठन है जो गरीबों को मुफ्त भोजन मुहैया कराता है। अभिषेक डेनियल ने इस संगठन की स्थापना की और समाज सेवा के लिए काम करते हैं। उन्होंने लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है और अमेरिका से डॉक्टर की उपाधि भी प्राप्त की है। 'पहल हेल्थ बैंक' भी उनके संगठन का एक हिस्सा है, जो जीवन रक्षक उपकरण जैसे ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराता है। इसी के साथ पहल फूड बैंक के संस्थापक अभिषेक डेनियल ने गरीबों के स्वास्थ्य के प्रति एक और सुविधा प्रारंभ की है। उन्होंने एंबुलेंस की सेवा की शुरुआत की। जिसका शुभारंभ कुँ. जयेश प्रसाद ने रविवार को गुटैया पहुंचकर फीता काट कर किया। जो कि सभी के लिए 24 घंटे 7 दिन निःशुल्क रहेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहल संस्था के संस्थापक अभिषेक डेनियल गरीबों के लिए मसीहा बनकर आए हैं। जिन्होंने गरीबों की हर संभव मदद की है। उन्होंने गरीबों के लिए भोजन, कपड़े, कन्याओं के विवाह जैसे कार्यों को पूरी लगन से किया है और अब एक नई पहल निःशुल्क एंबुलेंस सेवा द्वारा समाज की सेवा का काम करेंगे। इस दौरान गोपाल अग्निहोत्री एडवोकेट, जितेंद्र प्रसाद, मिश्रीलाल पटेल, ब्रह्मानंद मिश्रा, तुषार शुक्ला, गोलू मिश्रा, गौरव सागर आदि मौजूद रहे।

## एसपी ग्रामीण ने सिंधौली क्षेत्र में किया पैदल भ्रमण



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे व क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक द्वारा थाना सिंधौली क्षेत्रान्तर्गत सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना सिंधौली पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान क्षेत्र के मुख्य मार्गो, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण कर कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था तथा जनसुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को अधिक सतर्कता, सक्रियता एवं विनम्रता के साथ जनता से संवाद स्थापित करने के निर्देश प्रदान किए गए। एसपी ग्रामीण ने आमजन से वार्ता करते हुए उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। पैदल गश्त के दौरान क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस की उपस्थिति को मजबूत किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी डवलेश बाबू पुत्र सत्यपाल (32) बीती शाम तहसील तिलहर से बाइक द्वारा गाँव वापस लौट रहे थे। तिलहर जैतीपुर मार्ग पर हरिहरपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार डवलेश बाबू गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए तिलहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया था। जहाँ डॉक्टरों ने देखते ही डवलेश को मृत घोषित कर दिया। डवलेश की मृत्यु की खबर से घर व परिवार में कोहराम मच गया। गाँव मे शोक की लहर दौड़ गई। कटरा थाना पुलिस के मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शाहजहांपुर भिजवा दिया है। मृतक के स्वजनों ने बताया है कि डवलेश बाबू तिलहर कचहरी अपनी तारीख पर गए हुए थे। कचहरी से वापस आते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से डवलेश बाबू की मृत्यु हो गई है। डवलेश बाबू अपने पीछे स्वजनों को रोता बिलखता छोड़ गए है। मृतक मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार डवलेश बाबू की मृत्यु हुई है। पुलिस अज्ञात वाहन को तलाश कर रही है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# शहर में ई-बसों के संचालन से रोजाना सवा लाख का घाटा

- तहसील और ब्लाक क्षेत्र में संचालन से होती थी प्रतिदिन डेढ लाख इनकम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ईबसों का संचालन तहसील और ब्लाक क्षेत्र में बंद होने के कारण नगर विकास विभाग को लगभग प्रतिदिन सवा लाख का घाटा पड़ रहा हैं। जबकि तहसील और ब्लाक क्षेत्र में संचालन से जहां डेढ लाख रुपए लगभग प्रतिदन इनकम होती थी, तो वह अब घटकर पांच से सात हजार रूपए रह गई हैं। जिससे विभाग को काफी घाटा हो रहा हैं। इसके अलावा शहर की सकरी रोड़ों होने के कारण जाम की भी स्थिति बनी रहती हैं और सवारियों को दूरी तय करने में अन्य प्राइवेट वाहनों की अपेक्षा अधिक समय खर्च करना पड़ता हैं। जिससे सवारियां ईबसों में न बैठकर ईरिक्शा से दूरी तय करती हैं।

बतादें कि शाहजहांपुर में 25 बसों का संचालन नगर विकास विभाग की ओर से किया गया। जिसके बाद शहर में बाढ आने के बाद 4 बसें खराब हो गई, जोकि अभी तक बन नही सकी। इसलिए 21 बसों का संचालन जनपद में हो रहा हैं। 21 ईबसों में तहसील पुवायां, तहसील जलालाबाद, कांट, निगोही, बीसलपुर संचालन होता था और शहर में 7 ईबसों का चलती थी। जिससे तहसील और ब्लाक क्षेत्र से शहर में आने वाले लोगों को काफी लाभ होता था और यातायात की सुविधा रहती थी। गर्मी के मौसम में सवारियों को अधिक लाभ होता था और ईबसों का इनकम भी ज्यादा होती थी। सूत्रों की मानें तो तहसील और ब्लाक क्षेत्र में संचालन से लगभग डेढ लाख प्रतिदिन इनकम विभाग को होती थी।



> सिटी बस प्रबंधन संचालन मोहम्मद हुमायूँ लारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर ई-बसों का संचालन नगरीय क्षेत्र में कराया जा रहा है। जब आगे कोई आदेश आएगा, तभी शहर से तहसीलों के लिए बसों का संचालन संभव होगा। इस संबंध में नगर आयुक्त ने बैठक बुलाई है, बैठक उपरांत ही कुछ कहा जा सकता है।

लेकिन कुछ दिन पूर्व विभागीय आदेश आने के बाद सभी 21 बसों का संचालन शहर में कर दिया गया, जिसके बाद दो दिन देहात क्षेत्र में संचालन बंद होने से शहर में मात्र 4400 रूपए की इनकम हुई थी, इसके बाद अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और दो दिन के बाद पुनः पूर्व की भांति बसों का संचालन तहसील और ब्लाक क्षेत्र में कर दिया गया। लेकिन बृहस्पतिवार को फिर से तहसील और ब्लाक क्षेत्र में ईबसों का संचालन बंद कर दिया गया और 21 ईबसों का संचालन शहर में कर दिया गया, जिससे प्रतिदिन 21 ईबसों की इनकम मात्र 5 हजार रुपए हो रही हैं। जोकि तहसील और ब्लाक क्षेत्र में संचालन से लगभग डेढ लाख हुआ करती थी, जिससे कतई इनकार नही किया जा सकता है कि नगर विकास विभाग को प्रतिदिन सवा लाख रुपए का घाटा पड़ रहा हैं। इसके अलावा शहर की सड़के सकरी होने के कारण जाम की भी स्थिति बनी रहती हैं।

**क्यों बैठें सवारियां ईबसों में:** बतादें कि रोडवेज से बरेली मोड़ तक ईबसों का किराया प्रति सवारी बीस रुपए हैं, जबकि ईरिक्शा चालक प्रति सवारी दस रुपए लेते हैं, इसलिए सवारियां ईबसों में कम बैठती हैं और समय भी ज्यादा खर्च होता हैं। जबकि ईरिक्शा ईबसों से कम समय में पहुंचा देते हैं। ईबसों के जाम में फंसने के कारण समय भी ज्यादा लगता हैं। कई सवारियों ने बताया कि ईबसों से बरेली मोड तक जाने में काफी समय लग जाता हैं, कभी कभी वह जाम में फंस जाती हैं, जिससे उनका समय अधिक खराब होता हैं।

### ई-स्मार्ट कार्ड हुए रद्दी..., सैकड़ों सवारियों का पैसा फंसा

ईबसों का संचालन तहसील और ब्लाक क्षेत्र में होने के दौरान सैकड़ों सवारियों ने ईस्मार्ट कार्ड बनवा लिए थे। जोकि विभाग की ओर बनाए गए थे और ईस्मार्ट कार्ड धारक को किराए में दस प्रतिशत की छूट दी जाती थी, इसलिए रोजाना शहर से अपडाउन करने वाले सवारियों ने ईस्मार्ट कार्ड बनवा लिए थे, लेकिन बिना सूचना ईबसों का संचालन बंद कर देने से सैकड़ों ईस्मार्ट कार्ड रद्दी हो गए और सैकड़ों लोगों के पैसे फंसे हुए हैं, जिससे वह लोग काफी चिंतित हैं और उन्हें अपना पैसा डंप हो जाने की चिंता सता रही हैं। ईस्मार्ट कार्ड धारकों का कहना है कि यह उनके साथ धोखा है बिना सूचना ईबसों का संचालन बंद करना गलत हैं।

### शहर में जगह-जगह लग रहा जाम

ईबसों के शहर में संचालन से जाम जगह जगह लग रही हैं जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई हैं। क्योंकि शहर की सकरी रोड़ों होने के कारण ईबसों का संचालन होने से जाम की स्थिति बन जाती हैं जिससे राहगीरों को निकलने में काफी परेशानी होती है। तो वहीं बसों को भी दूरी तय करने में अधिक समय लगता हैं इसलिए सवारियां ईबसों से शहर में सफर करना नही चहाती हैं। 21 ईबसों का संचालन शहर में होने से जाम की समस्या और विकराल हो गयी हैं जिस रूट से ईबसों का निकलना होता है उस रोड़ पर जाम की स्थिति बन जाती हैं जिससे राहगीरों को काफी समय जाम की झाम झेलनी पड़ती हैं, हांलाकि प्रशासन जाम को हटवाने का प्रयास करता है लेकिन सकरी रोड़ और चौड़ी बसों के होने के कारण जाम की स्थिति समाप्त होना बहुत मुश्किल हैं।

### सूचना

मैं मोहम्मद आमिर खां पुत्र माशूक अली नि.ग्रा. कटिया कम्मू शाहजहांपुर, मैंने अपना नाम बदलकर आमिर खां (AMIR KHAN) कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये।

# डीएम ने डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर का किया निरीक्षण

- जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों तथा उनके निस्तारण के सम्बन्ध में प्राप्त की जानकारी, शिकायतों का ससमय निस्तारण के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर कक्ष संख्या 13 में डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर की स्थापना की गयी है, जो सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक क्रियाशील है। डीएम ने सोमवार को डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने डीसीसी में व्यवस्थाओं को परखा तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने प्राप्त शिकायतों तथा उनके निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर का टोल फ्री दूरभाष नम्बर 05842-1950 है तथा डीसीसी पर कम्प्यूटर आपरेटर नियुक्त हैं। डीसीसी की प्रभारी एसडीएम न्यायिक प्रियंका चौधरी के मोबाइल नम्बर 7408724550 को नामित किया गया है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में किसी भी जानकारी अथवा शिकायत हेतु जनसामान्य द्वारा सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक दिए गए, दूरभाष नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# राजीव चौक पर जाम में फंसी एम्बुलेंस, राहगीर भी परेशान

- चौराहे पर आए दिन लगता है घंटों जाम, पुलिस पिकेट पर पुलिस नहीं देती ध्यान

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुवायां में राजीव चौक पर आयेदिन राहगीरों को जाम की झाम झेलनी पड़ती है। जबकि चौक पर पुलिस मुस्तेद रहती है मगर मोबाइल चलाने में व्यस्त होने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है है। जब जाम भयंकर हो जाती है उसके बाद उठकर जाम हटाने के लिए आते है। इसी जाम में मरीज लेकर आई एम्बुलेंस करीब 15 मिनट तक फसी रही। जिसके बाद उसे जाम से निकलवाया गया। नगरवासियों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के चलते राजीव चौक पर जाम लगती है। सोमवार को करीब 2 बजे राजीव चौक पर भीषण जाम लग गया। उसी जाम में मरीज लेकर जा रही एम्बुलेंस व स्कूली नौनिहाल फस गए। जाम में घण्टो फसे होंने के कारण एम्बुलेंस में मरीज तड़पता रहा। जिसके बाद उसे पुलिस पिकेट पर तैनात पुलिस ने आनन फानन निकलवाया। उसी क्रम में स्कूली बच्चों व राहगीरों ने करीब आधा घण्टा जाम की जाम से जूझे। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि पुलिस पैकेट पर पुलिस तैनात की जाती है मगर उन लोगो को मोबाइल में रील देखने से फुरसत नही मिलती जब भीषण जाम लग जाती है उसके बाद में कुर्सी से उठकर घण्टो जाम खुलवाते है। मगर जाम पर पहले ही ध्यान दे लेते तो चौक पर जाम की सम्भावना कम रहती है। इसी जाम में एम्बुलेंस, स्कूली बच्चों व राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# लॉ कालेज में संविधान ज्ञान परीक्षा का आयोजन




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम लीगल एड क्लीनिक की वॉलंटियर अंशिका यादव द्वारा सामूहिक संविधान पठन के अंतर्गत भारतीय संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्य का सामूहिक पाठ किया गया। तदोपरांत संविधान ज्ञान परीक्षा प्रारंभ हुई। इस परीक्षा के लिए 112 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया। विजेताओं को संविधान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय की अवधारणा में पुरस्कृत किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संविधान दिवस के कार्यक्रम प्रतिभाग करेंगे। इस परीक्षा के आयोजन में प्राचार्य डॉ जय शंकर ओझा, लीगल एड क्लीनिक के संयोजक डॉ अनिल कुमार शाह, सह संयोजक प्रदीप कुमार सिंह, सहायक आचार्य मृदुल शुक्ला, डॉ दीप्ति गंगवार, डॉ ज्योत्सना गुप्ता, अभिलाष पाण्डेय और अरविंद कुमार विद्यार्थी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपियों को लगी गोली, तीन गिरफ्तार

**खुटार-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- मौके से चाकू, तमंचा, रस्सी आदि सामान बरामद, आरोपियों को भेजा जेल



क्षेत्र के गांव तुलापुर के किनारे से निकली नहर में नौ नवंबर की रात को कसाइयों ने एक निराश्रित गोवंश की हत्या कर दी थी। सुबह जानकारी मिलने पर हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अवनीश मिश्र कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच थे और मामले की सूचना पुलिस को दी थी। जिस पर पुलिस ने मौके से बरामद गोवंश के अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। मामले में हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने 10 नवम्बर को अज्ञात कसाइयों के खिलाफ गौवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने कसाइयों की तलाश शुरू कर दी थी। 12 नवंबर को पुलिस ने जादौपुर कलां निवासी मुजीबुर्रहमान को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था। मुजीबुर्रहमान के पैर में गोली लगी थी। इसके बाद मुजीबुर्रहमान ने केसरपुर कला निवासी अपने साथियों के नाम बताए थे। पुलिस उन्हें तलाश कर रही थी। बीती रात प्रभारी निरीक्षक थाना खुटार राजेंद्र कुमार रावत हमराही दरोगा और सिपाहियों के साथ गश्त पर निकले थे। तभी उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि बुझिया भरकलीगंज की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर गोकशी में फरार चल रहे शेरपुर कलां के थाना सेहरामऊ उत्तरी जनपद पीलीभीत निवासी कसाई भूरे खा, जफर, जावेद उर्फ करिया खड़े है। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उक्त लोगों को ललकारा। तभी उनकी तरफ से पुलिस पर फायर शुरू कर दिए गई। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। मुठभेड के दौरान आरोपी भूरे खाँ पुत्र नवाब खाँ निवासी ग्राम शेरपुर कलां, थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत, हाल निवासी मोहल्ला ढका के दाहिने पैर और जफर पुत्र बजरुल्ला निवासी ग्राम शेरपुर कलां, थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत हाल निवासी मोहल्ला रजागंज थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत के बाये पैर मे घुटने के नीचे गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। जबकि जावेद उर्फ करिया पुत्र शाकिर निवासी इस्लामनगर शेरपुर थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत, हाल पता ढका को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कसाइयों के पास से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस नाल में फसा हुआ व एक अदद खोखा कारतूस मय दो अदद जिन्दा कारतूस व गौकशी के उपकरण गडासा, चाकू, रस्सी, लकडी का गुटका बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी भूरे खां ने बताया कि 9/10 नवंबर की रात तुलापुर गांव के किनारे नहर में उसने गोवध की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने मुठभेड़ में घायल हुए दोनों कसाइयों को रात्रि में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तीनों कसाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कसाइयों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार रावत, दरोगा अनुज चौधरी, विवेक सिंह, सोहनलाल हेड कांस्टेबल, विद्यासागर, अमित दूबे, कांस्टेबल सिकन्दर सिंह मलिक, सनी कुमार, जोनी कुमार, अरविन्द कुमार शामिल रहे।

# आपरेशन भरोसा के तहत जनपद में 591 व्यक्तियों का किया गया सत्यापन

- जनपद में व्यापक किरायेदार सत्यापन सुरक्षा को मजबूत करने हेतु पुलिस की सघन कार्रवाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में तथा समस्त क्षेत्राधिकारी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में विशेष ऑपरेशन भरोसा संचालित किया गया। अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, संवेदनशील एवं प्रभावी बनाना है, इसी क्रम में जनपद शाहजहांपुर के विभिन्न स्थानों पर मजदूर, कर्मचारियों, पीजी, हॉस्टल में रहने वाले छात्रों तथा होटल, लॉज, ढाबों में ठहरे आगंतुकों की व्यापक चेकिंग में अब तक 591 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। 591 व्यक्तियों का सत्यापन जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जनपद भर में चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने किरायेदारों, मजदूर, कर्मचारियों, पीजी, हॉस्टल में रहने वाले छात्रों तथा होटल, लॉज, ढाबों में ठहरे आगंतुकों का दस्तावेज आधारित एवं भौतिक सत्यापन किया। थानों की टीमों ने किरायेदारों और आगंतुकों के पहचान पत्र, अतिथि रजिस्टर, किरायानामा, एग्रीमेंट, स्टाफ रजिस्टर एवं स्टाफ सत्यापन, कैमरों की कार्यशील स्थिति, संदिग्ध व्यक्तियों, रिकॉर्ड और पूर्व मुकदमों की जांच जैसे बिंदुओं की गंभीरता से जांच की। समस्त थाना क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी थाना पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्ध किरायेदारों, अस्थायी निवासियों तथा होटल, लॉज में ठहरे व्यक्तियों के अभिलेखों की गहनता से जांच की गई और आवश्यकतानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की गई। यह अभियान न केवल संदिग्ध तत्वों की पहचान सुनिश्चित करने हेतु है, बल्कि जनपद में शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने की दिशा में पुलिस का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# संजय विद्या मंदिर ने गुरु तेग बहादुर का 350वां बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

**शाहजहांपुर।** संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को सिख धर्म के नवें गुरु, त्याग और धर्म-स्वतंत्रता के प्रतीक गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। वंदना स्थल पर हुए इस आयोजन में छात्र-छात्राओं, आचार्यों और अतिथियों ने गुरु जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में सतनाम सिंह गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, जमौर, नवनीत त्रिपाठी महानगर कार्यवाह, आरएसएस तथा रामकुमार सह महानगर कार्यवाह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उप प्रधानाचार्य बसंत कुमार त्रिवेदी ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने औरंगज़ेब के अत्याचार एवं जबरन धर्मांतरण के प्रयासों के विरुद्ध निर्भीक होकर बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि गुरुजी का बलिदान मानवता, धार्मिक स्वतंत्रता और साहस की अद्वितीय मिसाल है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसे आचार्य अनिल गौड़ और दिव्या मिश्रा ने संचालित कराया। बच्चों ने गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, वीरता और आदर्शों को अपने चित्रों के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत किया। अंत में नवनीत त्रिपाठी ने सभी अतिथियों, आचार्यों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने की भावना को मजबूत किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरुजी की शिक्षाओं और संदेशों को नई पीढ़ी तक पहुँचाना रहा।

# वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर शर्मा का निधन



**तिलहर-शाहजहांपुर।** वरिष्ठ पत्रकार पंडित दयाशंकर शर्मा का सोमवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे असामयिक निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार नगर के दोदराजपुर मोक्षधाम पर किया गया। बेटे विवेक शर्मा अंशू ने उन्हें मुखाग्नि दी। विवेक शर्मा ने बताया कि पिता को सुबह सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें सीएचसी ले गए। जहां हालत में सुधार न होने पर उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद करीब साढ़े दस बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। पंडित जी के निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के कई पत्रकार और गणमान्य बहादुरगंज स्थित आवास पर दिवंगत शर्मा जी के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। विधायक सलोना कुशवाहा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अभिनव शर्मा वीरू, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, प्रधान अनुरुद्ध यादव, पत्रकार प्रेमशंकर शर्मा, लोकेश आर्य, मनोज प्रबल, कुलदेव शर्मा, अनुराग मिश्रा, शिवओम गुप्ता, नीरज सक्सेना, बैकुंठनाथ शर्मा, ऐप्ज जिलाध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी, इंद्रभान सिंह वीनू, अरविंद गुप्ता कौशल, सैफ अली, सभासद अभिषेक सिंह, सभासद सतेंद्र सिंह सुशीलशैलेन्द्र शर्मा मंटू, अनुज यादव, राजाराम गुप्ता, कामरान अंसारी, शीलेन्द्र मोहन शर्मा, चंद्रकांता त्रिवेदी, माया रस्तोगी, देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट, अरुण यादव चैनू, वरुण यादव रसूली, सुरेंद्र सिंघल, अमुक सक्सेना, अजीत राठौर, सर्वेश गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, भगत जी, श्रवण कुमार सिंह, प्रद्युम्न यादव समेत तमाम लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। दिवंगत शर्मा जी बेहद ईमानदार और सरल स्वभाव के चलते सभी के दिलों के बेहद करीबी रहे। अपरान्ह चार बजे दोदराजपुर मोक्षधाम पर नम आंखों के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बेटे विवेक शर्मा ने उन्हें मुखाग्नि दी।

# नौकरी दिलाने के बहाने युवती से डेढ़ लाख ठगे

**बंडा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

दुबई में होटल में नौकरी दिलाने का बहाना कर युवती से डेढ़ लाख रुपए ठगने और जानकारी होने पर पैसे वापस मांगने पर उसे धमकाने और उसके साथ अश्लीलता करने के आरोप में युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बंडा नगर के एक मोहल्ले की निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि वह बंडा में एक एकेडमी में बतौर रिशेपशनिस्ट के काम कर रही थी जहां उसकी मुलाकात थाना क्षेत्र के ही एक गांव निवासी युवक से हो गई जिसका अक्सर उसी एकेडमी पर आना जाना रहता था। युवक का पुवायां रोड पर एक इमिग्रेशन सेंटर भी है। जहां से वह गरीब लड़कियों को दुबई में विजिट टू वर्क वीजा के तहत नौकरी दिलाने का काम करता है। युवती का आरोप है कि युवक ने उसे अपनी बातों में फंसा लिया और उससे धीरे धीरे अलग अलग तरह से करीब डेढ़ लाख रुपए ले लिए। युवती के अनुसार इसी साल के अगस्त महीने में उसका वीजा आ जाने की बात कहते हुए युवक ने उससे दुबई जाने की तैयारी करने को कहा जिस पर वह अपने भाई के और अन्य रिश्तेदारों के साथ सात सितंबर को पंजाब के अमृतसर स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंच गई जहां पहले से मौजूद बंडा के युवक ने उसे बीजा में कुछ अड़चन आने की बात कहकर 50 हजार रुपए की अलग से मांग की। युवती का आरोप है कि जब वह दुबई एयरपोर्ट पर पहुंची तो वहां के अधिकारियों से उससे कहा कि वह टूरिस्ट वीजा पर वहां आई है इसलिए वहां नौकरी नहीं कर सकती है जिसके बाद एक युवक के साथ वह आरोपी युवक के द्वारा बताए गए होटल पर पहुंची तो वहां पहले से ही नेपाल की तीन अन्य लड़कियों के साथ कई दिनों तक होटल में ही रुकी। जब उसे कोई नौकरी नहीं मिली और न ही वर्क परमिट मिला तो उसने आरोपी युवक से बात की तो उसने कहा कि उसका काम सिर्फ दुबई तक पहुंचाना होता है अगर उसे पैसा कमाना है तो जो अन्य लड़कियां अनैतिक कार्य कर रही हैं वह तुम भी करो। तब उसे अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ और वह किसी तरह दुबई से लौटकर वापस भारत आ गई। दिनांक 20 नवंबर को जब वह बंडा आरोपी युवक के इमिग्रेशन ऑफिस पर पहुंची तो आरोपी युवक ने उससे दुबई में मिलने वाली सेलरी जितना पैसा अपने ऑफिस से देने की बात कही और जब वह उसके ऑफिस में मौजूद थी तो आरोप है कि आरोपी युवक ने भी उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए उसकी अस्मत भंग करने का प्रयास किया। वह वहां से भागकर वापस आई और अगले दिन उसने बंडा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुमुक्षु क्रिकेट लीग के चौथे मुकाबले में यूथ-इलेवन ने दर्ज की जीत

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग में चौथे दिन भी खेल का रोमांच चरम पर रहा। चौथा मैच भी कॉलेज की ही दो टीमों साइंस-11 तथा यूथ-11 के मध्य खेला गया। कड़ी खींचातानी ने दर्शकों को दिल थामने पर मजबूर कर दिया। मैच का टॉस यूथ-11 टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। मैच के दौरान दोनों टीमों के मध्य बेहतरीन प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। यूथ-11 टीम 15.4 ओवर में 156 रन बनाकर आलऑउट हो गई। साइंस-11 की टीम ने भी जवाबी पारी में कड़ी मशक्कत करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन यह टीम 16 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर महज 119 रन ही हासिल कर सकी। लिहाजा जीत का दर्जा यूथ-11 के नाम रहा। खेल के दौरान डॉ आलोक कुमार सिंह कमेंटेटर की भूमिका में रहे। 26 गेंदों पर 57 रन की शानदार पारी खेलकर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले वरुण कुमार सिंह को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। यही नहीं, उन्होंने विपक्षी टीम को 4 ओवर में मात्र 16 रन देकर 2 विकेट लिए। इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई हेतु कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ अवनीश मिश्र, प्रो आलोक मिश्र, प्रो आदित्य कुमार सिंह, प्रो प्रभात शुक्ला, डॉ जयशंकर ओझा, प्रो देवेंद्र सिंह, प्रो अजीत सिंह चारग, डॉ मृदुल पटेल, डॉ प्रांजल शाही आदि उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा को दैनिक जीवन में अपनाने का लिया संकल्प

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- एसके पब्लिक स्कूल निगोही में यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



नगर पंचायत निगोही स्थित एसके पब्लिक स्कूल में यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ ट्रैफिक संजय कुमार सिंह द्वारा दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीओ ट्रैफिक ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी तथा सभी से अपील की कि वह स्वयं नियमों का पालन करें और अपने अभिभावकों को भी इसके लिए प्रेरित करें। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए यातायात मॉडल, पोस्टर, चार्ट एवं प्रस्तुतीकरण का अवलोकन मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कक्षा एनसी और केजी के छोटे बच्चों ने ट्रैफिक लाइट बनकर सभी को उसके संकेतों के बारे में रोचक तरीके से जानकारी दी, जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम में यातायात विषयक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसी बीच प्रभारी यातायात विनोद कुमार पांडेय ने सभी बच्चो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सड़क पर सुरक्षित चलना तथा दूसरों को भी सुरक्षित करना, यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्हीने बच्चों से अपील की कि वह अपने अभिभावकों तथा रिश्तेदारों से यातायात नियमो का पालन अवश्य करवाएं और कम से कम रोज पांच लोगों को अवश्य जागरूक करें। कक्षा यूकेजी के छात्र हृदय का यातायात नियमो के प्रति जागरूकता से गदगद होकर यातायात प्रभारी विनय पांडेय ने अपनी कैप पहनकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही जिन छात्रों के पोस्टर और विचार उत्कृष्ट रहे, उन्हें भी सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबन्धक अथर मोहम्मद, प्रधानाचार्य सौरभ कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। अंत मे प्रधानाचार्य सौरभ कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में अतिथियो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन अध्यापिका शिप्रा सिंह व यूसरा खान ने किया। इस अवसर पर प्रगति दीक्षित, तबस्सुम खान, कंचन सिंह, वर्तिका सक्सेना, तोशिना दीक्षित, प्रिय सक्सेना, उरूज़ शारिक, तालिब खान, कपिल सिंह आदि अध्यापक अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

# छज्जा निकालकर अवैध निर्माण का आरोप

- तहसीलदार ने दिये निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जलालाबाद नगर के मोहल्ला प्रेम नगर निवासी महिलाओं ने थाने में सामूहिक शिकायत में बताया कि उनके मोहल्ले में कुशवाहा छात्रावास के उत्तर वाली गली में एक युवक द्वारा बिना नक्शा पास कराए मकान का निर्माण कराया जा रहा है। उनके मकान के पास से जाने वाली गली अति सकरी है और वह ऊपर से अवैध रूप से छज्जा निकालकर निर्माण कर रहे हैं, जिससे आगे रहने वाले लोगों का आवागमन बंद होने जाएगा और भविष्य में यह छज्जा लड़ाई झगड़े का केंद्र बन जाएगा। महिलाओं ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर छज्जा के निर्माण रूकवाये जाने की मांग की है। शिकायत करने वाली महिलाओं में सुषमा, गीता देवी, राम बेटी, गीता मिश्रा, मनीषा देवी, मुन्नी देवी एवं सभासद रविकांत मिश्रा के हस्ताक्षर हैं। पुलिस ने हल्के की सिपाही सुशील कुमार को मौके पर भेजो वह अतिक्रमण करने वालों से जानकारी देने के बाद लौट आया। मोहल्ले में तनाव की स्थिति बनी हुई है। वही तहसीलदार अनुराग दुबे ने नगर पालिका प्रशासन को अवैध निर्माण कार्य रूकवाये जाने के निर्देश दिए हैं।

## नई श्रम संहिताएं

इसमें दो राय नहीं कि नई श्रम संहिताएं लागू करना देश के श्रम परिदृश्य में एक नये दौर में प्रवेश करने जैसा है। केंद्र सरकार ने चारों श्रम संहिताओं मसलन वेतन,औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा एवं कार्य स्थितियों को अधिसूचित किया है। केंद्र सरकार 29 केंद्रीय कानूनों की जगह चार संहिताओं को लाने वाले इस कदम को ऐतिहासिक सुधार के तौर पर पेश कर रही है। दावा किया जा रहा है कि इससे अनुपालन सरल बनेगा, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा और ये कदम श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूती देगा। इस पहल में कर्मचारियों को समय पर वेतन, औपचारिक नियुक्ति पत्र देने, न्यूनतम वेतन की गारंटी और वार्षिक स्वास्थ्य जांच का वायदा किया गया है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि श्रम सुधारों के कई प्रावधान, लंबे समय से अपेक्षित प्रगति का संकेत देते हैं। सभी क्षेत्रों में न्यूनतम वेतन का सार्वभौमिक वैधानिक अधिकार, अनिवार्य लिखित नौकरी अनुबंध, निश्चित अवधि के कर्मचारियों के लिये बेहतर ग्रेच्युटी तक पहुंच और स्वास्थ्य व सुरक्षा पर स्पष्ट मानदंड, औपचारिक प्रावधानों और पारदर्शिता की दिशा में बदलाव को रेखांकित करते हैं। निश्चित रूप से सामाजिक-सुरक्षा ढांचे के भीतर गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को मान्यता देना शायद सबसे बड़ा संरचनात्मक परिवर्तन माना जा सकता है। सही मायनों में यह बदलाव लंबे से समय से वैधानिक दायरे से बाहर रह रहे एक बड़े वर्ग को मान्यता प्रदान करता है। निश्चय ही, ये देश के लाखों कामगारों को सुरक्षा कवच प्रदान करेगा। वहीं दूसरी ओर ये संहिताएं महिलाओं के लिये भी रोजगार की समान परिस्थितियां अनिवार्य बनाती हैं। इस प्रयास से महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी का दायरा बढ़ेगा। हालांकि, इन प्रयासों से जुड़ी कुछ जरूरी चेतावनियां भी सामने आ रही हैं। उदाहरण के लिये औद्योगिक संबंध संहिता, छंटनी और संस्थान को बंद करने के लिये सरकारी मंजूरी की सीमा को सौ कामगारों से बढ़ाकर तीन सौ कर देती है। इन नई श्रम संहिताओं के लागू होने पर उद्योग जगत जहां इस बदलाव को लचीला बताकर स्वागत कर रहा है, वहीं श्रम संगठनों को चिंता है कि इससे रोजगार की सुरक्षा कम होगी। ऐसी ही कई आशंकाओं को लेकर देश की कई केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। उनका तर्क है कि नई व्यवस्था कामगारों के सामूहिक दबाव से बातचीत की गुंजाइश को कमजोर करती है। साथ ही सत्ता का झुकाव नियोक्ताओं की ओर नजर आता है। वहीं दूसरी ओर नये प्रावधानों का क्रियान्वयन राज्यों पर निर्भर करेगा। जिन्हें इसके बाबत पूरक नियम बनाने होंगे। राज्यों द्वारा असमान रूप से प्रावधान अपनाने से एकीकृत रूप से राष्ट्रीय व्यवस्था के निर्माण में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं दूसरी ओर इन संहिताओं की सफलता प्रवर्तन की ईमानदारी पर निर्भर करेगी। यह प्रयास तभी प्रभावी होगा जब कार्य परिस्थितियों का पारदर्शी निरीक्षण, सकारात्मक परिणाम देने वाले शिकायत तंत्र और अनौपचारिक कार्यबल तक सही मायने में पहुंचने वाली सामाजिक सुरक्षा योजनाएं सिरे चढ़ सकेंगी। निस्संदेह, देश ने अपनी श्रम नियमावली को फिर से लिखा है। लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव आने में अभी कुछ वक्त लगेगा।

# कृत्रिम मेधा का महत्व और दरकते-जुड़ते रिश्ते

हरीश शिवनानी



**अमेरिका में ही 2025 में ट्रेविस नामक व्यक्ति ने चैटबॉट 'लिली रोज' से डिजिटल समारोह में विवाह किया। इसी तरह अलाईना विंटर्स ने भी एक रोबोट 'लुकास' से विवाह किया। इन विवाहों से सवाल भी उभरते है कि आखिर वह कौन-सी दुनिया है जिसमें इनसान मशीन के पास सुकून खोजने को मजबूर हो जाता है? वह कौन-सा जीवन है जहां लोग इतने अकेले हो चुके हैं कि उन्हें एक डिजिटल साथी के सामने दिल खोलना आसान लगता है? ऐसे विवाह करने वाले सभी लोगों के तर्क में एक सामान्य बात थी कि वे इस भरी दुनिया में बेहद अकेलापन महसूस कर रहे थे और वर्चुअल रूप से उन्हें एक 'परफेक्ट पार्टनर' मिल गया है। दरअसल इन घटनाओं को सतह से नहीं, भीतर से देखने की जरूरत है। कभी मानव समाज का स्वरूप वृहद था, लोग एक ही छत के नीचे रहते थे, सब आत्मीय रिश्तों की डोर से बंधे थे।**

बात इसी साल सितंबर की है। एक छोटे देश अल्बानिया ने एक कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) 'डिएला' को स्त्री रूप देकर उसे अपनी केंद्रीय सरकार में कैबिनेट मंत्री बना दिया और दुनिया में मनुष्य बनाम तकनीक को लेकर एक बहस की शुरुआत कर दी। इस बहस के बीच ही जापान की 32 वर्षीय ऐमी कैनो ने नवंबर में अपने प्रेमी से लंबे ब्रेकअप के बाद चैटजीपीटी 'क्लॉस' से विवाह कर बहस को नया आयाम दे दिया है। कैनो ने विवाह करने के लिए 'एआई पर्सोना' को अपने स्वानुकूल बनाया। आवाज, टोन, पर्सनेलिटी तय कर डिजिटल इमेज भी बनाई और उसे नाम दिया 'क्लॉस'। इतना ही नहीं, उसने विवाह समारोह का आयोजन भी किया।यह कार्यक्रम नाओ और सायाका ओगासावारा ने आयोजित किया, जो %2 डी कैरेक्टर वेडिंग्स% करवाने में विशेषज्ञ हैं यानी वर्चुअल या 'फिक्शनल पार्टनर' से शादी करने वाले लोगों के लिए समारोह।

यह मामला तकनीक के अलावा सामाजिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से काफी दिलचस्प है। इसके कई चिंतनीय पहलू हैं। प्रश्न यह है कि क्या तकनीक अब पति-पत्नी जैसे नितांत निजी और अंतरंग मामले में भी मनुष्य का विकल्प बनने जा रही है? कैनो का 'क्लॉस' से प्रतीकात्मक विवाह पहला मामला नहीं है। पुरुष या स्त्री रूप बने एआई/रोबोट/होलोग्राम के बीच ऐसे 'विवाह' के अन्य मामले भी हैं। यह कानूनी रूप से मान्य नहीं होते, लेकिन भावनात्मक रूप से व्यक्ति के लिए गहन होते हैं। 2017 में चीन के इंजीनियर झेंग जियाजिया ने खुद एक रोबोट 'यिंगयिंग' बनाया और उससे 'विवाह' कर लिया। 2018 में जापान के अकीहिको कोन्डो ने वर्चुअल पॉप स्टार हत्सुने मिकु (एक होलोग्राफिक एआई चरित्र) से तो 2023 में अमेरिकी रोसाना रैमोस ने रेप्लिका ऐप पर बनाए गए चैटबॉट 'एरेन कार्टल' से वर्चुअल मैरिज की।

अमेरिका में ही 2025 में ट्रेविस नामक व्यक्ति ने चैटबॉट 'लिली रोज' से डिजिटल समारोह में विवाह किया। इसी तरह अलाईना विंटर्स ने भी एक रोबोट 'लुकास' से विवाह किया। इन विवाहों से सवाल भी उभरते है कि आखिर वह कौन-सी दुनिया है जिसमें इनसान मशीन के पास सुकून खोजने को मजबूर हो जाता है? वह कौन-सा जीवन है जहां लोग इतने अकेले हो चुके हैं कि उन्हें एक डिजिटल साथी के सामने दिल खोलना आसान लगता है? ऐसे विवाह करने वाले सभी लोगों के तर्क में एक सामान्य बात थी कि वे इस भरी दुनिया में बेहद अकेलापन महसूस कर रहे थे और वर्चुअल रूप से उन्हें एक 'परफेक्ट पार्टनर' मिल गया है। दरअसल इन घटनाओं को सतह से नहीं, भीतर से देखने की जरूरत है। कभी मानव समाज का स्वरूप वृहद था, लोग एक ही छत के नीचे रहते थे, सब आत्मीय रिश्तों की डोर से बंधे थे।आगे चलकर विवाह का अर्थ बदल गया। रिश्तों का केंद्र 'साथीपन' बन गया, जिसमें अपनेपन की तलाश, भावनात्मक सहारा, दर्द और थकान को साझा करने की अपेक्षाएं थीं, लेकिन आधुनिक दुनिया इस साथीपन को धीरे-धीरे खोखला भी करती गई। समय की कमी, अस्थिर रोज़गार, असुरक्षा का भाव, संत्रास, कुंठा, अवसाद, महानगरों का अजनबीपन सब मिलकर ऐसा माहौल बना रहे हैं,जहां रिश्तों का बंधन निभाने का धैर्य कम होता जा रहा है। उनकी दिनचर्या में लोगों से संपर्क तो है, पर संबंध नहीं, आत्मीयता तो कतई नहीं। ऐसे माहौल में मन ऐसी उपस्थिति खोजने लगता है जो थकती न हो, शिकायत न करे, गायब न हो जाए। ये विवाह उस खालीपन की तरफ़ ही इशारा करते हैं जिसे भरने के लिए हर कोई अलग राह चुनता है। इसी आधुनिक जीवन का एक पथ तकनीक से भी होकर गुजर रहा है। ये घटनाएं सिर्फ 'अनूठी खबर' मात्र नहीं है, बल्कि समाज शास्त्र के एक बड़े बदलाव की ओर संकेत करती हैं- जहां मानव संबंधों की पारंपरिक धारणाएं बदल रही हैं।

करीब तीन साल पहले इजराइल के प्रोफेसर समाजशास्त्री एलियाकिम किस्लेव ने किताब लिखी- 'रिलेशनशिप 5.0 हाऊ एआई,वीआर एंड रोबोट्स विल रिशेप अवर इमोशनल लाइव्स'। यह किताब मानव संबंधों के इतिहास को तकनीकी विकास के चश्मे से देखती है। विकास का पहला चरण प्रागैतिहासिक काल से शुरू होता है। नवीनतम चरण 21वीं शताब्दी का है, जहां यांत्रिक बुद्धिमत्ता, वर्चुअल रियलिटी और रोबोट्स संबंधों का केंद्र बन रहे हैं। तकनीक अब सिर्फ उपकरण नहीं, बल्कि आधुनिक दौर में मशीनें 'भावनात्मक साझेदार' बन रही हैं। वे कहते हैं, तकनीक अब हमारा नया जीवन साथी है।

ये 'डिजिटल साथी' भावना अकेल जीवन बिताने वालों के लिए एक वैकल्पिक सहारा बन रहे हैं। मशीनी साथी, खासकर चैटबोट, ऐसी प्रतिक्रियाएं देते हैं जो सहानुभूति युक्त, स्थिर और प्रशंसात्मक हो सकती हैं। यह व्यवहार 'एम्पैथिक रीफ्लेक्टिंग साथी' जैसा हो सकता है- जो व्यक्ति को यह महसूस कराता है कि उसकी भावनाओं को समझा गया है और वे एआई के साथ गहरा आत्मीय रिश्ता महसूस करने लगते हैं। इतना सब होने के बावजूद यह बिंदु भी गौरतलब है कि ये रिश्ते पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं को चुनौती देते हैं, इनके जोखिम भी बहुत हैं। लंबा भावनात्मक रिश्ता सामाजिक हानि में बदल सकता है। ये रिश्ते भविष्य में लैंगिक अनुपात को तो असंतुलित तो करेंगे ही, पारिवारिक संस्था के विघटन से सामाजिक अलगाव भी ज्यादा नजर आएंगे। यदि व्यक्ति भावनात्मक रूप से मशीनी, आभासी रिश्तों पर बहुत अधिक निर्भर हो जाएगा तो एआई के बंद होने, मॉडल बदलने, या सर्विस में बदलाव आने पर उसे झटका भी लग सकता है। यह उसे गहरा मानसिक आघात ही पहुंचाएगा।

## मजहब का जिहादी जहर...कदम -कदम पर कहर

देश में आजादी से अब तक आतंकवाद नहीं रुक सका है। इस दौरान सभी सरकारों ने इस पर शिकंजा कसने के अथक प्रयास किए। वर्ष 1980 से आज तक भारत में लगभग 125 बड़े हमले हो चुके हैं। इन हमलों में हजारों लोग बेमौत मारे गए। यह हर बार अपने मंसूबों में कामयाब हो जाते हैं। इनकी ट्रेनिंग इतनी खतरनाक होती है कि वह अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भी घटना को अंजाम दे देते हैं। दरअसल आतंकवादियों के लिए आतंक फैलाना हमेशा एक बड़ा व्यवसाय रहा है। आतंकवादी संगठन मजहब के नाम पर रोजाना सैकड़ों युवाओं को दलदल में खींच लेते हैं।मजहब के नाम पर कुर्बान होने के लिए उनके दिमाग में जहर भरा जाता है।दिल्ली में लाल किला के पास हालिया आतंकी हमले को अंजाम देने वाले वालों में डॉक्टर जैसे पढ़े-लिखे लोगों की लंबी कतार निकली।

इनमें एक आतंकी लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार शाहीन 2015 में पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी थी। एक डॉक्टर के मन में इतना जहर कैसे हो सकता है, यह बड़ा सवाल है। आप जिस देश में रह रहे हो, उससे इतनी बड़ी गद्दारी कर रहे हो। जांच में पता चला कि वर्ष 2021 में एक रिश्तेदार ने डॉ. शाहीन को पति, बच्चे और नौकरी छोड़ने पर जब टोका तो उसने कहा था- परिवार और नौकरी में क्या रखा है। अपनों के लिए बहुत जी लिए। अब कौम का कर्ज उतारने का समय है। इसी वाक्य से बहुत कुछ तय हो जाता है। दुनिया में माना जाता है कि डॉक्टर का पेशा बहुत पवित्र होता है। यह पेशा लोगों की जान बचाता है। अगर ऐसे लोगों के मस्तिष्क बदला जा सकता है तो फिर किसी का भी संभव हैं। सवाल यही है कि आखिर इनके पास ऐसी कौन सी शक्ति है जो यह किसी को भी नियंत्रित कर लेती है। आखिर अमेरिका व अन्य शक्तिशाली देश भी इन पर नियंत्रण क्यों नहीं पा सके। भारत सरकार ने अब तक 42 संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। विकीपीडिया के अनुसार, दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल ने भारत में संचालित होने वाले 180 से अधिक आतंकवादी समूहों को सूचीबद्ध किया है।

इनमें से कुछ पड़ोसी देशों में भी सक्रिय हैं। आश्चर्य की बात है कि इनका देश में बैठे कुछ आस्तीन के सांप खुलेआम समर्थन भी करते हैं। जाकिर नाईक जैसे फर्जी धर्मगुरुओं ने धर्म परिवर्तन की दुकान खोलकर लाखों युवाओं को आतंकवाद में धकेलने का काम किया है। इस कड़ी में छांगुर बाबा जैसे अनेक मगरमच्छ भी जुड़े हैं। हर सरकार आतंकवाद पर शिकंजा कसने के लिए हर अथक प्रयास करती है और पूरी निगरानी भी रखती है फिर भी उनके मंसूबों को समय रहते भांप नहीं पाती। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में लगातार जनसंख्या बढ़ रही है, इसलिए सभी पर नजर रखना बहुत मुश्किल है। इसलिए भारत सभी कट्टर इस्लामिक आतंकवादी संगठनों की निगाह में रहता है।

हरियाणा के फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के तार जुड़ने से नकारात्मक संदेश गया। तीन संदिग्ध डॉक्टरों की वजह से विद्यार्थियों पर भी गाज गिर रही है। यूनिवर्सिटी की मान्यता रद्द हो चुकी है। अब जितनी भी इस्लामिक यूनिवर्सिटी हैं उनको भी शक के घेरे में लिया जा रहा है। इस घटना से देश में सभी मुस्लिम डॉक्टरों को भी संदेह की नजर से देखा जाने लगा है। इस जिहादी मानसिकता को कैसे बदला जाए, इस पर गहन चिंतन की जरूरत है। यह भी महत्वपूर्ण है कि सोशल मीडिया के दौर में संपर्क साधना बहुत आसान हो गया और आतंकवादी संगठन इसका जमकर फायदा उठा रहे हैं।इस खेल के चक्रव्यूह को भेदना आसान तो नहीं हैं लेकिन असंभव भी नहीं हैं। सोशल मीडिया पर देश विरोधी एजेंडा चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई इसका प्रमुख हिस्सा हो सकती है। आतंकवाद हजारों-लाखों मांगों का सिंदूर उजाड़ चुका है। इस पीड़ा को समझते हुए सरकार को निर्णायक रणनीति की ओर कदम बढ़ाने चाहिए, जिससे देशवासियों को धैर्य व विश्वास के साथ जिंदगी जीने को मिल सके।

## विचार

# एसआईआर एक, लाभ अनेक

प्रेम शर्मा




**भारत में अनुमानित घुसपैठियों की संख्या एक विवादास्पद विषय है। हम अगर बीस साल पहले की बॉत करे तो साल 2004 में, सरकार ने अनुमान लगाया था कि लगभग 1.2 करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे थे। जबकि 2016 की एक रिपोर्ट में यह संख्या लगभग 2 करोड़ बताई गई थी। 2020 में, सरकार ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में 1.1 लाख बांग्लादेशी रहे हैं, जिनके वीजा की वैधता समाप्त हो चुकी थी। सरकार यह भी स्वीकार चुकी है कि देश के सभी हिस्सों में रहने वाले अवैध प्रवासियों के सटीक आँकड़े जुटाना मुश्किल है। अवैध घुसपैठ को लेकर प्रधानमंत्री मोदी लालकिले की प्राचीर से कह चुके है कि धुसपैठ देश की जनसांख्यिकी स्थिति के लिए खघ्तरा है।**

देश के वोटर लिस्ट को सुधार करने का एक शांत लेकिन जरूरी काम चल रहा है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन, या एसआईआर में बूथ लेवल ऑफिसर अपडेटेड लिस्ट के साथ घर.घर जा रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े इलेक्टोरल डेटाबेस में से एक पर काम करते हुए कन्फर्मेशन और करेक्शन मांग रहे हैं। इससे बहस छिड़ीघ् है। इस बात को लेकर नई जिज्ञासा पैदा हुई है कि भारत का सबसे बुनियादी डेमोक्रेटिक डॉक्यूमेंट कैसे सही रखा जाता है। भले ही हमें अभी एसआईआर एक सुक्ष्म कार्यप्रणाली लग रही हो लेकिन इसके फायदे अनेक है।

भारी संख्या मे घुसपैठियों का रोजगार पर कब्जा, संगठित अपराधों में बढ़ोत्तरी और सरकार बदलने की ताकत को रोकने में यह प्रयास काफी कारगार साबित होगा। सरकार की इस सटीक और सूझबूझ की रणनीति का परिणाम कुछ्दे से मिलेगा लेकिन वह देश हित में होगा। करोड़ों की संख्या में अवैध घुसपैठियों और फर्जी वोटरों के खात्मे के लिए किया जा रहा यह कार्य कई पॉलिटिकल पार्टियां खतरे की घंटी बजा रहा हैं। जैसे-जैसे यह काम आगे बढ़ रहा है, एक नया सवाल सामने आने लगा है। सबसे खास बॉत यह कि अवैध घुसपैठियों को शरण देने वाले आंका सरकार के इस प्रयास से तिलमिलाए हुए है। वैसे पड़ोसी देशों से घुसपैठ भारत के लिए नासूर बनने की ओर है। बाहरी नागरिकों के भारत में अवैध रूप से बसते जाने का संकेत दे रहे आंकड़े और अनुमान चौंकाते हैं। बांग्लादेश और म्यांमार जैसे देशों से हो रही घुसपैठ भारतीय नागरिकों के हितों और हक को हड़पने का सबब बन गई है। इसके सामाजिक,आर्थिक और आपराधिक दुष्प्रभाव सामने आ रहे है।लिहाजा घुसपैठ का यह मसला राष्ट्रीय मुद्दा है। ऐसे में एसआरआई की जरूरत को नकारा नही जा सकता।

भारत में अनुमानित घुसपैठियों की संख्या एक विवादास्पद विषय है। हम अगर बीस साल पहले की बॉत करे तो साल 2004 में, सरकार ने अनुमान लगाया था कि लगभग 1.2 करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे थे। जबकि 2016 की एक रिपोर्ट में यह संख्या लगभग 2 करोड़ बताई गई थी। 2020 में, सरकार ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में 1.1 लाख बांग्लादेशी रहे हैं, जिनके वीजा की वैधता समाप्त हो चुकी थी। सरकार यह भी स्वीकार चुकी है कि देश के सभी हिस्सों में रहने वाले अवैध प्रवासियों के सटीक आँकड़े जुटाना मुश्किल है।

अवैध घुसपैठ को लेकर प्रधानमंत्री मोदी लालकिले की प्राचीर से कह चुके है कि धुसपैठ देश की जनसांख्यिकी स्थिति के लिए खघ्तरा है। जो अब एक चुनौती बन गई है। सोचे-समझे षड्यंत्र के तहत देश की जनसांख्यिकी को बदल कर नए संकट के बीज बोए जा रहे हैं। घुसपैठिए देश के युवाओं की रोजी-रोटी छीन रहे हैं और हमारी बहन-बेटियों को निशाना बना रहे हैं। जनजातियों को गुमराह कर उनकी जमीनें हड़प रहे हैं। अवैध घुसपैठियों को प्रदेश से बाहर निकालने के मिशन में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को अवैध घुसपैठियों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई का निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में रहने वाले अवैध घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित कर नियमानुसार कार्रवाई करे। असम में पहले से यह मिशन तेजी से चल रहा है। मध्यप्रदेश, गुजरात, उत्तराखण्ड आदि कई राज्यों के मुख्यमंत्री घुसपैठियों को खदड़ने के लिए कमर कस चुके है। देशभर में नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी को लेकर बहस चल रही है। कुछ लोग इसके सपोर्ट में हैं तो बहुत से लोग इसका विरोध कर रहे हैं। देश के कई हिस्सों में हिंसक विरोध प्रदर्शन भी हो चुके हैं। असम में देश का सबसे बड़ा डिटेंशन सेंटर बन रहा है। गुवाहाटी से करीब 150 किलोमीटर दूर राज्य के गोवालपारा जिले में बनाए जा रहे इस डिटेंशन कैंप में घुसपैठियों को रखा गया। ऐसा इसलिए कि भारत में सार्वधिक घुसपैठिये असम और बंगाल में है लेकिन असम भी भाजपा नीति सरकार के चलते यह पहल कामयाब रही जबकि पंश्चिम बंगाल में इस कार्यवाही का ममता बनर्जी सरकार का पूरजोर विरोध आज भी जारी है। सबको याद होगाकि फिल्म अभिनेता सैफ अली पर हमले का आरोपी बांग्लादेशी है। यानि आपराध में इनकी अधिकाधिक भागीदारी को नकारा नही जा सकता।



## राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# दधीचि और कर्ण के देश में अंगदान को लेकर कंजूसी

**सचमुच अफसोस की बात है कि इतिहास में दानियों से भरे पड़े देश भारत का अंगदान के मामले में दुनिया में सबसे निचला स्थान क्यों है? दरअसल इसका उत्तर सिर्फअंगदान के प्रति जागरुकता की कमी भर नहीं है बल्कि इसके पीछे सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, धार्मिक और संस्थागत व प्रशासनिक जटिल कारण भी हैं। मौजूदा हकीकत यह है कि मृत्यु के बाद दूसरों के शरीर के लिए काम आ जाने वाले अंगों को दान देने वालों की संख्या ऊंगलियों पर गिनने लायक है। दरअसल अंगदान के प्रति हमारे समाज में संकोच, अशुचि-भाव और भय बहुत गहरे हैं। जैसा कि हम सब अपनी पौराणिक कथाओं में पढ़ते हैं कि महर्षि दधीचि ने देवताओं को दानवों से रक्षा करने के लिए अपनी हड्डियों का दान दे दिया था ताकि उनसे बनने वाले धनुष से वक्रासुर नामक राक्षस का वध किया जा सके।**

देश में अतीत में अंगदान से जुड़े कई उदाहरण व आदर्श मौजूद हैं लेकिन अंगदान की दर विदेशों के मुकाबले बहुत कम है। मृत्यु के बाद दूसरों के शरीर के लिए काम आ जाने वाले अंगों को दान देने वालों की संख्या बहुत मामूली है। दरअसल अंगदान के प्रति हमारे समाज में संकोच, अशुचि-भाव और भय बहुत गहरे हैं। जागरुकता की कमी के अलावा इसके पीछे सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, धार्मिक और संस्थागत व प्रशासनिक जटिल कारण भी हैं। यह सोचने वाली बात है कि जिस देश में परोपकार के लिए अपनी हड्डियों तक का दान दे देने वाले महर्षि दधीचि हुए हैं और अपनी जान की परवाह न करते हुए कवच और कुंडल का दान कर देने वाले अंगराज कर्ण हुए हैं, उस देश में आखिर 'अंगदान-महादान' सिर्फएक नारा ही क्यों है?

सचमुच अफसोस की बात है कि इतिहास में दानियों से भरे पड़े देश भारत का अंगदान के मामले में दुनिया में सबसे निचला स्थान क्यों है? दरअसल इसका उत्तर सिर्फ अंगदान के प्रति जागरुकता की कमी भर नहीं है बल्कि इसके पीछे सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, धार्मिक और संस्थागत व प्रशासनिक जटिल कारण भी हैं। मौजूदा हकीकत यह है कि मृत्यु के बाद दूसरों के शरीर के लिए काम आ जाने वाले अंगों को दान देने वालों की संख्या ऊंगलियों पर गिनने लायक है।

दरअसल अंगदान के प्रति हमारे समाज में संकोच, अशुचि-भाव और भय बहुत गहरे हैं। जैसा कि हम सब अपनी पौराणिक कथाओं में पढ़ते हैं कि महर्षि दधीचि ने देवताओं को दानवों से रक्षा करने के लिए अपनी हड्डियों का दान दे दिया था ताकि उनसे बनने वाले धनुष से वक्रासुर नामक राक्षस का वध किया जा सके। लेकिन आज किसी व्यक्ति के 'ब्रेन-डेड' हो जाने के बाद उसके परिजनों से उसके अंगों का दान करवाने के लिए हामी भरवाना बेहद कठिन है। इसलिए आदर्श हमारे चाहे जितने बड़े हों, वास्तविकता में हम उनके कहीं आसपास भी नहीं फटकते। दरअसल अंगदान से डरने की सबसे बड़ी वजह मृत्यु से जुड़े मिथक और मनोवैज्ञानिक भय हैं। इसके चलते लोग चाहते हैं कि मृत्यु के बाद भी उनके शरीर को पूरा रखा जाए। यह भी धारणा है कि मृत्यु के बाद शरीर को चीरना महापाप है। एक नहीं अनेक मिथक हैं जिस कारण भारत के लोग फिर वह चाहे जिस धर्म या समुदाय से नाता रखते हों, अंगदान करने से घबराते हैं। इन मान्यताओं और विश्वासों के कारण ही लोग मर जाने के बाद भी अपने परिजनों के अंगों का दान नहीं करते। भारत में अगर लोग अपने किसी परिजन के ब्रेन-डेड हो जाने के बाद भी उसके शारीरिक अंगों का दान करने से कतराते हैं, तो इसके पीछे एक बड़ी वजह ब्रेन-डेड की अवधारणा को सही से न समझ पाना भी है। जबकि दुनिया के ज्यादातर देशों में अंगदान का सबसे बड़ा स्रोत ब्रेन-डेड मरीज ही होते हैं। जबकि भारत में ऐसे लोगों को 'अभी जीवित है' मानकर उसके अंगों के दान से पीछे हट जाते हैं। भारत में ज्यादा से ज्यादा लोग अगर किसी मरीज के हृदय की धड़कन चल रही हो और वैज्ञानिक रूप से भले उसकी ब्रेन-डेथ हो चुकी हो, फिर भी उसे मरा नहीं समझते।

कहीं न कहीं मन में उम्मीद बाकी रहती है कि शायद ब्रेन-डेड व्यक्ति दोबारा जीवित हो जाए। दरअसल अंगदान के मामले में सबसे बड़ी बाधा यही भावुक स्थिति है। भारत में अंगदान को लेकर सिर्फ यहां के लोग ही नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर हमारे यहां के अस्पताल भी इसके प्रति उदासीन रहते हैं। यही वजह है कि अंगदान को लेकर अस्पतालों में भी बड़ी धीमी और कई बार नकारात्मक प्रक्रिया देखने को मिलती है। क्योंकि आधुनिक अंगदान की वैज्ञानिक-प्रशासनिक प्रक्रिया है, इसलिए अगर अस्पताल इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका नहीं अदा करेंगे, तो उसे व्यावहारिक कर पाना संभव नहीं। सबसे पहले तो अस्पतालों में ब्रेन-डेड की ठोस घोषणा बहुत मुश्किल से होती है। फिर अस्पतालों में ट्रेंड ट्रांसप्लांट को-आर्डिनेटर का भी अभाव होता है और अगर किसी दूसरे अस्पताल से अंग प्राप्त करने की बात हो तो वहां से जरूरत की जगह तक अंग के पहुंचने के लिए साफ सुथरा, निर्बाध और सटीक रास्ता नहीं होता। वैसे 2023-24 की एक वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 5,651 पुरुष और 9,784 महिलाएं ही जीवित अंगदान दाता थीं और साल 2024 में देश के अंदर 18,911 लोगों को अंग प्रत्यारोपण किये गये। भारत में मृत दाताओं का औसत प्रति दस लाख की आबादी में 0.5 है। जबकि भारत में अकेले हर साल 63 हजार लोगों को गुर्दा प्रत्यारोपण की ही जरूरत होती है और लगभग 22 हजार लोगों को हर साल लिवर प्रत्यारोपण की जरूरत होती है। लेकिन देश में अंगदान की चेतना और रुचि न होने के कारण ज्यादातर लोगों की जान बिना प्रत्यारोपण के ही चली जाती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### राम जन्म भूमि कार्यक्रम में शामिल होने गए 52 श्रद्धालुओं का आरएसएस ने केशव कुंज में स्वागत कर रवाना किया



**हमीरपुर।** रानी लक्ष्मी बाई चौराहा स्थित संघ कार्यालय केशव कुंज में अयोध्या राम जन्मभूमि कार्यक्रम में जिले भर से जा रहे श्रद्धालुओं का स्वागत कर उनको अयोध्या के लिए रवाना किया गया सभी श्रद्धालुओं को माथे पर तिलक और माला पहनाकर मुंह मीठा करा कर बस में बैठा कर रवाना किया गया सभी श्रद्धालु अयोध्या में हो रहे ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होकर उन सभी होने वाले कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे श्रद्धालुओं का स्वागत करने में सरस्वती शरण द्विवेदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण प्रमुख उमेश दीक्षित भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक नगर प्रचारक विवेक सहित तमाम राम भक्त व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### प्रेमी जोड़े को पकड़ कर प्रेमी के साथ की मारपीट



**मौदहा हमीरपुर।** रविवार की सुबह एक नगर के एक मोहल्ले में कार की आड़ में प्रेमालाप करते प्रेमी जोड़े को पकड़ प्रेमी के साथ की गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जो नगर में समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है हालांकि इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अपने को अनजान बताया है अगवत हो कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया में तरह-तरह के वीडियो वायरल हो रहे हैं। रविवार की सुबह नगर के मथुरा मंदिर के समीप एक गली में खड़ी कार की आड़ में एक युवा प्रेमी जोड़ा प्रेमालाप करने में व्यस्त था तभी मोहल्ले के घरों की छतों में खड़े कुछ लोगों ने इसका वीडियो बना उक्त प्रेमी जोड़े को पकड़ लिया उसके बाद प्रेमी की जमकर पिटाई करने के बाद प्रेमिका को भी हड़काया। लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया जो नगर समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है हालांकि अपना अखबार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह का कहना है कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है।

### खून से लथपथ कुल्हाड़ी के साथ आरोपी गिरफ्तार




**मौदहा, हमीरपुर।** बीते गुरुवार को कलयुगी भतीजे द्वारा कुल्हाड़ी से दौडाकर पड़ोसी चाची की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है बीते बीस नवम्बर की सुबह साढ़े दस बजे कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया में कलयुगी भतीजे धर्मेंद्र पुत्र शिवलाल ने अपनी पारिवारिक रिश्ते की चाची कल्ली पत्नी मेड़ेलाल खंगार की दिन दहाड़े दौडाकर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया था और मौके से फरार हो गया था ह्र जिसकी तलाश में कोतवाली प्रभारी ने कई टीमों का गठन कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए थे। इसी मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह,उपनिरीक्षक मनोज पाण्डेय, उप निरीक्षक दिशांत खोखर ,कांस्टेबल आशुतोष, रंजीत कुमार,ग्राम टिकरी में कपसा रोड कुटी मन्दिर के निकट से आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के साथ बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### नीलामी चबूतरों पर आढ़तियों का कब्जा, किसान सड़क पर



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे की नवीन गल्ला मंडी में किसानों के लिए बनाए गए नीलामी चबूतरों में आढ़तियों ने दबंगी के साथ माल जमा रखा है। किसान खुले आसमान के नीचे माल लेकर खड़ा रहने को मजबूर हो रहा है। मंडी सचिव आढ़तियों के ऊपर किसी तरह की सख्ती नहीं करते हैं। इससे आढ़तियों के हौसले बुलंद है। कस्बे की नवीन गल्ला मंडी में चार नीलामी चबूतरा हैं। यह चबूतरा पूरी तरह से किसानों के माल रखकर नीलामी के लिए होते हैं लेकिन यहां ऐसा नहीं है। किसान मंडी की सड़कों पर माल लेकर खड़ा होने को मजबूर होता है और आढ़ती नीलामी चबूतरों में माल खरीदकर डंप करते हैं। मंडी सचिव ब्रजेश कुमार निगम ने बताया कि उन्होंने कई मर्तबा आढ़तियों को नोटिस दिया है। इसके बाद कुछ आढ़ती दबंगी दिखाते हुए नीलामी चबूतरों में कब्जा जमाए हुए हैं जल्द ही इनको पुनः नोटिस देकर चबूतरे खाली कराए जाएंगे।

### चोरों ने मैंन रोड की दुकान में सैधमारी करके दुकान में रखा सामान व नकदी लेकर फरार

**मौदहा हमीरपुर।** मैंन रोड में सैंधमारी कर दुकान में रखें सामान व नगदी लेकर चोर फरार हो गए जिनकी तहरीर दुकान मालिक ने कोतवाली में देते हुए न्याय की गुहार लगाई। बताते चले रविवार की देर रात देवी चौराहा के निकट डॉक्टर सगन के बगल में मनीष कुमार की किराने की दुकान है 23 नवंबर की रात चोरों ने दीवार की सेंधमारी कर वहां रखे सिगरेट,काजू बादाम और गुटका आदि के रु.80000 की लागत का सामान व गोलक में रखें रु.40000 नगद लेकर फरार हो गए जिससे दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर देकर शीघ्र चोरी का खुलासा करने की गुहार लगाई बताते चलें इस घटना से नगर के व्यापारी शक्ते में है खास बात यह है कि मैंन रोड में चोरी की चोरों के बुलंद हौसले को दर्शाता है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने अज्ञात चोरी का मुकदमा दर्ज कर शीघ्र ही खुलासा करने का आश्वासन दिया।

### सड़क दुर्घटना में बाइकसवार ससुर-दामाद घायल

**पनवाड़ी/महोबा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत झांसी-मिर्जापुर राजमार्ग स्थित महुआ मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात बस ने बाइक सवार ससुरदामाद को टक्कर मार दी, हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बसरिया थाना महोबकंठ निवासी 58 वर्षीय शंकर पुत्र बारेलाल अपने दामाद श्रीपत पुत्र कल्लू के साथ बैंक संबंधी कार्य से महोबा मुख्यालय गए थे। लौटते समय महुआ मोड़ के पास राठ की ओर से आ रही अज्ञात बस ने बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुँची डायल 112 में तैनात पीआरबी टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी पहुंचाया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत में सुधार ना होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल 23 वर्षीय श्रीपत पुत्र कल्लू निवासी ग्राम जरिया व थाना जरिया जनपद हमीरपुर ने बताया कि दोनों लोग बैंक का कार्य निपटाकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही बाइक महुआ मोड़ के आगे पहुंची, तभी अचानक तेज रफ्तार अज्ञात बस ने बाइक में टक्कर मार दी।

### मतदाता गणना प्रपत्र को भरकर समय से बीएलओ के पास करें जमाः जिलाधिकारी

**चरखारी/महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा भाग संख्या 336 के बीएलओ निर्भल प्रजापति के विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया। बीएलओ द्वारा अपने बूथ के 1406 मतदाताओं में से 30% मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पाया गया। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देशित किया कि गणना पत्रकों को मतदाताओं से शीघ्र भरने में सहायता व उनको जमा कराने हेतु ग्राम प्रधान, कोटेदार, पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी का सहयोग लेकर इस कार्य को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करा लें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य राष्ट्रीय दायित्व है इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि मतदाता गणना प्रपत्र को सही-सही भरकर समय पर संबंधित बीएलओ को अवश्य जमा करें, जिससे किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से ना छूटे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, पर्यवेक्षकों और सभी बीएलओ से भी अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने की अपेक्षा की है। उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र 4 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक भरे हुए गणना प्रपत्र को जमा करना है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेंद्र कुमार, तहसीलदार चरखारी रामानंद मिश्रा उपस्थित रहे।

### किसान सम्मान निधि योजना के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्यः उप कृषि निदेशक

**महोबा।** उप निदेशक कृषि ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। जनपद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए 149325 कृषक पंजीकृत है, जिसमें फार्मर रजिस्ट्री 85409 कृषकों ने ही करायी है। फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए शासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जनपद के सभी कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य लेखपाल, कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक एटीएम, बीटीएम एवं पंचायत सहायकों द्वारा कैम्प लगाकर की जा रही है। कृषक भाई कैंप में या जनपद में संचालित किसी भी जनसुविधा केन्द्र (सीएससी) से या स्वयं फार्मर रजिस्ट्री कर सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए कृषक को आधार कार्ड, खतौनी एवं मोबाइल साथ में लाना होगा। फार्मर रजिस्ट्री एक डिजिटल डेटाबेस प्रक्रिया है, इसमें किसान की पहचान, भूमि विवरण एवं संपर्क विवरण दर्ज होता है।

# दोस्त की शादी से लौट रहे युवक को डंपर ने कुचला, दर्दनाक मौत

- बाइक को 100 मीटर तक घसीटता ले गया डंपर

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

दोस्त की शादी में शामिल होकर तड़के घर लौट रहे बाइक सवार युवक को खूनी हाईवे में तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से टक्कर मार कर कुचल दिया। इस घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई। बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटता ले गया,जिससे बुरी तरह से चकनाचूर हो गई। वहीं हेलमेट कुछ दूर पड़ा था।




महोबा जनपद के कबरई कस्बे के बांदा चौराहा निवासी देवीदयाल धुरिया (26) पुत्र सियाराम धुरिया रविवार को अपने दोस्त की शादी में शामिल होने हमीरपुर आया था। सुबह यह बाइक से वापस कबरई महोबा लौट रहा था। खूनी हाईवे 34 में नरायनपुर गांव के नजरपुर मोड के पास करीब 5:30 बजे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मारकर उसको कुचलता हुआ निकल गया। इससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। डंपर उसकी बाइक को 100 मीटर तक घसीटता ले गया। जिससे वह बुरी तरह से चकनाचूर हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के पास से मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की सूचना देकर बुलाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक की 24 अप्रैल 2024 को शादी हुई थी। इस घटना से पत्नी अंजलि सहित मां पिता आदि का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## फौजी ड्यूटी के दौरान शाहीद, पार्थिक शरीर को गांव लेकर आ रहे जावान

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी फौज के जवान को ड्यूटी के दौरान शहीद हो जाने की सूचना घर में आते ही कोहराम मच गया। परिजनों का हाल बेहाल है। जम्मू कश्मीर से सेना के जवान पार्थिव शरीर लेकर गांव आ रहे है। क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी गोविंद यादव 32 वर्ष पुत्र कुंवर सिंह वर्ष 2013 में सेना में भर्ती हुआ था। इस समय उसकी तैनाती जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में थी। 23 नवम्बर की शाम उसके गोली लगने से वह शहीद हो गया। देर शाम परिजनों को घटना की जानकारी मिली। तब से परिजनों में शोक का माहौल बना हुआ है। गोविंद के एक बच्ची है।पत्नी व परिजनो का रोकर बुरा हाल है। परिजनों से मिली



जानकारी के अनुसार सेना के जवान अपने वाहन से पार्थिव शरीर गांव लेकर आ रहे है। उनके आने पर अंतिम संस्कार संपन्न होगा।

## एसआईआर कार्यक्रम में आई तेजी कस्बे में जमा हुए 17 फ़ीसदी फॉर्म

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम मे अब तेजी आने लगी है। मतदाता फॉर्म तैयार करके बीएलओ के पास जमा करने के लिए पहुंचने लगे हैं। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) में तेजी आने लगी है। घर-घर मतदाता फॉर्म पहुंचने के बाद मतदाता फॉर्म तैयार करके बीएलओ के पास जमा करने लगे हैं। कस्बे के कम्पोजिट विद्यालय में सोमवार को बीएलओ के पास फार्म जमा करने के लिए लोगों की आवाजाही का क्रम जारी था। बीएलओ सुशील कुमार ने बताया कि




वह भाग संख्या 157 के बीएलओ है। उनके पास 1313 मतदाता हैं। जिनमें अभी तक महज 225 मतदाताओं ने फॉर्म तैयार करके जमा कराए हैं। यह कुल 17 प्रतिशत है। अभी 83 प्रतिशत मतदाता फॉर्म जमा होना बाकी है। कस्बे में औसतन यही हाल अन्य बीएलओ का है। उनके पास भी 15 से लेकर 17 फ़ीसदी मतदाता फॉर्म जमा हो सके हैं।

## तहसील के चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने पुत्री की शादी के नौ दिन पूर्व की आत्महत्या

- अचानक हुई घटना से मचा कोहराम

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के बस स्टाप निवासी तहसील के चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने मानसिक तनाव के चलते सुबह घर के कमरे के अंदर छत के कुंडे के सहारे फांसी लगा ली। उपचार को ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक की बेटी की आगामी 3 दिसंबर को शादी है। कस्बे के बस स्टाप के निवासी रामशरण सोनकर 56 वर्ष तहसील में चतुर्थ श्रेणी कर्मी थे। उनकी पुत्री काजल की शादी आगामी 3 दिसंबर को है। बारात बांदा शहर से आनी थी। घर में शादी की तैयारियां जोरों से साथ जारी थी। इनकी पत्नी



कमलादेवी मायके शादी में शामिल होने के लिए रविवार को कानपुर गई थी। घर पर बेटी काजल ही मौजूद थी। सुबह इन्होंने पुत्री से कहा कि खाना बनाओ तहसील जाना है। पुत्री के खाना बनाने में मशगूल हो जाने पर इन्होंने कमरे के छत पर लगे कुंडे के सहारे फांसी लगा ली। खाना तैयार होने के बाद जब पुत्री पिता को बुलाने कमरे में पहुंची तो नजारा देखकर दंग रह गई। पुत्री के शोर मचाने पर बगल में रहने वाले बड़े भाई आदि लोग भाग कर पहुंचे और कुंडे से उतारकर सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया अचानक हुई इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई है।

### फांसी लगाकर खेतिहर मजदूर ने की आत्महत्या



**मौदहा हमीरपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में खेतिहर मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली आत्महत्या की खबर सुनते ही परिजनों में हड़कंप मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र सके बम्हरौली मजरा डिहा डेरा निवासी राजेश 25 वर्ष पुत्र राम प्रसाद ने अपने घर में रस्सी से घर के छप्पर में बांधकर गले में फंदा लगाकर झूल गया युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई परिजनों ने यह आलम देख गुहार मारने लगे और पुलिस को सूचना दी मृतक तीन भाइयों में तीसरे नंबर का अविवाहित खेतिहर मजदूर था मृतक के नाम दो बीघा जमीन भी है यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पान फसल के विकास हेतु कल आयोजित होगा किसान मेला

**महोबा।** जिला उद्यान अधिकारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि जनपद के समस्त पान उत्पादक कृषकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा पान फसल के संवर्द्धन हेतु पान की खेती में बढ़ोत्तरी एवं गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन को प्रोत्साहन योजना वर्ष 2025-26 अन्तर्गत बुधवार को मुख्यालय के छतरपुर रोड स्थित राजकीय बहुउद्देशीय औद्यानिक इकाई में किसान मेला,गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें पान की नवीनतम खेती की जानकारी, पान फसल में आने वाली समस्याओं के निवारण एवं पान फसल के विस्तार हेतु सरकार द्वारा संचालित योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। साथ ही उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित समस्त औद्यानिक विकास की योजनाओं के प्रदर्शनी स्टॉल एवं अन्य सहयोगी विभागों के प्रदर्शनी स्टॉल लगाये जायेंगे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

- सड़क किनारे लगे कटीले पेड़ों की चपेट में आकर घायल हुआ बाइक सवार

**समृद्धि न्यूज चरखारी/महोबा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चरखारी-सूपा मार्ग पर सड़क किनारे उगे कटीले पेड़ों की चपेट में आने से अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुँची डायल 112 पुलिस टीम ने घायल को 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में भर्ती कराया जहाँ उसका उपचार चल रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि सिर्फ चरखारी-सूपा रोड पर सड़क किनारे कटीले पेड़ों की समस्या नहीं हैं, ग्रामीण



क्षेत्र की ज्यादातर सड़कों पर लंबे समय से सड़क किनारे कटीले पेड़ और झाड़ियाँ फैलती जा रही हैं, जिसके कारण राहगीर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन पेड़ों को नहीं हटाया गया तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि सड़क किनारे उगी खतरनाक झाड़ियों को तत्काल हटवा कर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए,ताकि जानमाल की हानि को रोका जा सके।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

- जनसुनवाई के दौरान आयीं 90 शिकायतें, अधिकांश का मौके पर किया गया निस्तारण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिये जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम ,



खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## जालसाजी कर एक ही खतौनी से कई आरोपियों की जमानत लेने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज श्रीनगर/महोबा।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में अवैध रूप से अपराधियों की जमानत कराने वाले व्यक्तियों के सत्यापन व गिरफ्तारी हेतु संचालित अभियान के तहत पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे इस अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष श्रीनगर जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय बहादुर सिंह मय हमराह को जानकारी मिली कि एक ही खतौनी का उपयोग कर कई अभियुक्तों की जमानत लेने का कार्य किया जा रहा है। सत्यापन के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी रामराजा सिंह पुत्र मंगल




सिंह निवासी ग्राम मबई पेशेवर जमानतदार है जिसके द्वारा कई अभियुक्तों की जमानत ली गई थी। इस अवैध गतिविधि के संबंध में थाना श्रीनगर में मुकदमा धारा 229/233/237/246/318(4) बीएनएस के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित को बिलरही तिराहा मुहल्ला किशोरगंज कस्बा श्रीनगर के पास से गिरफ्तार किया है। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को पेशी हेतु न्यायालय भेजा गया।

## सड़क दुर्घटना में घायल कार चालक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

- बाइक सवार युवक की मौक़े पर हुई थी दर्दनाक मौत

**कुलपहाड़/महोबा।** विगत दिवस पनवाड़ी थाना अंतर्गत राष्ट्रीय मार्ग स्थित ग्राम भरवारा पठारी पुलिया के पास हुए सड़क हादसे में घायल कार चालक ने भी उपचार के दौरान मेडीकल कॉलेज झांसी में दम तोड़ दिया है। इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या अब दो हो गयी है। पनवाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम भरवारा के पास मोटरसाइकिल सवार और चौपहिया वाहन के बीच भीषण सड़क दुर्घटना उस समय हो गई थी, जब मोटरसाइकिल सवार पुष्पेन्द्र अपने चाचा मुन्ना के साथ पनवाड़ी जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे चौपहिया वाहन के बीच ओवरटेक करते समय भीषण टक्कर हो गई थी, जिसमें पुष्पेन्द्र की घटना स्थल पर मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना पनवाड़ी और कुलपहाड़ पुलिस ने



पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया था तथा मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। घायल कार चालक की हालत चिंताजनक होने पर झांसी रिफर कर दिया गया था, जहां कार चालक दीपेन्द्र उर्फ दीपू पुत्र स्वश हरि बाबू निवासी झांसी की मौत हो गई है। इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या दो हो गई है। बताया जाता है कि बाइक सवार कुलपहाड़ निवासी पुष्पेन्द्र अपने चाचा मुन्ना के साथ किसी कार्यक्रम में शामिल होने पनवाड़ी जा रहे थे और कार सवार दीपेन्द्र उर्फ दीपू पुत्र स्व. हरि बाबू निवासी जेल चौराहा के पास झांसी अपनी ससुराल अलीपुरा से मोबाइल का फोल्डर लेने कुलपहाड़ आ रहा था,जो दुर्घटना का शिकार हो गया और उसने मेडिकल कॉलेज झांसी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि मृतक कार चालक अपने पिता की नौकरी दौरान हुई मौत के बाद बीआरसी में चपरासी के पद पर कार्यरत था। जिसकी ससुराल अलीपुरा पनवाड़ी है और जेल चौराहा झांसी में अपनी पत्नी के साथ रह रहा था जिसकी शादी के बाद अभी कोई सन्तान नहीं है । मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया है।

### पत्रकार के उत्पीड़न से नाराज उपजा ने सीएम को ज्ञापन भेजकर की निष्पक्ष जांच की मांग



**समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।** ललितपुर में पत्रकार के खिलाफ हुई कार्यवाही से नाराज कुलपहाड़ तहसील के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार कुलपहाड़ को सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच करा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग उठाई है।

ललितपुर के पत्रकार देवेंद्र कौशिक द्वारा गौशाला की अव्यस्थाओं पर की जा रही रिपोर्टिंग के दौरान जानलेवा हमला कराया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा एकतरफा कार्यवाही करते हुए पत्रकार के खिलाफ एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज किया गया, जिससे पत्रकारों में रोष व्याप्त है। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में कुलपहाड़ में उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट यूनियन उपजा की बैठक हुई, जिसमें घटना की घोर निंदा की गई। बाद में तहसील पहुंचकर पत्रकारों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा को सौंपा गया। जिसमें मामले की निष्पक्ष जांच कराने एवं दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने व पत्रकार के खिलाफ मुकदमा समाप्त करने की मांग की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी, संरक्षक आनंद द्विवेदी, रामगोपाल अग्रवाल, मोहम्मद इलियास, अजय अग्रवाल, विपिन तिवारी, योगेश चौबे, कृष्णकांत, विनय कुमार, प्रवीण कुमार, विजय साहू, अशोक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकली एकता संदेश पदयात्रा

- शहीद राकेश चौरसिया समाधि स्थल से महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा
- माननीयों सहित छात्र-छात्राओं व पार्टी कार्यक्रताओं एवं पदाधिकारियों ने किया प्रतिभाग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल



की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर आज सोमवार को एकता संदेश पदयात्रा का आयोजन किया गया। मुख्यालय के विलवई चुंगी के पास स्थित शहीद राकेश चौरसिया के समाधि स्थल से शुरू हुई पदयात्रा का नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला प्रभारी संजीव श्रृंगऋषि, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा का शुभारंभ शहीद राकेश चौरसिया स्मारक से सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। पदयात्रा झलकारी बाई चौराहा, उदल चौक, मैन मार्केट, पुराना प्राइवेट व रोडवेज बस स्टैंड होते हुए विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीता शाक्य ने कहा आज की यह पदयात्रा सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की उस भावना का प्रतीक है, जिसे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने कर्मों से साकार किया। पदयात्रा के दौरान कबरई ब्लाक प्रमुख राजू सिंह, चरखारी ब्लॉक प्रमुख सीमा कुशवाहा,नगर पंचायत खरेला अध्यक्ष संतोष सिंह, अभियान के जिला संयोजक एवं पार्टी के जिला उपाध्यक्ष योगेश विधानसभा पदयात्रा के संयोजक ओमनारायण तिवारी, पदयात्रा के सहसंयोजक युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा तिवारी, मण्डल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ तिवारी सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसआईआर : डीएम का बूथों पर ताबड़तोड़ निरीक्षण जारी

- एसआईआर का कार्य महत्वपूर्ण है, जनता भी निभाये अपनी भागीदारी
- ऑन लाइन फॉर्म फीडिग की बढ़ी रफ़्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का अभियान का जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट शशांक त्रिपाठी ने निरीक्षण कर एसआईआर कार्य के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सोमवार को विधानसभा बाराबंकी(सदर) क्षेत्र के कंपनीबाग में इरम कान्वेंट इंटर कॉलेज के कई बूथों का निरीक्षण किया। यहां पर भाग संख्या 328 पर 936 मतदाताओं में से 125 मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरे जा चुके थे, भाग संख्या 329 में पंजीकृत मतदाता 889 जिसमें से आज तक 200 फॉर्म कंप्लीट हुए। भाग संख्या 346 में 1307 मतदाताओं में से 110 के फॉर्म ही भरे गए। कार्य में शिथिलता पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाई जाए जिससे समय पर कार्य पूर्ण हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा संबंधित कर्मी दंडित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट ने बूथों पर भरे हुए आवेदन फॉर्मो का अवलोकन किया और सम्बंधित बीएलओ से बीएलओ एप्प पर उसकी फीडिंग से सम्बंधित स्थिति की जानकारी ली।



### लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर कार्य में लगे सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभाये जिससे समय पर कार्य पूर्ण हो सके।

### जनता भी निभाये अपनी भागीदारी

जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर कार्य महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य के लिये मतदाता भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बीएलओ का सहयोग करें।

### अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

सोमवार को बूथों के निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कहा की जनपद स्तर पर अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी को बीएलओ ने बताया कि अब एप्प अच्छे से कार्य कर रहा है जिससे फॉर्म की फीडिंग में तेजी आई है।

### पूनम वर्मा व जितेंद्र कुमार बने बेस्ट बीएलओ, दोनों का एसआईआर कार्य हुआ पूर्ण

मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का अभियान(स. ढ्ढ. ऋ) अभियान में विधानसभा हैदरगढ़(अ. जा.) के भाग संख्या -52 प्राथमिक विद्यालय कोटवा में बीएलओ का कार्य कर रही पूनम वर्मा सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय पहला मजरे सेमरी ने अपने बूथ के सभी 844 मतदाताओं के एसआईआर आवदेनों की फीडिग का कार्य पूर्ण कर लिया है इसके अलावा इसी विधान सभा क्षेत्र के बूथ संख्या -15 प्राथमिक विद्यालय-कमला पहाड़ापुर में बीएलओ का कार्य कर रहे सहायक अध्यापक जितेंद्र कुमार ने भी अपने बूथ के कुल 326 सभी मतदाताओं के एसआईआर आवेदनों की शतप्रतिशत फीडिग कार्य पूर्ण कर लिया है। इस दोनों बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा बेस्ट बीएलओ के खिताब से नवाजा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दोनों बीएलओ का कार्य बहुत ही सराहनीय रहा है उन्होंने सबसे पहले कार्य पूर्ण करके नजीर पेश की है। उन्होंने कहा कि अन्य सभी बीएलओ भी समय पर एसआईआर का कार्य पूर्ण करें।

### चार बीएलओ ने किए उत्कृष्ट कार्य

एसआईआर का कार्य में बीएलओ रेनू वर्मा रोजगार सेवक ग्राम पंचायत नरगिसमऊ विधानसभा बाराबंकी(सदर), दिनेश कुमार सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय उचिटा, विधानसभा जैदपुर, अमित कुमार रोजगार सेवक ग्राम पंचायत न्योछना, विधानसभा जैदपुर, अनिल कुमार रोजगार सेवक ग्राम पंचायत सतबिसावां विधानसभा जैदपुर, ने दिनांक 23 नवंबर को एसआईआर अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आध्यात्मिक वातावरण के लिए तैयार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जेब्रा पार्क पल्हरी चौराहा के परिसर में होने वाले शक्ति संवर्धन 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए वातावरण पूरी तरह से आध्यात्मिक हो चुका है।जिला मुख्यालय से चार दिशाओं मे निकलने वाली कलश यात्राओं की तैयारियाँ पूर्ण हो गई हैं।हर मार्ग पर श्रद्धा भक्ति और उल्लास का माहौल बनेगा। पहली कलश यात्रा गायत्री शक्ति पीठ बाराबंकी से प्रभारी शांति दीक्षित के नेतृत्व में ब्लॉक देवा निन्दूरा फतेहपुर के कार्यकर्ताओं के सहयोग से निकलेगी।दूसरी कलश यात्रा श्री नागेश्वर नाथ मंदिर से प्रभारी रमेश चन्द्र मौर्य के संयोजन में ब्लॉक रामनगर, मसौली बनीकोडर दरियाबाद टिकैत नगर के कार्यकर्ताओं की अगुवाई में प्रारंभ होगी।यह यात्रा प्राचीन मंदिर की पवित्रता के साथ महायज्ञ की ऊर्जा को जोड़ते हुए कार्यक्रम स्थल पहुँचेगी।तीसरी कलश यात्रा गायत्री प्रज्ञा पीठ आजाद नगर से प्रभारी कौशल्या सिंह सुमन सुधा सिंह निर्मला श्रीवास्तव धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में निकलेगी। महिलाओं की अहम भूमिका इस यात्रा को विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्रदान करेगी।चौथी कलश यात्रा श्रीराम कॉलोनी पार्क से प्रभारी सत्य प्रकाश श्रीवास्तव नन्दकिशोर परिपूर्णानंद मिथिलेश श्रीवास्तव राम किशोर और सतीश श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रस्थान करेगी जो सामूहिक श्रद्धा का एक प्रभावी प्रतीक होगी।इन सभी कलश यात्राओं के सुचारु संचालन के लिए रत्न ज्योति श्रीवास्तव को प्रभारी बनाया गया है।उनके मार्ग दर्शन में सभी यात्राएँ अपने निर्धारित समय पर आरंभ होंगी।

महायज्ञ के इस भव्य आयोजन से पूरा नगर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर करने की पूरी तैयारी है।

## खबरें एक नजर में

### सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर तैयारी जोरों पर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सवर्णो की आवाज बनकर उभरे सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है क्योंकि कार्यक्रम को शानदार और यादगार बनाने के लिए कार्यकर्ता कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते।आपको बताते चलें कि सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय और राष्ट्रीय महासचिव शिवम सिंह समेत प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह फौजी का 27 नवंबर दिन गुरुवार को दुर्गा उत्सव लान निकट अभय दाता मंदिर में आगमन को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ता जी तोड़ मेहनत में लगे हैं इस दौरान कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर समाज के उत्थान और अधिकारों से संबंधित मुद्दों समेत अन्य गतिविधियों पर विशेष चर्चा की जाएगी।सवर्ण आर्मी के जिला महासचिव अजय दीक्षित ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है जो शेष बची है वो दो दिन में पूरा कर लेंगे।

### 26 नवंबर को आयोजित होगा निःशुल्क नेत्र शिविर

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** आगामी 26 नवंबर को डलमऊ तहसील के बेलाहनी चौराहा बाजार में निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शरीर का आयोजन किया इसमें कुशल नेत्र चिकित्सकों द्वारा रोगियों का परीक्षण किया जाएगा और मोतियाबिंद संबंधित शिकायत होने पर मरीज को चिन्हित कर निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा मोतियाबिंद के रोगियों का ऑपरेशन कुशल नेत्र चिकित्सकों द्वारा चित्रकूट में किया जाएगा ऑपरेशन के लिए मरीज को आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा नेत्र शिविर के आयोजक दीपक यादव सोनू का कहना है कि इस खूबसूरत संसार को देखने के लिए आंखों का स्वस्थ होना जरूरी है पैसे के अभाव में गरीब आदमी उपचार नहीं कर पाता है माता-पिता के आशीर्वाद से वह समाज सेवा का कार्य करते रहते हैं इसी क्रम में आगामी 26 नवंबर को नेत्र शरीर का आयोजन किया जा रहा है जो सुबह 9:00 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा नेत्र शिविर से आंख के मरीजों को काफी राहत मिलेगी

### व्यस्त चौराहे पर मोबाइल की दुकान में हजारों की चोरी

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** अति व्यस्तम शहाबपुर चौराहे पर बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने एक मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर दुकान मे रखी 90 हजार की नगदी सहित मात्रा मे नये पुराने मोबाइल उठा ले गये जो दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गये है।बताते चले करबा शहाबपुर निवासी मो० रफीक पुत्र मो० शफीक की शहाबपुर चौराहे पर नये पुराने मोबाइल की दुकान है बीती रात्रि करीब ढाई बजे अज्ञात चोरो ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान मे रखी 90 हजार की नगदी सहित भारी मात्रा मे नये एव पुराने मोबाइल उठा ले गये सोमवार की सुबह दुकान पहुंचे मो० रफीक ने देखा कि दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ है और नगदी सहित मोबाइल गायब है जो दुकान मे लगे सीसीटीवी मे चोरो के फुटेज कैद हो गये है जिसकी सूचना थाने पर दी गयी सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जाँच शुरू कर दी है।इससे पूर्व गत 2 नवम्बर की रात्रि को शहाबपुर चौराहे पर स्थित विजेंद्र गुप्ता की कॉस्मेटिक की दुकान का ताला तोड़कर चोरो ने करीब 5 हजार की नगदी सहित कॉस्मेटिक का सामान उठा ले गये थे जिनके भी फुटेज सीसीटीवी फुटेज मे कैद हो गये थे पुलिस फुटेज के आधार पर चोरो के खुलासे की जाँच आज भी कर है लेकिन पुलिस चोरो का पता लगाने मे नाकाम रही।

### हत्याकाण्ड मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना हैदरगढ़ पुलिस द्वारा राजेन्द्र हत्याकाण्ड से सम्बन्धित हत्याभियुक्त मृतक के भाई को गिरफ्तार कर कब्जे से आलाकत्ल बरामद किया है। गौरतलब है कि बीते 22 नवम्बर को वादिनी बिट्टी त्रिवेदी पत्नी रामविलास त्रिवेदी ग्राम बिबियापुर थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी द्वारा तहरीर दी गयी कि 21 नवम्बर की रात्रि में उनके दोनों पुत्र राजेन्द्र व लवलेश में नशे की हालत में मारपीट हुई थी, मारपीट में लवलेश द्वारा राजेन्द्र पर लाठी से वार कर हत्या कर दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 419/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में 24 नवम्बर को हत्याभियुक्त भाई लवलेश त्रिवेदी पुत्र राम विलास निवासी बिबियापुर थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से आलाकत्ल एक अदद लाठी बरामद किया गया।

### जिला लेवल पर बनी डिस्ट्रिक्ट स्टीयरिंग कमेटी की मीटिंग आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट डॉ. राजगणपति आर. ने कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में रेप पीड़ितों और दहेज हत्या पीड़ितों के नाबालिग बच्चों को POCSO एक्ट की धारा 4, 6 और इंडियन पीनल कोड की धारा 376ष के तहत उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान निधि योजना के तहत आर्थिक मुआवजा देने के लिए डिस्ट्रिक्ट लेवल पर बनी डिस्ट्रिक्ट स्टीयरिंग कमेटी की मीटिंग की अध्यक्षता की. मीटिंग के दौरान एजेंडा पेश करते हुए डिस्ट्रिक्ट प्रोबेशन ऑफिसर प्रिया पटेल ने कमेटी के सामने 78 केस पेश किए, जिनके नियम के मुताबिक निपटारे पर चर्चा की गई। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिया कि पुलिस और मेडिकल लेवल पर पेंडिंग केस में ज़रूरी कार्रवाई की जाए और फिर केस डिस्ट्रिक्ट स्टीयरिंग कमेटी को भेजे जाएं. डिस्ट्रिक्ट प्रोबेशन ऑफिसर को डिस्ट्रिक्ट स्टीयरिंग कमेटी लेवल पर पेंडिंग केस में कार्रवाई करने और उन्हें निपटाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी केस तय समय में निपटाए जाए। सीतापुर में डिस्ट्रिक्ट प्रोबेशन ऑफिसर ने डिस्ट्रिक्ट स्टीयरिंग कमेटी लेवल पर पेंडिंग केस में कार्रवाई करने और उन्हें निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी केस तय समय में निपटाए जाएं। मीटिंग के दौरान एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस आलोक सिंह, डिस्ट्रिक्ट प्रोबेशन ऑफिसर प्रिया पटेल, डिस्ट्रिक्ट सोशल वेलफेयर ऑफिसर मोती लाल और दूसरे संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## एसआईआर कार्यों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



ब्लाक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में एस आई आर कार्य में तेजी लाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को खण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने रसूलपुर, बरौलिया, परसा प्रथम सहित कई बूथों का निरीक्षण किया।बीडीओ फील्ड में उतरकर बूथों पर पहुंच रहे हैं। वे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से बात कर रहे हैं और एस आई आर की प्रगति बढ़ाने के लिए अपने-अपने विभागों के कर्मचारियों को तैनात कर रहे हैं।निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। निरीक्षण के समय, बीएलओ कार्य हुए मिले उन्होंने भरे हुए फॉर्म को ऑनलाइन तेजी के साथ करने के निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अभिषेक कुमार मौजूद रहे।सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने सैदनपुर में बूथ का निरीक्षण किया और दिए निर्देश।

## किसान फार्मर रजिस्ट्री के लिए प्रचार वाहन रवाना

**बाराबंकी बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सिरौलीगौसपुर ब्लॉक में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करने के लिए एक प्रचार वाहन रवाना किया गया। इस पहल की शुरुआत सहायक विकास अधिकारी कृषि रंजीत वर्मा और सहायक विकास अधिकारी कोऑपरेटिव आशीष वर्मा , भाजपा नेता पुष्पेंद्र शुक्ला सचिव कुलदीप वर्मा ने की।अधिकारियों ने किसानों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। यदि किसान यह रजिस्ट्री नहीं कराते हैं, तो उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभनहीं मिल पाएगा।

किसानों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र, लेखपाल या ग्राम



सचिव से संपर्क कर तुरंत फार्मर रजिस्ट्री कराएं।यदि आधार कार्ड और खतौनी में नाम बेमेल है या खतौनी में नाम आदेश में है, तो किसानों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

ऐसे मामलों में फार्मर रजिस्ट्री कुछ समय बाद की जाएगी।फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने से किसानों को कई लाभमिलेंगे। इससे उन्हें फसल ऋण, फसल बीमा क्षतिपूर्ति और आपदा राहत प्राप्त करने में आसानी होगी। विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के लिए बार-बार भौतिक सत्यापन से मुक्ति मिलेगी और समय पर वांछित सहायता प्राप्त होगी।इस फार्मर रजिस्ट्री आईडी का उपयोग कृषि के साथ-साथ गन्ना, मत्स्य, उद्यान, खाद्य एवं विपणन जैसे अन्य विभागों द्वारा भी अपनी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है।फार्मर रजिस्ट्री आईडी न बनवाने से किसानों को कई हानियां हो सकती हैं। जो किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराएंगे, उन्हें भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलेगा। नए आवेदन करने वाले किसानों को भी फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी, अन्यथा उनका आवेदन निरस्त हो जाएगा।इसके अतिरिक्त, फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को भविष्य में आने वाली अन्य सरकारी योजनाओं से भी वंचित किया जा सकता है।

## तेज रफ्तार कहर : रोडवेज बस की टक्कर से साइकिल सवार मां-बेटी की मौत

- उक्त मार्ग पर रोडवेज बस चालकों की गति थमने का नहीं ले रही नाम, अब तक अनेक राहगीर गवा चुके जान

**बछरावां रायबरेली।**

सोमवार दोपहर गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर पर ताला गांव के पास तब तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला जब साइकिल से बाजार जा रही मां-बेटी को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें मां की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बेटी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिट्टो



देवी पत्नी दिनेश उम्र लगभग 40वर्ष निवासी नयापुरवा मजरे बरदर अपनी बेटी शिवानी उम्र 18 वर्ष के साथ साइकिल से ताला बाजार जा रही थी। तभी ताला गांव के पास ही बछरावा से लालगंज की ओर जा रही हैदरगढ़ डिपो की एक रोडवेज बस ने उसकी साइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बिट्टो देवी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा बेटी की सांसें चल रही थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा बेटी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रोडवेज बस तेज गति से आ रही थी। सामने से आ रही साइकिल को चालक ने नजदीक आने पर भी नहीं देखा।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मां बेटी के सड़क पर गिरते ही दोनों के सिर व मुँह से खून बहने लगा। मां ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बस चालक को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस पर सवार यात्रियों को अन्य बसों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया है और बस को अपने कब्जे में ले लिया है। विदित हो कि उक्त मार्ग पर रोडवेज बस चालकों की तेज गति आए दिन राहगीरों की मौत का कारण बनती है, इससे पूर्व भी उक्त मार्ग पर दर्जनों बस हादसों में कई दर्जन लोग अपनी जान गवा चुके हैं।

### एसआईआर की प्रगति जानने के लिए डीएम ने बूथों का किया निरीक्षण



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** एस आई आर की प्रगति जानने के लिए जिला अधिकारी हर्षिता माथुर तहसील व विकासखंड क्षेत्र के गांव में बने बूथों पर जा जा जाकर कर रही हैं निरीक्षण। चुनाव आयोग के निर्देश पर पूरे राज्य समेत रायबरेली जिले के महराजगंज तहसील व ब्लॉक नगर पंचायत व ग्राम पंचायत मे एस आईआर की प्रक्रिया जारी है इस दौरान बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर उनके ऐनुमेरेशन फार्म वितरित करने के बाद भरे हुए प्रपत्र वापस भी ले रहे हैं। वहीं इसी कड़ी में जिला अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा एस आई आर की प्रगति जानने के लिए बछरावां विधानसभा के कुशुढीसागरापुर व पाली ग्राम पंचायत तथा तहसील में बने नगर पंचायत के बूथ पर पहुंच कर प्रगति जानी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस मौके पर एसडीएम गौतम सिंह खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह मौजूद रही।

## जिलाधिकारी ने डिजिटाइजेशन कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

- लापरवाही बरतने पर कई कर्मचारी निलंबित

**अमेठी समृद्धि समाचार।**


जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अमेठी तहसील में डिजिटाइजेशन कार्यक्रम का अवलोकन किया। इसके बाद डीएम ने अमेठी तहसील के कोहरा प्राइमरी स्कूल में पुनरीक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कोहरा में फॉर्म वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन में असंतोषजनक प्रगति देखी। उन्होंने बीडीओ बृजेश सिंह, ग्राम सभा कोहरा ग्राम पंचायत अधिकारी कीर्ति सिंह, पंचायत सहायक, रोजगार अधिकारी, सफाई कर्मचारी और बीएलओ के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की और सुपरवाइजर और लेखाकार को चेतावनी जारी की। मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने अमेठी



में एसआईआर कार्य की व्यवस्थित और समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने के लिए प्रवीण कुमार को बीडीओ का विशेष प्रभार सौंपा है। डीएम ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब सभी अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारियों का पालन करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची सटीक, त्रुटि रहित और अद्यतित हो, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न हो और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में न रह जाए। गौरतलब है कि यह खास कैंपेन 4 और 25 दिसंबर तक चलेगा, इस दौरान BLO घर-घर जाकर गिनती के फॉर्म बांटेंगे। वोटरों को ये फॉर्म भरकर BLO के पास जमा करने होंगे।

### डॉक्टर गायब फार्मासिस्ट मरीजों का कर रहे हैं इलाज



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड के सिंहपुर कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में ट्रेंड डॉक्टरों की मौजूदगी के बावजूद, डॉक्टर की कुर्सी पर एक फार्मासिस्ट मरीजों का इलाज करते देखा गया है। बताया जा रहा है कि सिंहपुर कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में आधा दर्जन डॉक्टरों की नियुक्ति होने के बावजूद, फार्मासिस्ट महेंद्र प्रताप सिंह डॉक्टरों की जगह मरीजों का इलाज कर रहे हैं। साथ ही, स्थानीय लोगों का आरोप है कि फार्मासिस्ट खुलेआम मरीजों को बाहर की दवाएं लिखते हैं, जिससे उन्हें अच्छा खासा कमीशन मिलता है। पहले भी फार्मासिस्ट द्वारा अस्पताल में OPD करने के मामले सामने आ चुके हैं।

## हरी किसना ग्रुप ने लकी ड्रा का किया आयोजन

### नारी सशक्तिकरण व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

हरी किसना ग्रुप द्वारा संचालित किसना चढ्ढस्ह्व डायमंड-गोल्ड ज्वेलरी की रायबरेली शाखा की संचालिका सोनिया रस्तोगी द्वारा एक भव्य लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने कहा कि आज का यह लकी ड्रॉ केवल उपहार देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नारी शक्ति सशक्तिकरण तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का एक माध्यम भी बन चुका हैं।÷ श्री सिन्हा ने कहा कि ई. विजय रस्तोगी एवं सोनिया रस्तोगी द्वारा यहां पर आने वाले प्रत्येक ग्राहक को एक पौधा भेंट




देकर उन्हें सम्मानित किया जाता है यह अपने आप में पर्यावरण जागरूकता अभियान जैसा ही है साथ ही मुझे श्री रस्तोगी जी द्वारा बताया गया कि संस्थान द्वारा जितने ग्राहक खरीद करते है उतने ही पेड़ लगाने का कार्य किया जाता है और उतने ही जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया जाता है द्य निश्चित तौर पर जिस संस्थान के फाउंडर समाज सेवा व कर्मचारियों के लिए इतना समर्पित हो तो उनसे जुड़े लोग भी अच्छा कार्य करेंगे इसके लिए इस ग्रुप को बधाई।

मुख्य अतिथि ने स्कूटर विजेता मनीष त्रिपाठी तथा कार विजेता पूनम विजय कुमार यादव को गाड़ी की चाबी सौंपकर शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि हरी किसना ग्रुप केवल व्यवसाय ही नहीं कर रहा बल्कि सामाजिक दायित्व, पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा के क्षेत्र में भी प्रेरणादायक कार्य कर रहा है। संचालिका सोनिया रस्तोगी द्वारा आयोजित भव्य लकी ड्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा को धन्यवाद व्यक्त किया गया साथ ही डॉ सुमेधा रस्तोगी द्वारा मुख्य अतिथि को एक पौधा भेट किया है द्य लकी ड्रा में कर विजेता पूनम विजय यादव व स्कूटर विजेता मनीष त्रिपाठी ने संस्थान को धन्यवाद बोला और गाड़ी की चाबी मुख्य अतिथि के हाथों से प्राप्त कर खुशी जाहिर की।

### पार्श्वनाथ दिगंबर जैन ऑडिटोरियम में छह दिन का नेचुरोपैथी कैंप होगा आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** सकल दिगंबर जैन समाज 25 नवंबर से 30 नवंबर तक शहर के प्रेम नगर में स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन ऑडिटोरियम में छह दिन का नेचुरोपैथी कैंप लगा रहा है। यह कैंप नेचुरोपैथी सिस्टम पर आधारित है। कैंप में एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन और कपिंग थेरेपी से पुराने सिरदर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, डायबिटीज, साइटिका, घुटनों का दर्द, पैरालिसिस, मानसिक बीमारी, हाथ-पैरों में थकान, ब्लड प्रेशर आदि का बिना किसी दवा के असरदार इलाज किया जाएगा। यह कैंप सभी क्लास और उम्र के लोगों के लिए है। समाजसेवी सरिता जैन ने सभी लोगों से कैंप में पहुंचकर हेल्थ से जुड़ी सभी जानकारी और इलाज करवाकर हेल्थ बेनिफिट्स लेने की रिक्वेस्ट की है।

## ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट व ट्रैफिक पुलिस ने शुरू किया कैंपेन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट राजा गणपति आर.के. के निर्देशों के मुताबिक, जिले में रोड सेफ्टी अवेयरनेस को बढ़ावा देने के लिए ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट और ट्रैफिक पुलिस ने शहर के रोडवेज बस स्टॉप पर एक खास कैंपेन चलाया। इस कैंपेन के तहत, रात में सेफ्टी पक्का करने के लिए रोडवेज और प्राइवेट बसों में रेडियम टेप लगाया गया। यह पहल खासकर सर्दियों के मौसम को देखते हुए की गई, जब कोहरा और धुंध सड़क हादसों की बड़ी वजह बनते हैं।

इस कैंपेन को ्ऋस्ञ्जह्र एडमिनिस्ट्रेशन सर्वेश चतुर्वेदी ने लीड किया। उन्होंने मौके पर मौजूद बस ड्राइवरों और कंडक्टरों को संबोधित किया और रोड सेफ्टी के अलग-अलग पहलुओं पर डिटेल में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्दियों में विजिबिलिटी काफी कम हो जाती है, और गाड़ियों पर लगा रेडियम टेप न सिर्फ सामने से आ रही गाड़ियों को सिग्नल देता है बल्कि पीछे से आ रही गाड़ियों को भी सेफ दूरी बनाए रखने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि रात में या कोहरे में, रेडियम टेप लाइट को रिफ्लेक्ट करता है और गाड़ी के होने का साफ पता चलता है, जिससे हादसों का चांस कम हो जाता है। रेडियम टेप रोड सेफ्टी को बढ़ाता है, और यह पहल खास तौर पर तारीफ के काबिल है। मौके पर ही कई बसों पर तुरंत रेडियम टेप लगाया गया और ड्राइवरों को सलाह दी गई कि वे भविष्य में अपनी गाड़ियों की रेगुलर जांच करते रहें।

यह रोड सेफ्टी कैंपेन पूरे जिले में जारी रहेगा। उन्होंने सभी गाड़ी मालिकों से अपील की कि वे अपनी गाड़ियों पर रेडियम टेप लगाएं, रिफ्लेक्टर और लाइट ठीक रखें और अपनी और दूसरों की सेफ्टी को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि एडमिनिस्ट्रेशन का मकसद सिर्फ जुर्माना लगाना नहीं है, बल्कि लोगों को सुरक्षित रखना है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर फरीद अहमद ने भी ड्राइवरों को रेडियम टेप के फायदेमंद फायदे बताए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रोड सेफ्टी सिर्फ कानून मानने तक ही सीमित नहीं है; ड्राइवर की अवेयरनेस और विजिलेंस भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कोहरे, जिससे विजिबिलिटी कम हो जाती है, या अचानक गाड़ियों के सामने आने से होने वाले कई रोड एक्सीडेंट के उदाहरण दिए। रेडियम टेप एक सस्ती और असरदार टेक्निक है जिससे ऐसे एक्सीडेंट को काफी हद तक रोका जा सकता है।

कैंपेन के दौरान ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन के्ऋरू राकेश कुमार ने कहा कि कॉर्पोरेशन लेवल पर सेफ्टी स्टैंडर्ड को और मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि बसों में रेगुलर फिटनेस चेक, ब्रेक टेस्ट और रात में जांच सुनिश्चित की जा रही है। रेडियम टेप लगाने का प्रोसेस भी इसी प्रोसेस का एक अहम हिस्सा है। इस दौरान बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन के ड्राइवर और कंडक्टर भी मौजूद थे।

### गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर आज छुट्टी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट संजय चौहान ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा साल 2025 के लिए घोषित छुट्टियों की लिस्ट के सेक्शन-2 के पॉइंट नंबर-द्व1 के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के तहत, छुट्टियों की लिस्ट के सीरियल नंबर-2 पर, गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर सोमवार, 24 नवंबर को घोषित छुट्टी को, एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के तहत गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर 24 नवंबर को घोषित छुट्टी की जगह मंगलवार, 25 नवंबर को छुट्टी घोषित किया गया है। इस बारे में उन्होंने बताया कि जिले की छुट्टियों की लिस्ट में 24 नवंबर को घोषित पब्लिक हॉलिडे की जगह मंगलवार, 25 नवंबर को पब्लिक हॉलिडे घोषित किया गया है। इसलिए, ऑफिस द्वारा साल 2025 के लिए जारी छुट्टियों के शेड्यूल को ऊपर बताई गई सीमा तक बदला हुआ माना जाए।

## स्टांप ड्यूटी बढ़ाने के विरोध में लॉयर्स एसोसिएशन व बार एसोसिएशन ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बिसवां/सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

> एसोसिएशन ने बढ़ी हुई स्टांप ड्यूटी को तुरंत कम करने की मांग की

ज़मीन के मूल्यांकन लिस्ट में बड़े पैमाने पर बदलाव और किसानों की ज़मीन पर स्टांप ड्यूटी बढ़ाने के विरोध में प्रदर्शन तेज़ हो गए हैं। बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेयी, मंत्री सत्य प्रकाश सिंह और बिसवां बार एसोसिएशन ने सोमवार को बिसवां स्ष्ठरू शिखा शुक्ला को अलग-अलग ज्ञापन दिए। दोनों ज्ञापन सीतापुर डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के नाम थे।

एसोसिएशन ने बढ़ी हुई स्टांप ड्यूटी को तुरंत कम करने की मांग की। वकीलों ने बताया कि बिसवां तहसील का ज़्यादातर हिस्सा गंजारी इलाके में आता है, जो हर साल बाढ़ से प्रभावित होता है। यहां के किसान पूरी तरह से खेती पर निर्भर हैं और ज़रूरत पड़ने पर उन्हें ज़मीन खरीदनी-बेचनी पड़ती है। इसलिए, स्टांप ड्यूटी में भारी बढ़ोतरी से किसान गंभीर संकट में पड़ जाएंगे।

वकीलों ने चेतावनी दी कि बढ़ी हुई फीस से किसान अपनी ज़मीन खरीद, बेच या रजिस्टर नहीं कर पाएंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और कमज़ोर हो जाएगी। इसलिए फीस बढ़ोतरी तुरंत वापस ली जानी चाहिए।

मेमोरेंडम देने वालों में सीनियर वकील दिनेश श्रीवास्तव, ब्रजेश गुप्ता, रजनीश मिश्रा, राकेश सिंह, वीरेंद्र शुक्ला, ओमजी शुक्ला, आर.एन. सिंह, राज किशोर यादव, अशोक वर्मा, पुत्ती लाल वर्मा, सूर्य प्रसाद यादव, नीरज कुमार श्रीवास्तव, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, संतोष कठेरिया, मनोज गुप्ता, शिशुपाल यादव, प्रमोद यादव, रेनू राजपूत, कीर्ति शुक्ला और बड़ी संख्या में वकील मौजूद थे।

# दुर्घटना में नेशनल हाईवे पर तीन की मौत

**थम नहीं रहे हादसे**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नेशनल हाईवे की खूनी सड़क ने तीन जिंदगी निगल लीं। एक के बाद एक हुए हादसों की इस श्रृंखला में पूर्वी बाईपास पर प्रस्तावित मेजर जंक्शन के पास एक युवक, उससे कुछ आगे पूरब की तरफ हाईवे पर दूसरे अधेड़ और पश्चिम की तरफ हाईवे पर तीसरे युवक ने दम तोड़ दिया।

पूर्वी बाईपास पर प्रस्तावित मेजर जंक्शन के पास आमिर अली (22) पुत्र साबिर अली निवासी ग्राम खोजीपुर रमपुरा अपनी मौसी की बेटी नसरीन के साथ रविवार रात लगभग 10:15 बजे पूर्वी बाईपास पर आए, और नसरीना को रोडवेज बस मे अंदर बिठा कर वह बाहर निकल ही रहे थे तभी उनका पैर फिसल गया और वह नीचे जमीन पर गिर गए। तब तक बस चल दी और उसके पीछे वाले टायर उनके ऊपर से निकल गए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें निजी वाहन से सौ सैया अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया जबकि चालक फरार हो गया।

दूसरा हादसा प्रस्तावित मेजर जंक्शन के पूरब लगभग 500 मीटर दूर हुआ। राधा नगर कॉलोनी निवासी भूमि संरक्षण अधिकारी के पद से रिटायर सियाराम पाल (75) पुत्र छत्रपाल सिंह सोमवार को सुबह लगभग 6:15 बजे अपने घर से टहलने के लिए निकले थे तभी ग्राम सराय सुन्दर के पास एचपी पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आ रही किसी फोर व्हीलर गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से उन्हें सौ शैया अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

तीसरा हादसा ग्राम भोजपुर निगोह के सामने हुआ। राजू (22) पुत्र शिवराम निवासी ज्योति थाना विशुनगढ़ सोमवार की सुबह अपनी बहन सरिता को लेकर बाइक से गांव जा रहा था तभी भोजपुर निगोह के पास मिघौली की तरफ से आ रही किसी फोर व्हीलर गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सौ शैया अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टर ने राजू को मृत घोषित कर दिया जबकि सरिता को प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

**आए दिन हो रहे हादसों से लोगों में दहशत**

नगर में पूर्वी बाईपास पर प्रस्तावित मेजर जंक्शन डेढ़ साल बाद भी नहीं बन पाने के कारण आए दिन हो रहे हादसों से लोगों में दहशत व्याप्त है। बाईपास हाईवे पर हैवी ट्रैफिक के चलते पल-पल पर जाम लग जाता है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने प्रस्तावित मेजर जंक्शन का निर्माण शीघ्र कराने की मांग राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक से की है।

# मनु पाल ने हांगकांग एकल व डबल्स में भारत को दिलाया कांस्य पदक

**छिबरामऊ, कन्नौज।**

नगर की होनहार बेटी एवं अंतरराष्ट्रीय लॉन बॉल्स खिलाड़ी मनु पाल ने हांगकांग इंटरनेशनल बॉल्स क्लासिक 2025 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए एकल एवं डबल्स प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। इस उपलब्धि से पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर रोशन हुआ है।

मनु के साथ डबल्स में झारखंड की रेशमा खेली। वहीं पुरुष वर्ग न तो एकल और न ही डबल्स के बेस्ट 4 में अपनी जगह बना पाए, जिस कारण क्वार्टर फाइनल में खेलने की जगह नहीं मिली। यह प्रतियोगिता 15 से 23 नवम्बर को हांगकांग के 3 अलग अलग ग्राउंड में आयोजित की गयी।



डबल्स में लगातार जीतते हुए मनु पाल अपने ग्रुप में टॉप पर रही। इसके बाद क्वार्टर फाइनल हुआ और दोनों सेट जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड के साथ हुआ जिसमे हमें हार का सामना करना पड़ा। स्कॉटलैंड को गोल्ड, होंगकॉंग को सिल्वर और इंडिया और इंग्लैंड को ब्रॉन्ज मैडल मिला।

होंगकॉंग इंटरनेशनल बॉल्स क्लासिक में इंडिया को पहली बार मेडल मिला है जो देश और बॉलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

यश भारती सम्मान से सम्मानित मनु पाल कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनकी इस नई सफलता पर कन्नौज जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई है और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



## ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव का भव्य स्वागत

छिबरामऊ, कन्नौज। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रजिस्टर्ड) के राष्ट्रीय महासचिव पंडित राजेश चन्द्र द्विवेदी (जयपुर, राजस्थान) का प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजीव द्विवेदी के प्रतिष्ठान पर भव्य स्वागत किया गया। समाज के लोगों ने उन्हें भगवान का चित्र अर्पित कर, पटुका पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव पंडित राजेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि ब्राह्मण समाज का हर क्षेत्र में बोलबाला है। हम सदैव ब्राह्मण हित के लिए कार्यरत रहे हैं और रहेंगे। उत्तर प्रदेश में शीघ्र ही संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा तथा समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य होते रहेंगे। हमें अपने ब्राह्मण समाज को कभी नहीं भूलना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजीव द्विवेदी ने भी उनका माल्यार्पण कर चित्र भेंट किया और हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय दुबे, विनोद कुमार दुबे पप्पू, अनुज दुबे, लाला दीक्षित, मुकेश द्विवेदी, प्रकाश दीक्षित, सागर दुबे, हिमांशु दुबे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# 25 हजार का इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार

**पलिया कलां खीरी।**



अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और नेपाली नागरिकों के साथ लूट जैसी गंभीर घटनाओं में वांछित 25,000 रुपये के इनामी अपराधी सतनाम उर्फ मन्ने सिंह को थाना पलिया पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। गैंगस्टर एक्ट में वांछित यह आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बचता फिर रहा था। एसपी खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी पलिया के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना पलिया के थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल की। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सतनाम उर्फ मन्ने सिंह (उम्र लगभग 32 वर्ष) पुत्र स्व. सुखविंदर सिंह निवासी मोहल्ला कृष्णानगर कस्बा एवं थाना पलिया जनपद खीरी के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे पंजीकृत थे। गिरफ्तार अभियुक्त गैंगस्टर एक्ट और कई गंभीर मुकदमों में वांछित चल रहा था, अभियुक्त पर मादक पदार्थों की तस्करी के साथ-साथ नेपाली नागरिकों से लूट में शामिल होने के आरोप भी थे।

गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार यह गिरफ्तारी क्षेत्र में सक्रिय अवैध मादक पदार्थ नेटवर्क और लूटपाट से जुड़े गैंगों के खिलाफ एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, उपनिरीक्षक प्रेमनारायण सरोज, हे.का. घनश्याम शर्मा, हे.का. जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल परीक्षित सैनी, कांस्टेबल अजीत यादव, कांस्टेबल अतुल त्रिपाठी शामिल रहे।

## एनएच-730 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, पत्नी गंभीर

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना खमरिया क्षेत्र स्थित एनएच-730 पर सोमवार को फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाने के समीप महरिया गांव के पास बाइक सवार दंपती को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कुलदीप (25) पुत्र कैलाश निवासी संपतपुरवा, थाना मूर्तियां, बहराइच की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी रेनू (22) गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल रेनू को सीएचसी खमरिया ले जाया गया। वहीं खमरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-730 पर लगातार हो रहे हादसों पर रोक के लिए प्रभावी कदम जरूरी हैं, वरना रफ्तार यूं ही जिंदगीं निगलती रहेगी।

# दस वर्षीय मासूम की हत्या से हड़कंप

**तिकुनिया-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के रननगर गांव में एक दस वर्षीय बालिका की संदिग्ध हालात में मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घर के पास स्थित पेड़ से बच्ची का शव लटका मिला, जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। मृतक बालिका के नाना ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वे किसी काम से बनवीरपुर गए थे। उस समय उनकी नातिन घर पर अकेली थी। शाम करीब सात बजे ग्रामीणों से सूचना मिली कि बच्ची का शव घर के पास पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ है। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और घटना देख बदहवास हो गए। बालिका के नाना ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पहले बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर उसे पेड़ से लटका दिया। उन्होंने निष्पक्ष जांच और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। हालांकि, परिजनों ने पहले पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाने से इनकार कर दिया था और बॉडी को ट्राली में रखकर कोतवाली के पास स्थित पेट्रोल पंप पर ले आए। परिजनों का कहना था कि जब तक पुलिस कार्रवाई का ठोस आश्वासन नहीं देती, वे पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राज़ी हुए। प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया तहरीर नहीं मिली है पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### अवैध बुध बाजार को हटाने की मांग




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राज शर्मा के निर्देश पर जिला मंत्री शशिकांत गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने छिबरामऊ आकर नगर पंचायत सौरिख के कार्यकारी अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह को ज्ञापन देकर सौरिख में अवैध रूप से लग रहे बुध बाजार को हटाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि सौरिख में अवैध मार्केट बुध बाजार के नाम से लगभग 1 साल से अवैध ठेकेदारों द्वारा लगाया जा रहा है जिससे नगर के व्यापारियों में काफी रोष है क्योंकि व्यापारियों द्वारा बिजली बिल, इनकम टैक्स आदि भरे जाते हैं और अपनी दुकान का किराया भी देते हैं लेकिन इस अवैध बाजार से व्यापारी ही परेशानी उठा रहा है। बाहर के लोग नगर से अपनी जेब भर कर निकल लेते हैं। इन लोगो वजह से नगर के व्यापारियों को बहुत ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। इस दौरान सौरिख के नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा, युवा नगर अध्यक्ष आशीष पाल, नगर प्रभारी अमित दुबे, नगर महामंत्री अजय शर्मा, युवा महामंत्री रंजीत स्वर्णकार, युवा कोषाध्यक्ष अंकित शर्मा, युवा नगर मंत्री विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अयोध्या में ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए 22 सदस्यीय राम भक्त दल रवाना



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सोमवार प्रातः फूल बाबा आश्रम से 22 सदस्यीय राम भक्तों का दल अखंड श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व आश्रम परिसर में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें श्रीराम कथा वाचक अंजनी शरण महाराज की उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में स्थानीय श्रद्धालुओं ने दल के सदस्यों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा तिलक, वंदन और पुष्प वर्षा के साथ उन्हें शुभ यात्रा की मंगलकामनाएं दीं। इस अवसर पर आनंद त्रिवेदी, राजेश्वर शुक्ल, कन्हैयालाल, सुरेश चंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। सभी ने राम नाम संकीर्तन के बीच दल की अयोध्या यात्रा को सफल एवं सुरक्षित होने की कामना की। रवाना हुए 22 सदस्यीय दल में भूपेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, मनोज वाल्मीकि, अनीफुल, कुलविंदर, आरती राणा, भागीराम सहित अन्य राम भक्त शामिल हैं। दल के प्रस्थान के साथ ही पूरा आश्रम परिसर 卐जय श्री राम卐 के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा और वहां उपस्थित श्रद्धालु आस्था से अभिभूत हो उठे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जोल्हूपुर-मदारीपुर रोड पर बैरई गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी। हादसे में शाहजहांपुर निवासी 30 वर्षीय पारस ठाकुर गंभीर रूप से घायल हुए। पारस ठाकुर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने न्यामतपुर जा रहे थे। राहगीरों ने घायल को देखा तो 112 पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 108 एंबुलेंस से सीएचसी कालपी भेजा। जहां डॉ. शेख शाहरयार ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए उरई मेडिकल कॉलेज भेज दिया। अज्ञात वाहन चालक की तलाश में पुलिस की टीम सक्रिय जांच जारी।

### संविधान दिवस पर भव्य कवि सम्मेलन 26 को

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** संविधान दिवस 26 नवंबर (बुधवार) को भारतीय संविधान हमारा अभिमान विषय पर लोक भारती विद्या मंदिर के स्वामी ब्रह्मानंद सभागार में सायं 7 बजे से भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संरक्षक पूर्व सांसद डॉ. रामबख्श सिंह वर्मा, व्यवस्थापक अलोक वर्मा, सह-व्यवस्थापक डॉ. सीबी सिंह शाक्य, संयोजक प्रसिद्ध कवि हरिगोविंद सिंह हरि, प्रबंधक श्रीपाल वर्मा एवं सह-प्रबंधक मिलन वर्मा हैं। अध्यक्षता योगाचार्य सत्यराम यादव करेंगे तथा मुख्य अतिथि प्रो. मोहम्मद सुलेमान (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईएनएल) होंगे। आयोजक ने सभी राष्ट्रप्रेमी एवं संविधान अनुरागी मित्रों से अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### धारदार हंसिये से प्रहार मामले में दो नामजद

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर में धारदार हंसिये के हमले से घायल व्यक्ति के द्वारा एक नामजद व 2 अज्ञात लोगों के खिलाफअभियोग दर्ज कराया गया है। इलाकाई पुलिस इस प्रकरण की विवेचना करने में जुट गई है। उक्त प्रकरण को लेकर वादी विनोद कुमार पुत्र जयशंकर निवासी ग्राम मैनूपुर ने कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी दोपहर करीब एक बजे परमहंस आश्रम से अपने घर जा रहा था। रास्ते में तिराहा के पास आरोपी कल्लू उर्फ बबलू पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम मैनूपुर तथा उसके दो अज्ञात साथियों ने रोक लिया तथा गाली गलौज करने लगे तथा कहा कि तुम बहुत नेतागिरी करते हो तुमको ख़त्म कर देंगे। प्रार्थी ने गालियां बकने से रोका तो तीनो लोग मारपीट करने लगे। तथा आरोपियों ने धारदार हंसिये से हमला कर दिया इस घटना में प्रार्थी के सिर में चोटें आई है। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। मारपीट की घटना का शोर गुल सुन कर के आसपास के लोग आ गये तथा प्रार्थी को बचाया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक पुत्तूलाल के द्वारा की जाएगी।

# चीनी मिल बेलरायां में भीषण जाम

**किसान-व्यापारी व स्कूली बच्चे परेशान**



**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** बेलरायां क्षेत्र में सरजू सहकारी चीनी मिल शुरू हुए एक सप्ताह भी नहीं हुआ है, लेकिन मिल प्रबंधन की लापरवाही के चलते इलाके में तीन-तीन किलोमीटर लंबा जाम लगना शुरू हो गया है। जाम की स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि राहगीर इधर-उधर निकल भी नहीं पा रहे हैं। कस्बे में करीब आधा दर्जन स्कूल हैं, जिनके बच्चों को भी इसी जाम से होकर गुजरना पड़ रहा है।

बार्डर क्षेत्र होने के चलते सुरक्षा एजेंसियों की गाड़ियां सहित एम्बुलेंस भी इसी मार्ग से गुजरती हैं, परंतु घंटों जाम में फंसे रहने से आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। लगातार लग रहे जाम से कस्बे के व्यापारी भी बुरी तरह परेशान हैं। दुकानों पर ग्राहक नहीं पहुंच पा रहे, जिससे व्यापारी खाली बैठे रहने को मजबूर हैं। व्यापारी सतीश अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, चंद्रमोहन, प्रमोद कुमार और उदय वर्मा का कहना है कि पिछली बार भी इसी तरह की स्थिति बनी थी, तब मजबूर होकर बाजार बंद कर चक्का जाम किया गया था, जिसके बाद व्यवस्था सुधरी थी। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि सीसीओ त्रिलोकी नाथ को यह जानकारी ही नहीं कि मिल कितने गन्ने की पेराई कर पाएगी। मिल क्षमता के अनुरूप पर्चियां जारी होना चाहिए, लेकिन इस बार क्षमता से अधिक पर्चियां बांट दी गईं, जिसके चलते सड़कें जाम होने लगी हैं और किसान, व्यापारी तथा आम जनता सभी परेशान हैं। यदि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण नहीं किया गया तो क्षेत्रवासियों का आक्रोश बढ़ना तय माना जा रहा है।

# कुआं-इमली का अनोखा विवाह धूमधाम से संपन्न

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक निघासन के ग्राम भैरमपुर में पारंपरिक रीति-रिवाज़ों और हर्षोल्लास के बीच अनोखे कुआँ-इमली विवाह का आयोजन किया गया। पूरे गांव में उत्सव का माहौल रहा, वहीं बारातियों ने डीजे की फिल्मी धुनों पर जमकर नृत्य कर सब्जी, दाल, चावल, पूरी और मिठाई का प्रसाद ग्रहण किया।



कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम भैरमपुर के पंडित कृपाशंकर दीक्षित ने आम की लकड़ी से बने वर-पुतले को वस्त्र, पगड़ी, माला सहित 16 श्रृंगार कराकर की। पुतले को धागे के सहारे चार सौ मीटर दूर आम बाग में स्थित वधू इमली के पौधे से विधिवत बंधन कराया गया। इमली पक्ष द्वारा वधू को सुहाग के रूप में सोने का नथ, टॉप्स, चांदी का मंगलसूत्र, पायल, साड़ी-ब्लाउज, चूड़ी-चुनरी आदि पहनाए गए। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीण बारातियों ने गांव की गलियों में घूमकर डीजे की धुन पर नृत्य किया। आम बाग में पहुंचने पर कुआँ-पुतले का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ द्वाराचार सम्पन्न हुआ। जनातियों ने चाय, नमकीन, लड्डू का नाश्ता कराने के बाद पारंपरिक भोजन परोसा। पंडित कृपाशंकर ने वैदिक विधि-विधान से फेरे एवं कलेवा कराकर विवाह को संपन्न कराया। ग्राम निवासी जगन्नाथ प्रसाद यादव ने बताया कि गांव में यह परंपरा काफी पुरानी है। वर्ष 1960 में खुशीराम यादव के कुएँ का पहला विवाह इमली से किया गया था। इसके बाद 1995 में पुनः यह परंपरा निभाई गई। बंटवारे में कुआँ परिवार के एक हिस्से में चला गया, जिससे महिलाओं को रस्में पूरी करने में दिक्कतें आने लगी थीं। इधर आम बाग की पुरानी इमली दीमक से नष्ट हो गई थी। इसलिए वर्ष 2024 में नया इमली पौधा रोपकर दोबारा कुआँ-इमली विवाह करने का निर्णय लिया गया। विवाह पूर्व महिलाओं ने परंपरागत रस्में निभाईं—छेई, रतिजगा, तेल पूजन, और आम बाग में मुख्य विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को नाश्ता-भोजन कराया गया। कार्यक्रम में बीरेंद्र कुमार यादव, ग्राम प्रधानपति रमेश कुमार यादव, अवधेश कुमार यादव, राकेश यदुवंशी, परमानंद कश्यप, सोनू विश्वकर्मा, सुखराम कश्यप, गोपाल, रोहन कश्यप सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

# संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल भ्रमण व वाहन चेकिंग अभियान रहेगा जारी

**एसपी ने रात्रि में कालपी के प्रमुख स्थानों का किया भ्रमण**

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



कालपी क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अगुवाई में पुलिस जवानों के साथ पैदल मार्च करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। तथा जनता से संवाद स्थापित किया।

पुलिस अधीक्षक ने बाईपास, हाइवे अंडर पास, मुख्य मार्ग, समुद्री बाजार, सब्जी मंडी भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जायजा लिया। फुट मार्च के दौरान एसपी ने प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी, थानेदारों, चौकी इंचार्ज एवं पुलिस जवानों को सतर्क रहते हुए नियमित पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके तहत संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल व वाहन गश्त लगातार जारी रहेगा। एसपी ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पुलिस बल को जनता के साथ बेहतर सामंजस्य बनाते हुए मित्रवत व्यवहार अपनाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी, एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार, एसएसआई उदय प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र, जितेंद्र सिंह चंदेल विशाल भड़ाना, पुत्तूलाल समेत पुलिस जवान शामिल रहे। भ्रमण के दौरान जगह-जगह जनता से संवाद स्थापित किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय समेकित शिक्षा प्रशिक्षण शुरू

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



नगर में स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र महेवा के सभागार में ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय समेकित शिक्षा के अंतर्गत को लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को तमाम प्रकार की जानकारियां दी गई खंड शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चौधरी के महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देश अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों अनीता, रीता देवी, अर्चना सिंह, पूजा देवी, सर्वेश रानी, सुनीता तिवारी, किरण राठौड़, अनीता देवी, स्नेह लता कुशवाहा, संगीता देवी, साधना देवी, किरण देवी, शर्मा देवी, उषा देवी, उमा देवी, रजनी देवी, अनीता देवी, पुष्पा देवी, सीता देवी, भगवती आदि ने हिस्सा लिया।

## बाइक से ड्यूटी जा रहा बीएलओ मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** सोमवार की सुबह उरई से ड्यूटी पर जालौन आ रहे बीएलओ की बाइक में सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बीएलओ घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया गया। कोतवाली उरई के मोहल्ला पाठकपुरा निवासी नलकूप आपरेटर आशु ओझा (35) की ड्यूटी विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) में बीएलओ के पद पर लगाई गई है। इस समय मतदाताओं को गणना प्रपत्र देने और जमा करने का कार्य चल रहा है। सोमवार की सुबह वह अपनी बाइक से ड्यूटी के लिए उरई से जालौन आ रहे थे। जब उनकी बाइक ब्लॉक कार्यालय गेट के सामने पहुंची तभी विपरीत दिशा में आ रहे तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बीएलओ बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफ़र कर दिया।

# भाजपा ने बैठक में एसआईआर कार्य की बूथ बार की समीक्षा



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर डीवीसी डिग्री कॉलेज के सभागार में बैठक की जिसके मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता रहे विशिष्ट अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू रहे जिसमें मुख्य अतिथि ने पूरे जनपद में बूथ बार चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण के सभी मंडल अध्यक्षों से जानकारी ली सभी को बूथ बार कार्यक्रम की जानकारी दी और कहा कि कोई भी वोट अपना बनने से न रह जाए इसकी जिम्मेदारी एक एक कर सभी को दी गई। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की मुख्य रूप से उपस्थित एमएलसी रमा निरंजन, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री रविंद्र प्रताप, अग्निवेश चतुर्वेदी, विवेक कुशवाहा, रामानुग्रह राजावत, रेखा वर्मा मनोज यादव समस्त मंडल अध्यक्ष जिला पदाधिकारी बीएलए टू एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ जनपद-कन्नौज

पत्रांक-923/DA_04/ निर्माण / Tender Notice/2025-26 दिनांक-24 नवम्बर 2025

**(ई-निविदा सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित लश्करी तालाब के सौन्दर्यीकरण का कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए नीचे दिये विवरण के अनुसार www.etender.up.nic.in द्वारा निविदा पुनः आमन्त्रित की जाती है। सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त वेबसाइड पर प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नवत है शेष नियम व शर्तें किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्र. सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 26.11.2025 | 4:00 PM |
| 2 | Document Download/Sale Start | 26.11.2025 | 4:00 PM |
| 3 | Seck Clarification Start Date | 26.11.2025 | 4:00 PM |
| 4 | Seck Clarification End Date | 28.11.2025 | 11:00 AM |
| 5 | PreBid Meeting Date | 28.11.2025 | 2:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 28.11.2025 | 4:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 10.12.2025 | 1:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening | 11.12.2025 3:00 PM से | |
| 9 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical Bid | |

(सुनील कुमार सिह)
अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. छिबरामऊ

(मनोज दुबे)
अध्यक्ष
न.पा.प. छिबरामऊ

# डीएम ने उज्जवला कमेटी व एलपीजी वितरकों की ली बैठक

▸ पात्र लाभार्थियों को उज्जवला योजना से आच्छादित करने के डीएसओ को दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के विस्तारित चरण 3.0 के पूरे भारत में नए लाभार्थियों को कुल 25 लाख एलपीजी कनेक्शन दिए जाने का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया गया है। जिसके अंतर्गत जनपद में आज दिनांक 24 नवंबर 2025 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उज्जवला कमेटी के साथ-साथ जनपद के एलपीजी वितरक के साथ बैठक की गई। बैठक में उज्जवला कमेटी के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा उज्जवला जारी किए जाने की पात्रता के संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ऐसे लाभार्थी जिनके परिवार की मासिक आय 10000 हो और वह सरकारी कर्मचारी ना हो, इस योजना के अंतर्गत आच्छादित किए जाने हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सर्वप्रथम जनपद में जीरो पॉवर्टी योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थी जिनके सामान्य कनेक्शन अथवा उज्जवला कनेक्शन जारी नहीं है उन लाभार्थियों में से विधवा, परित्यकता एवं दिव्यांग लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर योजना के अंतर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन जारी किए जाएं। इस हेतु जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा जीरो पॉवर्टी की समस्त सूची आधार कार्ड सहित जिला उज्ज्वला योजना के नोडल अधिकारी को दे दी जाए। उनके द्वारा उसी में से लाभार्थियों को कनेक्शन जारी किए जाने के निर्देश निर्गत किए गए तथा यह भी निर्देश दिए गए की जारी किए जाने के पूर्व उक्त समस्त सूची जिला उज्जवला कमेटी के समक्ष प्रस्तुत की जाए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अनिल कुमार यादव, गैस कंपनी के नोडल अधिकारी अमीर, अतीक बीपीसीएल एवं दीपक राणा आईओसीएल एवं समिति के सदस्य तथा गैस वितरक उपस्थित रहे।



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद डीलर

# कुर्क जमीन पर दबंगों ने बोई आलू, दो पर मुकदमा दर्ज



कुर्क की जमीन पर बोयी आलू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के बरारिख गांव में कुर्क की गई जमीन पर अवैध रूप से आलू की फसल बोने का मामला सामने आया है। लेखपाल विवेक कुमा् पाल ने इस संबंध में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मौके पर बोई गई फसल की निगरानी कर रही है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम बरारिख निवासी अवधेश उर्फ भूरे पुत्र राजकिशोर दुबे के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 3(1) के तहत मुकदमा अपराध संख्या-17/2022 दर्ज है। इसी मुकदमे के तहत गाटा संख्या 398, रकबा 0.161 हेक्टेयर भूमि कुर्क की गई थी। कुर्क की गई इस भूमि का प्रशासक तहसीलदार सदर को नियुक्त किया गया है।

तहसीलदार ने लेखपाल को सूचित किया कि अवधेश उर्फ भूरे की इस जमीन पर बरारिख निवासी शिवेंद्र पुत्र राम मोहन और सौरभ पुत्र प्रवीण चंद्र ने सरकारी कब्जे वाली भूमि पर अवैध रूप से आलू की बुवाई कर दी है। लेखपाल विवेक कुमार पाल ने 20 नवंबर 2025 को दोपहर में मौके का मुआयना किया। उन्होंने पुष्टि की कि कुर्क की गई जमीन पर आलू बोया गया है।

लेखपाल के शिकायती पत्र के अनुसार शिवेंद्र और सौरभ ने जानबूझकर सरकारी संपत्ति हड़पने के इरादे से यह बुवाई की। जब लेखपाल ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने पैसे लेने या खेती करने देने का दबाव बनाया। शिकायती पत्र में लेखपाल ने बताया कि जब उन्होंने शिवेंद्र और सौरभ को यह जानकारी दी कि जमीन के कस्टोडियन तहसीलदार सदर हैं, तो दोनों ने उन्हें मारने पीटने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी देते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली।

कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने लेखपाल विवेक कुमार पाल के शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर शिवेंद्र और सौरभ के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। मामले की जांच स्वयं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला कर रहे हैं।

# कार की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कार की टक्कर से साइकिल सवार गम्भीर रुप से घायल हो गया। सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के बरिया नगला निवासी रामकिशोर का पुत्र वैभव (14) सोमवार शाम करीब 4:30 बजे अपनी साइकिल से कमालगंज की ओर जा रहा था। पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैभव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल वैभव को एक निजी वाहन से कमालगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक डा0 विकास पटेल ने उसका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन सिर में अंदरुनी गंभीर चोट होने के चलते उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



सीएचसी में उपचार के दौरान मौजूद घायल

# बहन की शगुन चढ़ाने जा रहे भाई की मौत, साथी घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


बहन की लगुन चढ़ाने बाइक से साथियों के साथ आ रहे युवक की बाइक फिसलने से मौत हो गयी, जबकि उसके साथी घायल हो गये। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। फिलहाल लगुन का कार्यक्रम केंसिल हो गया।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज थाना गुरसहायगंज क्षेत्र के गाँव हुसैनगंज वनिया गाँव निवासी सचिन दिवाकर पुत्र शेर सिंह दिवाकर अपनी बहन नन्दनी की गोद भराई करने के लिए अपने साथी सतीश व राजकुमार को अपाचे बाइक पर बैठालकर कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव फरीदपुर निवासी आकाश पुत्र अखलेश के यहाँ आ रहा था। जैसे ही वह गांव वीरपुर के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार अपाचे बाइक अनियत्रित होकर फिसलकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। जिससे नन्दनी के भाई सचिन की मौके पर ही मौत हो गई तथा साथी सतीश व राजकुमार गम्भीर रूप से घायल हो गये।

आसपास के लोगों की मदद से तीनों लोगों को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर ने सचिन दिवाकर को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आकाश ने बताया की वह अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता था। बीती रात्रि उसकी लगुन लेकर नन्दनी का भाई सचिन आ रहा था। आधे लोग लगुन लेकर उसके घर आ गये थे और खाना खा रहे थे, जबकि नंदनी का भाई सचिन अपाचे बाइक से अपने दो साथियों के साथ पीछे आ रहा था। उसी दौरान बाइक फिसलकर खाई में गिर गई। जिससे सचिन की मौत हो गई। उसके बाद लगुन का प्रोग्राम केन्सिल हो गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक का फाइल फोटो



जांच पड़ताल करती पुलिस व मृतक के परिजन

# चोरों ने खाली मकान से लाखों के जेवरात व घरेलू सामान किया पार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने खाली मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी पार कर दी। इसके अलाली चोर गैस सिलेंडर व कपड़े, बर्तन आदि भी चोरी कर ले गये। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार सोमवार की रात कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम नगला महानंद निवासी राम औतार सिंह गांव के अंदर बने मकान में ताला लगाकर पत्नी बिट्टा देवी के साथ गांव के बाहर बने दूसरे मकान में सोने चला गया था। घर खाली पाकर चोरों ने मुख्य दरवाजे का कुंडा काटकर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने नीचे बने दो कमरों में से पहले का कुंडा तोड़ा और बक्से में रखे 15,000 रुपए नकद चुरा लिए। दूसरे कमरे से राम औतार की बेटी नीलम के बक्से में रखे सोने के झाले, तीन सोने की अंगूठी, दो जोड़ी पायलें और एक सोने की चेन पार कर दी। इसके बाद चोर मकान के ऊपर बने कमरे में पहुंचे। वहां उन्होंने अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे जेवर भी चुरा लिए। सुबह जब राम औतार की पत्नी अंदर वाले मकान में पहुंचीं, तो उन्होंने कुंडा टूटा हुआ देखा और तुरंत अपने पति को घटना की जानकारी दी। राम औतार ने बताया कि लगभग 8 से 10 लाख रुपए मूल्य के 6 तोला सोने के जेवरात, 1 किलो चांदी, 15,000 रुपए नकद, एक गैस सिलेंडर, कपड़े और बर्तन चोरी हुए हैं। राम औतार ने घटना की सूचना 112 पुलिस को दी। सूचना मिलने पर 112 नंबर पुलिस और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गयी। तहरीर मिल गयी है। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।



चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान

# पिकअप की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त, बड़ा हादसा टला



छत की दीवार से टिका क्षतिग्रस्त पोल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरसिंहपुर गहरवार में एक पिकअप की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया। पोल टूटकर एक मकान पर गिर गया। जिससे छत की दीवार टूट गई। हालांकि उस समय छत पर किसी के मौजूद न होने से बड़ा हादसा टल गया।

घटना के बाद गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जानकारी के अनुसारए पिकअप चालक गांव-गांव कबाड़ खरीदने का काम करता है। वह अपनी गाड़ी बैक कर रहा था, तभी गाड़ी बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे खंभा टूट गया। टूटा हुआ खंभा सामने बने हरिनंदन के मकान पर जा गिरा। इससे उनके मकान की छत पर बनी बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त हो गई।

हरिनंदन ने बताया कि उन्हें लगभग 25,000 रुपए का नुकसान हुआ है। विद्युत विभाग के अमृतपुर जेई शिवम तिवारी ने बताया कि क्षतिग्रस्त पोल को ठीक करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# पुलिस ने दो घंटे में बरामद की चोरी गई बाइक



वीरेंद्र शाक्य को बाइक सौंपती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने तत्परता का परिचय देते हुए चोरी गयी बाइक को महज दो घंटे के अंदर बरामद कर लिया। इससे पीड़ित ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद निवासी वीरेंद्र शाक्य सोमवार सुबह थाना मऊदरवाजा क्षेत्र अंतर्गत मंडी अर्रा पहाड़पुर में सब्जी बेचने आया था। इसी दौरान करीब 7:00 बजे उसकी बाइक मंडी से चोरी हो गयी। वीरेंद्र शाक्य ने तत्काल इसकी सूचना बीबीगंज चौकी इंचार्ज नितिन कुमार को दी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने अपनी टीम के साथ मोटरसाइकिल की खोजबीन शुरू कर दी। गहन तलाशी के बाद पुलिस टीम को चोरी हुई मोटरसाइकिल रेलवे क्रॉसिंग के निकट झाड़ियों में खड़ी मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया। मोटरसाइकिल बरामद होने पर वीरेंद्र शाक्य ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। चौकी इंचार्ज नितिन कुमार के साथ कॉन्स्टेबिल सौरभ चौधरी, कॉन्स्टेबिल विनीत चौधरी, नरेश शामिल थे। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई पर नागरिकों ने चौकी इंचार्ज की प्रशंसा की।

# गैंगेस्टर के मामले में दो आरोपियों पर दोष सिद्ध

▸ सजा के बिंदु पर 27 नवंबर की तिथि नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने प्रदीप पुत्र रामऔतार, राजपाल उर्फ राजू पुत्र डम्बर निवासीगण रमापुर जसू शमशाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 नवंबर की तिथि नियत की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते 23 वर्षो पूर्व थाना शमशाबाद के तत्कालीन थानाध्यक्ष प्रवेश चन्द्र ने समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत प्रदीप, दामोदर, राजपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त आरोपी समाज में भय व्याप्त कर अवैध धन अर्जित कर भौतिक लाभ लेते थे। क्षेत्राधिकारी कायमगंज के आदेशानुसार जिसकी विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक ने करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने प्रदीप, राजपाल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 नवंबर की तिथि नियत की है।




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

## मार्ग दुर्घटना में तीन घायल




**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज के ग्राम बहोरन नगला निवासी धनीराम का 20 वर्षीय पुत्र प्रदीप एवं संतराम का 21 वर्षीय पुत्र अभिषेक मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। दोनों परिवारी युवक बाइक से फर्रुखाबाद जा रहे थे रास्ते में बरझाला के निकट मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से घायल हो गए। एमटी सुनील ने घायलों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां अभिषेक की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक अन्य घटना में कोतवाली फर्रुखाबाद की गिहार बस्ती निवासी 58 वर्षीय कश्मीर दुर्घटना में घायल हो गए। कश्मीर ई-रिक्शा लेकर नेकपुर पुल से गुजर रहे थे, तभी ट्रक चालक ने रिक्शे में टक्कर मार दी। एमटी पंकज ने घायल को लोहिया अस्पताल पहुंचाया।

# ट्रैक्टर पोल से टकराया, युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पोल से जा टकरायी। जिससे युवा चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे लेकर लोहिया पहुंची। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम छेदा नगला निवासी 22 वर्षीय विकास राजपूत पुत्र हेतराम राजपूत की ट्रैक्टर दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। विकास राजपूत ट्रैक्टर चलाने का कार्य करता था। बीती रात वह कम्पिल से खाद से उतारकर वापस लौट रहा था।

देर रात थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम बरौन के निकट अचानक उसका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि विकास राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उसकी पत्नी करिश्मा, मां संतोषी देवी सहित परिजन रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।



लोहिया अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन

# मौसम में तेजी से हो रहा परिवर्तन स्वास्थ्य पर पड़ रहा भारी



सीएचसी में जांच करवाकर दवा लेते ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव के चलते सीएचसी में सर्दी, खासी, जुकाम, बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चों वृद्ध लोगों की तादात ज्यादा दिखायी दे रही है। चिकित्सक ने ग्रामीणों को दवा देकर एतियात बरतने की सलाह दी है। नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को करीब 180 ग्रामीण पहुंचे। जिनमें अधिकांश जुकाम, सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित थे। चिकित्सक ने सभी की जांच कर उचित दवायें दीं। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को सलाह दी कि सर्दी बढ़ रही है। ऐसे में विशेष एतियात बरतने की जरुरत है। जरा सी लापरवाही आपके स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। इसलिए विशेष सावधान बरतें। ग्रामीणों ने लाइन में लगकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाया और दवायें प्राप्त कीं। चिकित्साधिकारी डॉक्टर लोकेश शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन मौसम में हो रहे बदलाव के कारण मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने बताया कि ओपीडी का आंकड़ा 180 तक पहुंच रहा है। स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले सभी मरीजों की जांच की जा रही है और उन्हें उचित दवाएं प्रदान की जा रही हैं।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने दिल्ली में किया प्रदर्शन

- शीतकालीन सत्र के दौरान संसद के घेराव का ऐलान
- फर्रुखाबाद के शिक्षकों ने लिया भाग



प्रदर्शन के दौरान शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता से छूट दिए जाने की मांग को लेकर देशभर के 22 राज्यों के करीब एक लाख से अधिक शिक्षकों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। 28 शिक्षक संगठनों के द्वारा संयुक्त रूप से गठित अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनरतले शिक्षकों ने सरकार को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि संसद के शीतकालीन सत्र में सेवारत शिक्षकों को टीईटी से मुक्त किए जाने संबंधी संशोधित अध्यादेश पारित नहीं किया जाता है तो देशभर के लाखों अध्यापक संसद का घेराव करेंगे।

आरटीई लागू होने से पूर्व के नियुक्त अध्यापकों को टीईटी से छूट दिए जाने का अध्यादेश पारित किया जाए। धरना प्रदर्शन में अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक बासवराज गुरिकर, सह संयोजक एवं यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर, प्रदेश संगठन मंत्री यादवेन्द्र शर्मा ने संबोधित किया। वहीं फर्रुखाबाद यूटा के जिलाध्यक्ष पियूष कटियार एवं महामंत्री पंकज यादव के नेतृत्व में अनुराग भदौरिया, आलोक यादव, मनीष यादव, संजीव, राकेश सहित सैंकड़ो की संख्या में पहुंचे शिक्षकों ने प्रभावी प्रतिभागिता की कर शिक्षकों की आवाज को बुलन्द किया।

# सपा ने बूथों पर भरवाये एसआईआर फार्म




बूथ पर मौजूद जिलाध्यक्ष व महासचिव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी द्वारा एसआईआर फार्म भरवाने के लिए बूथ लगाकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने नगर क्षेत्र के विभिन्न बूथ चीनी ग्रान, बजरिया एवं भीकमपुर के बूथ का निरीक्षण किया। जिला महासचिव इलियास मंसूरी भी साथ मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष ने वहाँ उपस्थित बीएलओ से मतदाता पुनरीक्षण हेतु प्राप्त पत्रों की विधिवत जानकारी ली तथा बूथों पर तैनात सभी बीएलए को मुस्तैदी के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने समस्त ब्लॉक प्रहरियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे प्रतिदिन अपने-अपने बूथों का निरीक्षण करें तथा अपने परिधि क्षेत्र में आने वाले सभी बीएलए से समन्वय स्थापित कर दैनिक रिपोर्ट तैयार करें।

# बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने की अनूठी जन स्वास्थ्य पहल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी

शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने को लेकर जनपद में एक अनूठी जन स्वास्थ्य पहल की गयी है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम का सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में भव्य शुभारम्भ किया गया। अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रंजन गौतम ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की कुल मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पर नियंत्रण के लिए स्टॉप डायरिया कैम्पेन (डायरिया रोको अभियान) चलाया जा रहा है, जिसे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम से और बल मिलेगा। इसके तहत समुदाय में जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि दस्त प्रबन्धन को पूरी तरह प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने चिकित्सकों और सहयोगी संस्थाओं से अपील की कि डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में दिल लगाकर कार्य करें। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राजेश माथुर ने कहा कि डायरिया की शुरुआत में ही पहचान कर ओआरएस का घोल दिया जाए तो गंभीर स्थिति तक पहुँचने से बच्चे को बचाया जा सकता है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 दीपक कटारिया ने डायरिया की स्थिति में ओआरएस और जिंक देने की मात्रा के बारे में भी लोगों को जागरूक करने पर बल दिया।

इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सर्वेश यादव, जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कंचन बाला, पीएसआई इंडिया से विभीषण भुयन, राम कुमार तिवारी, अनुपम मिश्र, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग के साथ ही नगर पालिका के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राम जन्मभूमि मंदिर ध्वजारोहण समारोह में विहिप कार्यकर्ता हुए रवाना



राम जन्म भूमि रवाना होते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ध्वजारोहण समारोह के लिए श्रद्धालुओं एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रस्थान किया।

विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अखिलेश मिश्र ने पूजन कर एवं सभी को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी एवं जिलाध्यक्ष मुकेश बाथम, अभिषेक शाक्य, रोहन मिश्रा ने नारियल फोड़कर शुभ यात्रा की शुरुआत की। राम जन्म भूमि पहुंचने के लिए हिन्दूवादी नेता रवाना हुए और ध्वजारोहण समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया और पुष्प वर्षा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर सिद्धांत सिंह, मनजीत यादव, रुक्मंगल सिंह, अंश भारद्वाज, श्रीनिवास चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने जीते मेडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मेडल व प्रमाण पत्र के साथ विजेता खिलाड़ी

10वीं वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकन फेडरेशन आफ फर्रुखाबाद प्रतियोगिता का आयोजन मदर मेमोरियल पब्लिक स्कूल मोहम्मदाबाद में किया गया। कराटे एसोसिएशन ऑफ फर्रुखाबाद से एप्रूव्ड थी। मुख्य अतिथि किशोर कल्याण बोर्ड की सदस्य सुमन राठौर, जिला कराटे संघ के सचिव पारस भारद्वाज व कराटे संघ की उपाध्यक्ष रही। प्रतियोगिता में 200 बच्चो ने भाग लिया।

गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में अर्पित चंदेल, प्रिंस कुमार, आराध्या सिंह, आराध्या पाल, अनमोल वर्मा, समरथ सिंह, राधिका वर्मा, यथार्थ शाक्य, आदर्श सिंह, आर्यन बिसेन, प्रज्ञा चतुर्वेदी, अभ्या गुप्ता, चेतन सिंह, सक्षम रस्तोगी, अनन्या भारद्वाज, आदित्य पाल, पाखी सक्सेना, अर्पिता भारद्वाज के नाम शामिल है। वहीं सिल्वर मेडल प्राप्त करने वालों में उमंग तिवारी, गगन पाल, अंश शुक्ला, देव राजपूत, योगिता, सूर्यांश शाक्य, आयुष सिंह, सिद्धार्थ चतुर्वेदी, देवांश यादव, अंशिका, आम्रता पाल, लव प्रताप, फराज प्रताप, आरव शुक्ला, दिया राठौर, तान्या बिसेन, सुंदरम शाक्य, गगन पाल, आर्य दुबे, वीर सिंह, तानिशका के नाम शामिल है। वहीं ब्रॉउन मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों में वरदान गुप्ता, अक्षत मिश्रा, विराट वर्मा, शौर्य बिसेन, अर्पित सिंह, युवराज बिसेन, रोहित, अम्बुज प्रताप, कृष्णा, दर्श गुप्ता, सेजल राठौर, आर्निका, कृष्णा सक्सेना, अर्पित पाल, आकर्ष यादव, वेदिका वर्मा, अदिति, खुशी दुबे, आदित्य चतुवेदी के नाम शामिल रहे। सभी बच्चों को मुख्य अतिथियों ने मेडल व प्रमाण पत्र वितरित किये।

सचिव ने कहा की जो बच्चे मेडल जीते है उनकी मेहनत रंग लायी वह और मेहनत करें और जनपद व प्रदेश का नाम रोशन करे। सुमन राठौर ने कहा कि कराटे कला आत्मरक्षा के साथ-साथ प्रतियोगिता में जीतने पर प्रोत्साहन मिलता है, बच्चे इसी तरह मेहनत करें और अपने माता-पिता का नाम रोशन करे। संचालन विष्णु सक्सेना ने किया। इस मौके पर पुष्कर भारद्वाज रेफरी, विष्णु सक्सेना, कृष्णा गुप्ता, उमंग तिवारी,अर्पिता भारद्वाज, पाखी सक्सेना, तनिष्का दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# बाल अपराधों के प्रति किया जागरुक



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान 5.0 जन जागरूकता कार्यक्रम माता चंद्रावती इंटर कॉलेज, रामपुर डफरपुर में किया गया। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत द्वारा बालिकाओं एवं बालकों को सरकार द्वारा संचालित सभी टोल फ्री नंबर बताए गए। सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के पम्पलेट वितरण कर योजनाओं की जानकारी दी एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूक किया। बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम परिणाम के बारे में छात्र एवं छात्रों को जागरूक किया। कमलेश कुमारी इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, शिव कुमार राजपूत प्रधानाचार्य, राम अवतार सिंह, रामबक्स, अंकित सक्सेना, नरेंद्र कटियार, योगेश कुमार, अभिजीत कुमार पाल, खुशी गुप्ता, सौम्या त्रिवेदी, सौम्या मिश्रा, निधि राजपूत, दिव्यांजलि, पूर्णिमा शर्मा, पवन यादव, सोनी श्रीवास्तव, लक्ष्मी शाक्य, प्रांजल गुप्ता, मुस्कान, भूमि, पल्लवी, उजमा, फातिमा, रीतम शाक्य, मऊदरवाजा से इंस्पेक्टर महिला आरक्षी एवं कांस्टेबल आदि लोग उपस्थित रहे।

# ब्यूटी प्रैक्टिशनर के प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किये गये प्रमाण पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




प्रमाण पत्र के साथ मौजूद प्रशिक्षणार्थी

बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में 35 दिवसीय (लघु उद्यमी) जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण का समापन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव रही। 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। आरसेटी निदेशक ओमेन्द्र सिंह व संकाय सदस्य दिव्यांशु मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

निदेशक ओमेन्द्र सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 588 प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न कार्यक्रमों जैसे वीमेन टेलर, जूट प्रोडक्ट मेकिंग, होममेड अगरबत्ती मेकिंग, कैंडल मेकिंग आदि में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आरसेटी निदेशक ने बताया की जल्द ही संस्थान में निःशुल्क सेलफोन रिपेयरिंग, डेयरी फार्मिंग एवं सॉफ्ट टॉय मेकिंग का प्रशिक्षण शुरू होने जा रहा है। जिसके लिए पंजीकरण शुरू हो चुके है, जिसमें जनपद के 18 से 45 वर्ष के युवा निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अपना पंजीकरण करा सकते है। कार्या0सहा0 सोमेश शर्मा ने बताया प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को पाठ्य सामग्री, ड्रेस, इत्यादि सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। इस अवसर पर आरसेटी संकाय सदस्य योगेन्द्र पाल, कार्यालय सहायक राहुल कुमार, अटेंडर अभिलाष कुमार व अन्य 30 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# रिया करेंगी राष्ट्रीय शतरंज मंच पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व

- 69वीं प्रदेशीय शतरंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्रा रिया वर्मा

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर की मेधावी छात्रा रिया वर्मा ने अपने शानदार खेल कौशल के दम पर 17 वर्षीय आयु वर्ग की उत्तर प्रदेश विद्यालय शतरंज टीम में जगह बनाई। अब वह त्रिपुरा के अगरतला में होने वाली 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में जिले और प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिले का नाम एक बार फिर शिक्षा और खेल के क्षेत्र में रोशन हुआ है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर की कक्षा 11 की छात्रा रिया वर्मा का चयन 17 वर्षीय आयु वर्ग की उत्तर प्रदेश विद्यालय शतरंज टीम में होने से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर। यह चयन अलीगढ़ में आयोजित 69वीं प्रदेश की शतरंज प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ। प्राचार्य डॉ0 भीमराव अंबेडकर राज्य क्रीड़ा संस्थान अयोध्या से मिली अधिकारी सूचना के अनुसार 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता 27 से 30 नवंबर तक अगरतला त्रिपुरा में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए उत्तर प्रदेश की टीम 23 नवंबर को अयोध्या से त्रिपुरा के लिए रवाना हो गई है। जिला क्रीड़ा सचिव ने बताया कि रिया ने प्रदेश स्तर पर अद्भुत प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने विश्वास जताया है कि रिया राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगी रिया की उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई एवं विद्यालय समिति के अध्यक्ष उदय पाल सिंह, प्रबंधक गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गुरविंदर सिंह व जिला क्रीड़ा समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने भी रिया को शुभकामनाएं देते उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



महिलाओं व बालिका को जागरुक करती महिला पुलिस




जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व पुलिस कर्मी

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण इलाकों में महिलाओं व छात्राओं को जागरुक किया। थाना कम्पिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं को मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत सशक्त और जागरूक किया गया।

कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं को मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत सशक्त और जागरूक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई।

कोतवाली मोहम्मदाबाद व कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं को मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत जागरूक किया।

थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं को मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत सशक्त और जागरूक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। वहीं थाना राजेपुर पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरुक किया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जानकारी दी तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया।

# मां गंगा सेवा समिति ने महरुपुर में किया पौधरोपण



पौधरोपण करते समिति के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मां गंगा सेवा समिति वृक्षारोपण किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने महरुपुर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि सभी का दायित्व बनता है कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाये क्योंकि पौधे हमें ऑक्सीजन देते है, जलवायु देते है, शुद्ध हवा देते है, फल देते है। हम सब लोगों का दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर देश को हरा-भरा बनाने में सहयोग करें, जिससे हमें जरुरत के अनुसार ऑक्सीजन प्राप्त हो सके।

**INFORMATION**

I hitherto known as SACHIN KUMAR S/O RAMDAS, R/O GRAM RUTOUL, POST. RUTOUL, DIST. FARRUKHABAD, UTTAR PRADESH 209502, have changed my name and shall hereafter be ABHI KUMAR.

**ABHI KUMAR S/O RAMDAS, R/O GRAM RUTOUL, POST. RUTOUL, DIST. FARRUKHABAD**

# मंगलवार अवकाश के दिन खुले रहेंगे मतदेय स्थल

- मंगलवार को बूथ लेवल अधिकारी अपने बूथ एरिया में रहेंगे उपस्थित
- सभी नगर निकायों में वार्ड वार-मोहल्ला वार विशेष हेल्प डेस्क कैम्प किये जायेगें आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशशुनसार विधानभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य प्रचलित है। 4 नवम्बर से दिनांक 04 दिसम्बर तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों निर्वाचक नमावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर गणना प्रपत्र वितरित कर उनको संग्रह करने तथा बी0एल0ओ0 एप के माध्यम से अपलोड करने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्य हेतु 25 नवम्बर मंगलवार अवकाश के दिन जनपद के समस्त विद्यालय/कालेज जिसमें मतदेय स्थापित है, खुले रहेंगे। मंगलवार को बूथ लेवल अधिकारी अपने बूथ एरिया में उपस्थित रहेंगे साथ ही सभी नगर निकायों में वार्ड वार/मोहल्ला वार विशेष हेल्प डेस्क/कैम्प आयोजित किये जायेगें। जिसमें बीएलओ के साथ निकाय के कर्मचारी सभासद व चेयरमैन व ब्लाक स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जिन अधिकारियों की ड्युटी लगाई है वे अपने अपने आबंटित क्षेत्र में भ्रमण करते हुए गणना प्रपत्रों का अधिक से अधिक संग्रह कराते हुए डिजिटाइज्ड कराना सुनिश्चित करेंगे।

समस्त निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा भ्रमण हेतु नियुक्त किये गये, जिला स्तरीय अधिकारियों को आदेशित किया जाता है कि बीएलओ एवं सुपरवाइजर के कार्यो का निरन्तर पर्यवेक्षण करेगें एंव उन्हें आबंटित क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए बीएलओ, सुपरवाइजर की उपस्थिति सुनिश्चित करायेगें।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार वृद्धा की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में हादसे में घायल वृद्धा कमलेश कुमारी की मौत हो गई। जनपद एटा थाना राजा का रामपुर के मड़िया चौराहा निवासी ओमप्रकाश अपनी 60 वर्षीय पत्नी कमलेश कुमारी के साथ कायमगंज में दावत खाकर बाइक से घर वापस जा रहे थे। रास्ते में कम्पिल रोड से जाते समय गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल वृद्धा को कायमगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। ईएमटी सुनील ने वृद्धा को कायमगंज से लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने कमलेश कुमारी को मृत घोषित कर दिया। हादसे में ओमप्रकाश को भी चोटें आयी हैं।

**कार्यालय ग्रा0पं0 भगौरा वि0ख0 नवाबगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 24/11/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वा वित्त योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत भगौरा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादातायों से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25/11/2025 से 01/12/2025 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01/12/2025 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रामसरन के घर से बलवीर के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 1.45 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान-(संजीव कुमार)   ग्रा0पं0 भगौरा, वि0ख0 नवाबगंज   सचिव-(आकांक्षा सक्सेना)**

**कार्यालय ग्रा0पं0 चांदपुर वि0ख0 नवाबगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 24/11/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत चांदपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादातायों से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25/11/2025 से 01/12/2025 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01/12/2025 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | प्रा0पा0 चांदपुर में इंटरलाकिंग कार्य | 2.38 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | पवन के घर से लालाराम के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 1.19 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान-(बबिता सिंह)   ग्रा0पं0 चांदपुर, वि0ख0 नवाबगंज   सचिव-(आकांक्षा सक्सेना )**

## खबरें एक नजर में

### बुजुर्ग दंपती को मारपीट कर घायल करने वाले दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, डण्डा एवं लोहे की रोड बरामद



**बांदा।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रात्रि को थाना बबेरू पुलिस द्वारा दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जिनके द्वारा एक बुजुर्ग दंपती को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।गौरतलब हो कि कुछ दिन पूर्व कस्बा बबेरू क्षेत्र में दो व्यक्तियों द्वारा एक बुजुर्ग दंपती को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके संबंध में बुजुर्ग दंपती के पुत्र द्वारा थाना बबेरू पर प्रारंभिक अभियोग पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में पीड़ित बुजुर्ग दंपती की चिकित्सीय परीक्षण (मेडिकल रिपोर्ट) में दर्शित चोटों की प्रकृति, घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों तथा प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयानों के आधार पर अभियोग में विधिक रूप से आवश्यक गंभीर धाराओं की वृद्धि की गई थी। इसी क्रम में मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना बबेरू पुलिस द्वारा शिवाजी चौक अतर्रा रोड मोहल्ला अम्बेडकर नगर कस्बा बबेरू से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों की निशान देही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डण्डा व लोहे की रोड बरामद हुयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों में संजय पुत्र अशोक निवासी भभुवा थाना मरका जिला बांदा व अभिलाष पुत्र कमल निवासी अरथरा थाना बबेरू जनपद बांदा है।

### आवारा गौवंश से परेशान किसान, सीएम को भेजा ज्ञापन



**जसपुरा/बांदा।** ब्लाक जसपुरा के दर्जनों गाँवों के लगभग दो हजार किसान परिवार इन दिनों आवारा गौवंश की समस्या से बेहद परेशान हैं। डाडमऊ, चौकीपुरवा, मरझा, पडेरी, झंझरीपुरवा, अरखन डेरा, जसपुरा, रामपुर भाथा, झंझरी और तनगामऊ सहित कई गांवों के किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर स्थायी समाधान की मांग की है। सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले के अनुसार क्षेत्र में करीब 300 आवारा गाय और सांड छोटे-छोटे झुंडों में घूमते रहते हैं,जो फसलों को भारी नुकसान पहुँचा रहे हैं।किसानों ने बताया कि ठंड के इस मौसम में उन्हें रात-रात भर जागकर अपने खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है।कई किसान तो आवारा पशुओं को खदेड़ते समय हमलों का भी शिकार हो चुके हैं।इन्होंने कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है,जिससे किसान परिवारों में रोष और निराशा बढ़ती जा रही है।किसानों ने उपजिलाधिकारी पैलानी अंकित वर्मा को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि वर्षों से गौवंश संरक्षण की योजनाएँ चल रही हैं,लेकिन जमीन स्तर पर उनका कोई स्थायी प्रभाव दिखाई नहीं देते। गौशालाओं में क्षमता सीमित होने तथा उचित प्रबंधन न होने से आवारा जानवर गांवों और खेतों में घूम रहे हैं इससे न सिर्फ फसलें बर्बाद हो रही हैं बल्कि किसानों की जान भी जोखिम में पड़ रही है।किसानों ने मांग की है कि क्षेत्र में स्थायी गौ-आश्रय स्थल की व्यवस्था की जाए तथा मौजूदा गौशालाओं को सक्रिय कर आवारा पशुओं को तुरंत वहाँ भेजने की कार्रवाई की जाए।

### एसआईआर में बेहतर कार्य करने पर बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**बांदा।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी बांदा जे. रीभा ने आज कलेक्ट्रेट में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025 के कार्य में बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में कार्य करने वाले बीएलओ क्रमशः राजेश कुमार सहायक अध्यापक 233-विधानसभा क्षेत्र बबेरू, रमेश कुमार सहायक अध्यापक 233-विधानसभा क्षेत्र बबेरू, आदित्य रिछारिया सहायक अध्यापक 232-विधानसभा क्षेत्र तिन्दवारी, कमलेश कुमार सहायक अध्यापक 234-विधानसभा क्षेत्र नरैनी तथा गायत्री देवी शिक्षामित्र 235-विधानसभा क्षेत्र बांदा को विधानसभा निर्वाचक नामावली में बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इसी प्रकार अन्य बीएलओ भी अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को सम्पादित करें इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि/रा कुमार धर्मेन्द्र एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अपर रजिस्ट्रार उपस्थित रहे।

### जनपद में चलाया गया सघन बैंक चेकिंग अभियान



**बांदा।** पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली घटनाओं- लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए आज जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों आदि को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया एवं 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हें बैंक का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करना का आश्वासन दिया गया। बैंक सुरक्षा गार्डों को भी निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम/बैंकों/ वित्तीय संस्थानों आदि के आसपास संदिग्ध रूप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों तथा संदिग्ध रूप से खड़े वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।

### बार एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

**इटावा।** जिले में तहसीलों में बढ़ते भ्रष्टाचार और न्याय व्यवस्था की अनदेखी को लेकर अब अधिवक्ता समुदाय खुलकर विरोध में आ गया है। सोमवार को जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और करीब आधा सैकड़ा अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर गंभीर आरोपों से भरा ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसीलों में आम नागरिकों और किसानों से कार्य करवाने के बदले अवैध वसूली की जा रही है, फाइलें बिना धन लिए आगे नहीं बढ़ती और राजस्व संबंधी मामलों में पारदर्शिता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। ज्ञापन में 20 नवंबर को हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा गया कि तहसील में जमीन से जुड़े विवाद को लेकर एक किसान सरकारी दफ्तर में गया था। उसी दौरान लेखपाल और कानूनगो द्वारा किसान के साथ कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और विवाद बढ़ने पर किसान से मारपीट तक की गई। घटना के बाद किसान काफी देर तक तहसील में न्याय की गुहार लगाता रहा, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। इस मामले ने अधिवक्ताओं में रोष पैदा कर दिया और इसी के बाद कार्रवाई की मांग को लेकर अधिवक्ता लामबंद हुए। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने कहा जिले की तहसीलों में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। किसान, गरीब और जरूरतमंद लोग चक्कर लगाते रहते हैं लेकिन बिना पैसे उनकी सुनवाई नहीं होती। 20 नवंबर की घटना प्रशासन की विफलता को उजागर करती है। दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई और भ्रष्टाचार नहीं रुकता है तो जिला बार एसो. आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### 60 यात्रियों से भरी बस दीवार तोड़ते हुए घुसी, कई यात्री घायल

**इटावा।** 60 यात्रियों से भरी बस बेकाबू होकर दीवार से टकरा गई। हादसे में 33 यात्री समेत दो गार्ड घायल हो गए। 80 की स्पीड में दौड़ रही 30 सीटर बस में सवारियों को ठुस-ठुस कर बैठाया गया था। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से यात्रियों को बाहर निकाला। सभी घायलों को इलाज के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। बस इटावा से मैनपुरी के लिए जा रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से टूट गया। हादसा रविवार दोपहर वैदपुरा के मदर डेयरी के पास हुआ। इसका सीसीटीवी फुटेज आज सामने आया है। प्राइवेट बस इटावा रेलवे स्टेशन बाहर से सवारियां भरती है। इसकी क्षमता 30 लोगों को बैठाने की है, लेकिन रोज की तरह रविवार को भी इसमें 60 यात्री बैठा दिए गए। बस दोपहर करीब सवा दो बजे इटावा से सवारी भर कर निकली। करीब तीन बजे वैदपुरा के पास बनी मदर डेयरी गेट से जा टकराई। मदर डेयरी इटावा शहर से लगभग 12 किमी दूर है। यह बस इटावा से कुनेरा, वैदपुरा, हैवरा, सैफई, करहल होते हुए मैनपुरी तक जाती है। हादसे में ड्यूटी पर तैनात मदर डेयरी के दो गार्ड भी टक्कर की चपेट में आने से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस के आगे चल रही कार ने अचानक ब्रेक लगा दिया। उसे बचाने की कोशिश में बस चालक नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार के कारण गाड़ी सीधे गेट से जा टकराई। यात्रियों ने बताया कि बस चल रही थी तभी अचानक बाईं तरफ मुड़ी। हम लोग संभल पाते तब तक जोरदार टक्कर हुई। बस में चीखपुकार मच गई। बस में महिलाएं बच्चे भी सवार थे। मदर डेयरी के गार्ड रमन शर्मा ने बताया कि बस इतनी स्पीड में थी कि टक्कर होने के बाद भी रुकी नहीं। ड्यूटी पर तैनात साथी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सैफई के सीओ कुशलपाल सिंह ने बताया कि बस को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ चल रही है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना गया है। हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस में भेजने में मदद की।

# आयुक्त ने एसआईआर कार्य एवं स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल, बांदा अजीत कुमार द्वारा तहसील सदर, बांदा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य हेतु स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर 20 ऑपरेटर डिजिटाइजेशन कार्य में संलग्न पाए गए। वर्तमान में 19.11 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। आयुक्त ने उपजिलाधिकारी, बाँदा सदर को निर्देशित करते हुए कहा कि बीएलओ स्तर पर कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है, जिस पर तत्काल सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बीएलओ के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए तथा तहसील स्तर पर पर्याप्त मानव संसाधन की तैनाती कर निर्धारित समयावधि में कार्य को पूर्ण कराया जाए।

इसके उपरान्त आयुक्त द्वारा जनपद हमीरपुर की तहसील राठ स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया, जहाँ 13 कर्मचारी डिजिटाइजेशन कार्य करते हुए पाए गए। वर्तमान तक यहाँ 29.35 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य संपन्न हो चुका है। आयुक्त ने फार्म डिजिटाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो बीएलओ देवरिषि शर्मा (भाग संख्या 263) प्रगति 66प्रतिशत एवं महेश कुमार (भाग संख्या 297) प्रगति 61 प्रतिशत की सराहना की। साथ ही मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी, राठ को भी उनके कुशल पर्यवेक्षण हेतु प्रशंसा प्रदान की। निरीक्षण के क्रम में आयुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, राठ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सक समय से उपस्थित पाए गए तथा केन्द्र में साफ-सफाई, पेयजल, दवाओं की उपलब्धता तथा सीसीटीवी संचालन की स्थिति संतोषजनक पाई गई। मरीजों द्वारा अवगत कराया गया कि केन्द्र पर शव वाहन उपलब्ध नहीं है। इस पर आयुक्त ने केन्द्र प्रभारी को शव वाहन की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी ठंड से बचाव हेतु पूर्व तैयारी एवं आवश्यक सुविधाओं की निरंतर सुचारु स्थिति बनाए रखने के निर्देश भी प्रदान किए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा के अनुरूप विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण अभियान का उद्देश्य प्रत्येक स्तर पर कार्य की वास्तविक प्रगति का आकलन कर उसे सुदृढ़ बनाना है, ताकि जनता को सटीक एवं विश्वसनीय चुनाव संबंधी सुविधाएँ समय पर उपलब्ध हों। आयुक्त ने यह भी कहा कि उनकी इस पहल का मकसद प्रशासनिक तंत्र में उत्साह, अनुशासन तथा कार्यप्रणाली में तीव्रता लाना है, जिससे पूरे मण्डल में कार्य सुचारु एवं प्रभावी ढंग से पूरा हो सके।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई अतर्रा की मासिक बैठक संपन्न



**अतर्रा/बांदा।** रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई अतर्रा की मासिक बैठक सरस्वती बालिका इंटर कालेज बाँदा रोडअतर्रा में आपसी संवाद और दायित्वों की समीक्षा के साथ सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष अवधेश शिवहरे ने की।

बैठक में पत्रकार दिनेश कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश गौतम, आलोक गर्ग, प्रवीण द्विवेदी, संजुल द्विवेदी, अरविंद कुशवाहा, रामबाबू विश्वकर्मा, शरद गुप्ता अनूप गुप्ता सी पी सरगम नंदकुमार आनंद बृज गोपाल गुप्ता राम प्रकाश गुप्ता ज्ञानेंद्र गुप्ता गौरी शंकर गुप्ता उमेश यादव सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठनात्मक मजबूती, क्षेत्र की जमीनी समस्याओं पर संवाद, तथा पत्रकारों की सुरक्षा और जिम्मेदारियों पर चर्चा हुई। आगामी 30 नवम्बर को जिले में प्रस्तावित त्रैमासिक बैठक की तैयारियों और एजेंडा पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष शिवहरे ने सभी सदस्यों से संगठनात्मक एकजुटता बनाए रखने और निष्पक्ष पत्रकारिता को प्राथमिकता देने की अपील की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

## नागरीय प्रचारक पुस्तकालय का निरीक्षण, पुस्तकों के सुरक्षित रखरखाव पर जोर

**बीडीए सचिव ने किया निरीक्षण**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को करीब 113 वर्षों से अधिक पुरानी दुर्लभ पुस्तकों को नरैनी रोड स्थित बांदा विकास प्राधिकरण में रखे जाने का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशन में सचिव, बांदा विकास प्राधिकरण, मदन मोहन वर्मा ने मोहन वर्मा में महोबा रोड पर भगवान संकट मोचन के पास स्थित नागरीय प्रचारक पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय के अंदरूनी भाग, अध्ययन कक्ष, रजिस्ट्रेशन काउंटर और संग्रहित पुस्तकों की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया। पुस्तकों की सुरक्षा, संरक्षण और व्यवस्थित रखरखाव को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। इस पुस्तकालय में संग्रहित पुस्तकों में क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक जानकारी और सामाजिक दस्तावेज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन मूल्यवान पुस्तकों को सुरक्षित स्थान से दूसरे स्थान तक संरक्षित रूप से पहुंचाना प्राथमिकता है, ताकि आने वाली पीढ़ी इसका लाभ उठा सके और ज्ञान का भंडार सुरक्षित रहे। सचिव, बांदा विकास प्राधिकरण, मदन मोहन वर्मा ने मोहन वर्मा के निरीक्षण के दौरान पुस्तकों की संख्या, उनकी स्थिति और संग्रह का रखरखाव देखा गया। उन्होंने निर्देश दिए कि पुस्तकों को क्रमबद्ध तरीके से सुरक्षित स्थान पर रखा जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। उन्होंने बताया कि भविष्य में पुस्तकालय का विस्तार किया जाएगा और इसमें नई तकनीकी सुविधाओं के साथ युवा पीढ़ी को अध्ययन और शोध के नए अवसर मिलेंगे। पुस्तकालय भवन का निर्माण 5 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, और इस परियोजना का श्रेय आयुक्त और जिलाधिकारी (डीएम) की पहल को जाता है। यह भवन न केवल पुस्तकों के सुरक्षित संग्रह का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र में अध्ययन और शोध के लिए भी उपयोगी साबित होगा। निरीक्षण में यह भी कहा गया कि पुस्तकालय में आने वाले छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए पढ़ाई और अध्ययन की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। सचिव मदन मोहन वर्मा ने कहा कि पुस्तकालय में रखी प्रत्येक पुस्तक को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संभाला जाएगा। इस कदम से बच्चों और युवाओं को अध्ययन और ज्ञान प्राप्ति के अवसर मिलेंगे और यह क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगा। पुस्तकालय का उद्देश्य न केवल पुराने और दुर्लभ ग्रंथों का संरक्षण है, बल्कि यह नई पीढ़ी को अध्ययन, शोध और ज्ञान की दिशा में प्रेरित करने का केंद्र बनेगा। इससे स्थानीय समुदाय में अध्ययन और शोध के महत्व को बढ़ावा मिलेगा।

## बांदा प्रेस ट्रस्ट के तत्वावधान में पत्रकार आयोग की मांग तेज

**भारतीय प्रेस परिषद को असीमित अधिकार देने व क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की आवाज़ बुलंद**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**





बांदा प्रेस ट्रस्ट के तत्वावधान में पत्रकारों के हितों और सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए आयुक्त के माध्यम से सरकार को विस्तृत ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकार आयोग के गठन की माँग तेज कर दी गई है। इसके साथ ही भारतीय प्रेस परिषद की शक्तियाँ असीमित करने और देशभर में क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना करने की भी पुरज़ोर मांग उठाई गई, ताकि पत्रकार सुरक्षा और शिकायत निवारण की प्रक्रिया तेज व प्रभावी हो सके। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि पत्रकारों के खिलाफ़ दुर्भावना से प्रेरित फ़र्जी मुकदमे दर्ज कराने वालों तथा साजिश रचने वालों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसे मामलों में शामिल अधिकारीदृकर्मचारी का वेतन भी तत्काल रोका जाए और दोष सिद्ध होने पर जेल भेजने तक की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी पत्रकारों के विरुद्ध दुरुपयोग या उत्पीड़न का हौसला न कर सके। ट्रस्ट ने यह भी मांग रखी कि गैर मान्यता प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं सक्रिय पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड, दुर्घटना बीमा, पेंशन सहित अन्य सरकारी सुविधाएँ दी जाएँ, ताकि फील्ड में जोखिम उठाते हुए काम करने वाले पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके। ट्रस्ट का कहना है कि दिल्ली स्थित प्रेस परिषद तक पहुँचना छोटे शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के लिए कठिन है। इसलिए राज्य व मंडल स्तर पर प्रेस परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किए जाएँ, ताकि जमीनी स्तर के पत्रकारों की शिकायतें तुरंत सुनी जाएँ और समयबद्ध कार्रवाई हो सके। बांदा प्रेस ट्रस्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगे नहीं मानी गई तो पत्रकार हितों की लड़ाई और तेज की जाएगी। ट्रस्ट ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारों की सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, यह अनिवार्यता है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारी ज्ञापन देने के दौरान ट्रस्ट के सह सचिव नवीन मिश्रा, जिलाध्यक्ष रमाकांत तिवारी, संगठन प्रमुख अनिल सिंह गौतम, महासचिव अंशू गुप्ता, मीडिया प्रभारी ललित विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अविनाश दीक्षित, जितेंद्र सिंह, दिलीप द्विवेदी, कोषाध्यक्ष पंकज शुक्ला, राहुल द्विवेदी, सचिव निर्मल शुक्ला, सुशील मिश्रा, संगीता, सनम खान सहित करीब दो दर्जन पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

## बीएलओ जनता को समय से फार्म उपलब्ध कराकर जमा करायें: शरद

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय जनता पार्टी के नेता व सभासद शरद बाजपेयी ने अपने आवास पर एक बार फिर दोबारा से कैम्प लगवाया और जनता के फार्म स्वयं भरे, शरद बाजपेयी ने एस आई आर फार्म भरवाने की संभाल स्वयं संभाल रखी है जिसमें सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री पूर्ण सहयोग कर रही हैं।

भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री जनता को समय से फार्म उपलब्ध कराकर जमा कराने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें क्योंकि कई जगहों से मेरे पास फार्म न पहुंचने की शिकायत आ रही है। बीएलओ इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कोई भी व्यक्ति छूटने न पाए और समय से फार्म जनता को उपलब्ध हो जाए, उन्होंने कहा कि जनता को फार्म भरने संबंधी कोई भी परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसलिए मैंने स्वयं जनता के फार्म भरकर जमा कराये हैं। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री डिम्पी शंखवार, शिवहरि दीक्षित, दीपक अग्रवाल, रज्जू, प्रदीप बाजपेयी, अजीत वर्मा, गोविन्द गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## चोरों ने लाखों के आभूषण व कीमती बर्तन चुराये



**भरथना, इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंअरा में बन्द सूने पड़े एक मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों के आभूषण व पीतल के कीमती बर्तन चोरी कर लिये। घर लौटे परिजन जब अंदर पहुँचे, तो पूरा सामान बिखरा देख दंग रह गए। मकान मालिक प्रमोद कुमार (40 वर्ष) नोएडा सेक्टर-59 में रहकर एक प्राइवेट कम्पनी में सिलाई का कार्य करते हैं। प्रमोद अपनी पत्नी शशि (38), बड़े बेटे विशाल (25), छोटे बेटे दीपक (20) तथा बहू निशा (23) के साथ नोएडा में रहते हैं। बीती दीवाली पर वह अपने घर कुंअरा त्यौहार मनाने आए थे, परिवार के साथ दीवाली का पर्व मनाकर वह दोबारा परिवार सहित नोएडा लौट गए थे। रविवार सुबह करीब 11 बजे मकान के समीप रहने वाली शशि की भतीजी रोशनी ने सूने मकान का ताला टूटा देखा और परिजनों को फेन पर सूचना दी। फ़ेन पर खबर मिलते ही प्रमोद और उनकी पत्नी शाम को ट्रेन से कुंअरा पहुँचे। मकान का ताला टूटा मिला और अंदर सारा सामान अस्त-व्यस्त बिखरा पड़ा था। अलमारी खंगाली गई और जेवरात व कीमती सामान गायब था। मकान मालिक के मुताबिक चोर करीब 5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण व पीतल के बर्तन उठा ले गए हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## भाई की हल्दी में सैफई पहुंचे अखिलेश यादव व डिंपल

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

**आज होगी आर्यना यादव की शादी**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चचेरे भाई आर्यन यादव की 25 नवंबर को शादी है। आर्यन की शादी सुप्रीम कोर्ट की वकील सेरिंग से हो रही है। इससे पहले रविवार को हल्दी और लग्नोत्सव हुआ। इसमें भाग लेने अखिलेश और डिंपल सैफई पहुंचे हैं। इस कार्यक्रम से जुड़ी कुछ फोटो-वीडियो भी अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इनमें अखिलेश, पत्नी डिंपल और चाचा शिवपाल के अलावा पूरा यादव परिवार एक साथ दिखाई दे रहा। एक वीडियो में अखिलेश यादव हाथ में खाने की प्लेट लिए बच्चों के पीछे लाइन में लगे दिख रहे हैं। पारिवारिक परंपराओं के साथ हुई हल्दी रविवार शाम सैफई में हल्दी और लग्नोत्सव के दौरान मुलायम परिवार के लोग और समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेता मौजूद रहे। इसमें सांसद आदित्य यादव, अक्षय यादव, धर्मेंद्र यादव, करहल से विधायक तेज प्रताप सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव भी शामिल थे। कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक सजावट, संगीत और मेहमाननवाजी ने माहौल में रंग भर दिया। अखिलेश यादव खुद खाने की प्लेट हाथ में लेकर खाना परोसते दिखे। इस दौरान परिवार के सभी सदस्यों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।

मुलायम सिंह के भाई के बेटे हैं आर्यन मुलायम सिंह यादव अपने 5 भाइयों में सबसे बड़े थे। आर्यन उनके तीसरे नंबर के भाई स्वर्गीय राजपाल यादव के बेटे हैं। आर्यन के बड़े भाई अभिषेक यादव उर्फ अंशुल इटावा जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। उनकी मां प्रेमलता यादव इटावा से जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। आर्यन की प्रारंभिक शिक्षा इटावा में हुई। इसके बाद उन्होंने डीपीएस, नोएडा से कक्षा-7 से 12 तक की पढ़ाई की। फिर दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीकॉम ऑनर्स करने के बाद वह इंग्लैंड चले गए। वहां कार्डिफ यूनिवर्सिटी से उन्होंने बीएससी (बिजनेस) की डिग्री हासिल की। साल- 2019 में उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) से मास्टर ऑफ कॉमर्स पूरा किया। इसी यूनिवर्सिटी से अखिलेश यादव ने भी हायर एजुकेशन हासिल की थी। आर्यन यादव की होने वाली दुल्हन सेरिंग के पिता रिंगजन अंगचुक लद्दाख के जाने-माने ठेकेदार हैं। सेरिंग खुद सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करती हैं। दोनों की रिंग सेरेमनी 15 दिसंबर, 2024 को दिल्ली में हुई थी। पहले शादी मार्च-2025 में होनी थी। लेकिन, जनवरी में आर्यन के पिता राजपाल यादव के निधन के बाद शादी की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया था। 25 नवंबर को होनी है शादी आर्यन की शादी 25 नवंबर (मंगलवार) को होनी है। इसके चलते तैयारियां जोरों पर हैं। पैतृक आवास और आसपास का क्षेत्र रोशनी, साज-सज्जा और पारंपरिक स्वागत व्यवस्था से जगमगा रहा है। सपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। शादी में प्रदेशभर से नेता, सपा समर्थक और लोगों के पहुंचने की संभावना है।

## सपा ने एसआईआर से लोगों को जागरूक किया

**इटावा।** सपा पार्टी कार्यालय पर एसआईआर प्रचार जागरूकता वाहन को सांसद जितेंद्र दोहरे व जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पदाधिकारियों के साथ एसआईआर के संबंध में आम जनमानस में जागरूकता लाने के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जिलामहामंत्री वीरू भदौरिया, एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, उपाध्यक्ष अनवर हुसैन, उत्तर सिंह प्रजापति, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, जिलासचिव प्रवीन कुशवाह, संतोष राठौर, राजेश यादव, दिनेश यादव शामिल हुए।

## सपा ने मतदाता सूची में अनियमितताओं पर ज्ञापन सौंपा

**पीएम का ध्वज फहराना चुनावी प्रचार: सांसद दोहरे**

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान में अनियमितताओं को लेकर सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिला निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की और शिकायत दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल में सांसद जितेंद्र दोहरे, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिलामहासचिव वीरू भदौरिया समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि बीएलओ बीएलओ द्वारा मतदाता गणना प्रपत्रों का वितरण बेहद धीमी गति से किया जा रहा है, जबकि अंतिम तिथि नज़दीक है। उनका कहना था कि कई क्षेत्रों में अभी तक आधे से कम प्रपत्र ही लोगों तक पहुंचे हैं, जबकि रिकॉर्ड में लगभग पूर्ण वितरण दर्शाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ क्षेत्रों में दो के स्थान पर केवल एक ही प्रपत्र दिया जा रहा है और जमा करते समय हस्ताक्षर भी नहीं लिए जा रहे हैं। नेताओं का कहना था कि बीएलओ गणना प्रपत्र भरने में सहायता नहीं कर रहे हैं और कंप्यूटर पर ऑनलाइन फीडिंग में अधूरा डाटा दर्ज कर रहे हैं। आरोप यह भी लगाया गया कि वर्ष 2003 के मतदाताओं का रिकॉर्ड फीड ही नहीं किया जा रहा है, जिससे आगामी



मतदाता सूची में हजारों लोग अपना नाम दर्ज कराने से वंचित हो सकते हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मांग की कि शीघ्र प्रभाव से प्रपत्रों का सही वितरण कराया जाए, और कंप्यूटर फीडिंग में केवल पूर्ण और सत्यापित जानकारी ही दर्ज की जाए, ताकि मतदाता सूची का त्रुटिरहित प्रकाशन हो सके। इसी दौरान इटावा के सांसद जितेंद्र दोहरे ने अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रामलला मंदिर में धर्म ध्वज फहराने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहली बार सुना है कि देश का प्रधानमंत्री धार्मिक परंपरा के तहत मंदिर में ध्वज फहराएगा। उन्होंने कहा कि पारंपरिक रूप से मंदिरों में ध्वज फहराने का कार्य साधु-संतों और शंकराचार्यों द्वारा किया जाता है, न कि किसी राजनीतिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा। विधायक राघवेंद्र गौतम, एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, उपाध्यक्ष अनवर हुसैन, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, जिला सचिव प्रवीन कुशवाह, राजेश यादव, दिनेश यादव शामिल हुए।